CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 10°C

लखनऊ, बुधवार 3 दिसम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 28 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हेराल्ड मामले में साजिश के तहत नई प्राथमिकी दायर : खड़गे पेज 2



आईपीएल 2026 की नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल और मोइन अली खेल टाइम्स



अब गेहूं खुद अपना उर्वरक बना सकेगा! सम्पादकीय




पाक के लिए भारत ने इंसानियत के नाते एयरस्पेस खोला पेज 12

## योगी कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्तावों को हरी झंडी

# उप्र में विकास के एजेंडे को मिलेगी रफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े 20 प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई। इस बैठक में जहां पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नई नियमावली को मंजूरी दी गई, वहीं अयोध्या में मंदिर संग्रहालय को हरी झंडी मिल गई है।



- **पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नई नियमावली मंजूर, अयोध्या में मंदिर संग्रहालय को भी स्वीकृति**
- **प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर डीडीआरसी की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी**

उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने लोकभवन में पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ पर्यटन सेवा नियमावली, 2025 को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। श्री खन्ना ने बताया कि इस निर्णय से पर्यटन विभाग की प्रशासनिक संरचना मजबूत होगी और राज्य में पर्यटन गतिविधियों को तेजी से बढ़ावा मिलेगा। प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर 'जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र' (डीडीआरसी) की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। श्री खन्ना ने बताया कि कैबिनेट में 20 प्रस्ताव लाए गए थे। इनमें से स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एक प्रस्ताव को छोड़कर सभी पास हो गए। एक प्रस्ताव अलग से बैठक में शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि अयोध्या में एक अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण होगा। उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इसके तहत, सरकारी नौकरी कर रहे खिलाड़ियों के राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में -शेष पृष्ठ दो पर




नई दिल्ली: एसआईआर के विरोध में संसद भवन में प्रदर्शन करते सोनिया गांधी, राहुल, प्रियंका गांधी व अन्य।

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी की 900 करोड़ के हवाला नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और कथित हवाला ऑपरेटर, उसके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से जुड़े कई ठिकानों पर रांची, मुंबई और सूरत में एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन से संबंधित 900 करोड़ से अधिक के संदिग्ध हवाला नेटवर्क से जुड़ा एक मामले का हिस्सा है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फेमा की धारा 37 के तहत अधिकृत यह तलाशी अभियान रांची स्थित सीए और इस नेटवर्क का कथित सरगना नरेश कुमार केजरीवाल के यहां और उसके रिश्तेदारों और सहयोगियों के ठिकानों पर चलाया जा रहा है। ईडी का यह मामला आयकर विभाग की जांच पर आधारित है। अधिकारी ने कहा कि जांच तब शुरू हुई जब आयकर विभाग के जानकारी मिली कि केजरीवाल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नाइजीरिया और अमेरिका में अघोषित विदेशी शेल संस्थाओं को नियंत्रित करता है।

### प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम अब सेवा तीर्थ

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। देश भर के राज्य भवन का नाम अब लोक भवन होगा। इसके अलावा केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा। पीएमओ के अफसरों ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रहे हैं। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक है। इससे पहले केंद्र सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी रेस कोर्स रोड कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब लोक भवन और लोक निवास के नाम से जाना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दफ्तर (पीएमओ) अब 78 साल पुराने साउथ ब्लाक से निकलकर सेवा तीर्थ नाम वाले नए एडवांस कैंपस में शिफ्ट होने जा रहा है।

# क्या रोहिंग्या शरणार्थी घोषित हुए हैं उनके लिए रेड कार्पेट लगाई जाए

## सुप्रीम कोर्ट ने किया तीखा सवाल: अगर कोई घुसपैठी है, तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट तीखे सवाल किए हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने पूछा कि क्या भारत सरकार ने कोई ऐसा आदेश जारी किया है, जिसमें रोहिंग्याओं को 'शरणार्थी' घोषित किया गया हो? अगर कोई घुसपैठी है तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है? अगर कोई घुसपैठिया आता है तो क्या हम उनके लिए लाल कॉर्पेट बिछाकर स्वागत करें? हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं। क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं? याची का कहना था कि रोहिंग्या को हिरासत से गायब किया गया है, जबकि उनका डिपोर्टेशन तय प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए।



- **कहा: हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं**

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जायमाल्या बागची की बेंच के सामने एक हैबियस कॉर्पस यानी बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट दाखिल की गई थी। इस रिट में रोहिंग्या लोगों की कथित हिरासत से गायब होने की बात कही गई है और अदालत से गुहार लगाई गई है कि किसी भी डिपोर्टेशन की कार्रवाई कानून द्वारा तय प्रक्रिया के मुताबिक होना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि मई में दिल्ली पुलिस ने कुछ रोहिंग्याओं को उठा लिया था और उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सवाल किया कि भारत सरकार का वह आदेश कहां है जिसमें उन्हें (रोहिंग्याओं को) शरणार्थी घोषित किया गया है? 'शरणार्थी' एक कानूनी रूप से परिभाषित शब्द है और सरकार द्वारा अधिकृत अथॉरिटी ही इसे घोषित कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति की शरणार्थी के रूप में कोई कानूनी स्थिति नहीं है और वह घुसपैठिया है तथा अवैध रूप से प्रवेश करता है, तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है? इस दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता रोहिंग्याओं के लिए किसी शरणार्थी दर्जे की मांग नहीं कर रहा है और न ही वह उनके डिपोर्टेशन -शेष पृष्ठ दो पर

### केरल में SIR की डेडलाइन बढ़ाने पर सोचे ईसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केरल में एसआईआर की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की याचिका पर सुनवाई की। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि राज्य में चल रहे एसआईआर के तहत एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसम्बर है। चुनाव आयोग इसे एक हफ्ता बढ़ाने पर विचार करे। क्योंकि राज्य में 9 और 11 दिसम्बर को स्थानीय निकाय चुनाव हैं, वोटों की गिनती 13 दिसम्बर को होगी। 1.76 लाख सरकारी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगे हैं, जिनके लिए 11 दिसम्बर तक फार्म जमा करना मुश्किल हो सकता है। कोर्ट ने केरल सरकार और याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे 3 दिसम्बर की शाम 5 बजे तक चुनाव आयोग से औपचारिक अनुरोध करें। कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि वह इन अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक और व्यक्तिगत तरीके से विचार करे और दो दिनों में निर्णय ले।

# एसआईआर पर लोकसभा में नौ दिसम्बर को होगी चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **सरकार ने फौरन बहस के लिए अड़े विपक्ष को मनाया**
- **आठ दिसम्बर को वंदे मातरम् पर चर्चा**

**नई दिल्ली।** चुनाव सुधार यानी एसआईआर पर लोकसभा में 9 दिसम्बर को चर्चा होगी। संसद में दो दिन से फौरन चर्चा पर अड़ा विपक्ष बहस के लिए मान गया है। मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने बताया, 9 दिसम्बर को इलेक्टोरल रिफार्म्स यानी चुनावी सुधारों पर 10 घंटे बहस होगी।

साथ ही उन्होंने कहा- एक दिन पहले 8 दिसम्बर को वंदे मातरम् पर चर्चा होगी। इसके लिए भी 10 घंटे का समय तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर सरकार सदन में इस पर चर्चा करा रही है। शीतकालीन सत्र के पहले दो दिन हंगामे की वजह से सदन का कामकाज प्रभावित हुआ। विपक्ष एसआईआर और वोट चोरी के आरोप पर फौरन चर्चा की मांग पर अड़ा था।

### विपक्षी दलों ने किया संसद भवन में जोरदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यहां भवन परिसर के मकर द्वार के बाहर जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिसमें कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, द्रमुक के टीआर बालू सहित संसद के दोनों सदनों के कई सांसदों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन में श्रीमती गांधी व राहुल गांधी, गौरव गोगोई, केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, टीआर बालू सहित कई अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया।

# ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी : नौसेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। मई 2025 में शुरू हुए इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय नौसेना ने पाकिस्तानी नेवी के खिलाफ मजबूत तैनाती की।

इसके कारण पाकिस्तान नौसेना अपने जहाज बंदरगाहों से बाहर नहीं निकाल सकी और अरब सागर के पास मकरान तट तक ही सीमित होकर रह गई। नेवी चीफ ने कहा कि बीते 7-8 महीने से

- **अरब सागर में लगातार ऑपरेशन चल रहे, पाकिस्तान को आर्थिक नुकसान हुआ: दिनेश के. त्रिपाठी**

पश्चिमी अरब सागर में हमारे ऑपरेशन लगातार जारी हैं। इसके चलते पाकिस्तान की ओर जाने वाले व्यापारी जहाजों के रूट कम हुए हैं। उनकी बीमा राशि महंगी हुई है।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ सहयोग करेगा रूस: पेस्कोव

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की मदद करेगा। श्री पुतिन की चार दिसम्बर से शुरू होने वाली दो दिवसीय भारत यात्रा से पूर्व श्री पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हमारा मानना है कि आतंकवाद का मुकाबला करने का एक मात्र तरीका अंतर्राष्ट्रीय सहयोग है।

# संचार साथी सरकार का जासूसी एप: प्रियंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने संचार साथी एप को मोबाइल पर डाउनलोड करने को हास्यास्पद बताते हुए आरोप लगाया कि यह जासूसी एप है, जिसके जरिये सरकार हर मोबाइल पर नजर रखना चाहती है।



श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के मोबाइल हैंडसेट पर संचार साथी एप प्री-इंस्टॉल करने संबंधी सवाल पर कहा कि संचार साथी एक जासूसी एप है और यह हास्यास्पद है। नागरिकों को निजता का अधिकार है और सभी को निजता का अधिकार होना चाहिए, ताकि वे अपने परिवार और दोस्तों को निजी संदेश भेज सकें, लेकिन सरकार इस निजता को छीनने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ टेलीफ़ोन पर जासूसी नहीं है। वे इस देश को हर तरह से तानाशाही में बदल रहे हैं और संसद इसलिए नहीं चल रही है। सरकार किसी भी विषय पर चर्चा करने से इन्कार कर रही है और किसी भी विषय पर चर्चा नहीं होने दे रही है। यह लोकतंत्र की परंपरा नहीं है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में चर्चा होती है और हर किसी के अलग-अलग विचार होते हैं और आप उनकी बात सुनते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा ष्मोबाइल पर तरह-तरह की धोखाधड़ी हो रही है और इस धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए एक प्रभावी प्रणाली होनी चाहिए।

### कुवैत-हैदराबाद इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-1234 को मंगलवार सुबह बम की धमकी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हैदराबाद एयरपोर्ट को एक ईमेल मिला था, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी थी। इसके बाद तुरंत सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। एयरबस ए321-251 एनएक्स विमान रात 1:56 बजे कुवैत से उड़ा था और सुबह 8:10 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।

# सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू: राजनाथ

अहमदाबाद, वार्ता

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने मंगलवार को एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों से अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया।

- **रक्षा मंत्री ने बड़ा राजनीतिक दावा किया**
- **बोले: सरदार वल्लभभाई पटेल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री को रोका**



गुजरात के सडली गांव में आयोजित 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पटेल की भूमिका और उनके विचारों को विस्तार से बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया। उन्होंने आगे दावा किया कि नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की। कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया था, क्योंकि पूरा धन जनता से आया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर भी पूरी तरह जनता के सहयोग से बना है और यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस के 1946 के अध्यक्ष चुनाव में अधिकतर प्रस्ताव पटेल के पक्ष में थे, लेकिन महात्मा गांधी के अनुरोध पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और नेहरू अध्यक्ष बने, जिसके बाद वह प्रधानमंत्री बने। रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों ने वर्षों तक पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की।

# एयर इंडिया ने एक्सपायर फिटनेस सर्टिफिकेट वाला प्लेन उड़ाया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने ए-320 नियो प्लेन को फिटनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर होने के बाद भी 8 रूट्स पर उड़ाया। 26 नवम्बर को एयरलाइन ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इसकी जानकारी दी।

मामला सामने आने के बाद डीजीसीए ने प्लेन के उड़ान पर रोक लगा दी है। वहीं एक्सपायर सर्टिफिकेट के साथ प्लेन को उड़ने की परमिशन देने वाले

- **विमान ने आठ रूट्स पर उड़ान भरी, मामले से जुड़े लोगों को ड्यूटी से हटाया**

एयरलाइन के स्टाफ को ड्यूटी से हटा दिया है। फिलहाल कौन-कौन लोग इसमें शामिल थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। ए-320 नियो विमान पहले विस्तारा एयरलाइन के बेड़े में था। नवम्बर 2024 में विस्तारा का एयर इंडिया के साथ मर्जर हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे कर्मचारी के आश्रितों को एक करोड़ का बीमा राशि

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रेलवे सेलरी पैकेज (आरएसपी) स्कीम के अंतर्गत दिवंगत कर्मचारी अनवर अली के आश्रितों को एक करोड़ की बीमा राशि प्रदान की गई। यह राशि स्व- अनवर अली की माता एवं आश्रित कमरून निशा को दी गई। अनवर अली ट्रैक मेंटेनर के पद पर वाराणसी इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत थे। उनकी बीते 25 मार्च को ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मौत हो गई थी। मंडल प्रशासन ने बताया कि आरएसपी योजना के अंतर्गत देय राशि के त्वरित भुगतान के लिए मंडल कार्मिक विभाग एवं बैंक अधिकारियों ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध तरीके से पूरी कीं। कार्यक्रम के दौरान उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल ने दिवंगत कर्मचारी अनवर अली को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### प्रयागराज में सम्मानित किए गए 19 बीएलओ

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में एसआईआर कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 बूथ लेवल अधिसकारियों को जिला. धिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी चयनित बीएलओ को प्रशस्ति पत्र और दीवार घड़ी भेंट कर उनके कार्य की सराहना की। निर्वाचन कार्य बेहद जिम्मेदारी वाला होता है और इसे निष्ठा और तत्परता के साथ निभाने वाले बीएलओ लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणा है। उन्होंने आग्रह किया कि वे अपने साथ काम कर रहे अन्य बीएलओ को भी आयोग के निर्देशानुसार 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य शत-प्रतिशत एवं शीघ्र पूरा करने के लिए प्रेरित करें।

# गुजरात के नौजवानों को नशे और अपराध की दुनिया में धकेल रही सरकारः राहुल गांधी

नई दिल्ली, वार्ता

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुजरात सरकार पर प्रदेश में नशीले पदार्थों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह भाजपा के कौन से नेता है, जिसके संरक्षण में यह सब चल रहा है?

गांधी ने मंगलवार को गुजरात सरकार पर हमला बोलते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि गुजरात में चल रही कांग्रेस की जन आक्रोश यात्राओं के दौरान लोगों ने, खासकर महिलाओं ने बार-बार कहा है कि राज्य में बढ़ते नशे, अवैध शराब और अपराध ने उनके जीवन में असुरक्षा को गहरा दिया है। उन्होंने कहा कि गुजरात महात्मा गांधी और सरदार पटेल



■ भाजपा नेता के संरक्षण में चल रहा धंधा

की वह धरती है, जहां सत्य, नैतिकता और न्याय की परंपरा रही है, मगर पिछले कुछ सालों से प्रदेश के युवाओं का भविष्य ड्रग्स और अपराध की अंधेरी दुनिया की ओर धकेला जा रहा है। गांधी ने गुजरात सरकार से सवाल पूछा- गुजरात पूछ रहा है, भाजपा सरकार चुप क्यों है? प्रदेश सरकार में वह कौन मंत्री है, जिसके संरक्षण में यह सब चल रहा है?

### हेराल्ड मामले में साजिश के तहत नई प्राथमिकी दायरः खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि नेशनल हेराल्ड मामले में उनकी पार्टी को निशाना बनाने के लिए जब भारतीय जनता पार्टी सरकार को कुछ नही मिला, तो कांग्रेस नेताओं के खिलाफ साजिश के तहत पुराने मामले में नई प्राथमिकी दायर की गई है। खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 12 साल बाद अचानक गांधी परिवार पर कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाने वाले पुराने मामले में एक नई प्राथमिकी दर्ज की गई।

# राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को राहत

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को बड़ी राहत देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, ट्रेनिंग कैंपों और संबंधित गतिविधियों में शामिल होने की पूरी अवधि, आवागमन के समय सहित 'ड्यूटी' मानी जाएगी।

मंत्रिमंडल के इस फैसले से खिलाड़ियों को अनुमति लेने में होने वाली मुश्किलें खत्म होंगी। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अब तक 'अंतर्राष्ट्रीय पदक विज. ेता सीधी भर्ती नियमावली-2022' में ऐसी कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। सेवा नियमावली में अवकाश संबंधी प्रावधान न होने के कारण खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं



■ सरकार ने साफ किया 'ड्यूटी' मानने का नियम

और प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने के लिए अनुमति प्रक्रिया में दिक्कतें आती थीं।

उन्होंने कहा कि अब सरकार नई प्रणाली लागू कर रही है, जिसमें साफ व्यवस्था होगी कि नियुक्त खिलाड़ी जब भी किसी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता, कैंप या प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लें, वह अवधि सेवा अवधि (ड्यूटी) मानी जाएगी। इसमें आने-जाने का पूरा समय भी शामिल होगा। इससे न केवल खिलाड़ियों को अपने खेल करियर में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, बल्कि राज्य का प्रतिनिधित्व भी और मजबूत होगा, क्योंकि अब उन्हें अनुमति लेने में कोई बाधा नहीं आएगी। मंत्रिमंडल ने वाराणसी में निर्माणाधीन डा. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा के संच. ालन, प्रबंधन और रखरखाव तथा राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ हुए एमओयू को मंजूरी दे दी है। यह वही स्टेडियम है, जहां 'खेलो इंडिया' योजना के तहत आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है। एमओयू के तहत स्टेडियम परिसर में मौजूद खेल सुविधाओं जैसे, भवन, ढांचे, मैदान और अन्य अवसंरचनाओं को साई को सौंपा जाएगा।

### योगी और धर्मेंद्र प्रधान ने किया 'काशी तमिल संगमम् 4-0' का शुभारंभ

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में 2 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 'काशी तमिल संगमम् 4-0' का शुभारंभ सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नमो घाट पर किया। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कल्याण एवं खेल राज्य मंत्री डा. एल. मुरुगन, पुडुचेरी की उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित कई केंद्रीय मंत्री, सांसद और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## योगी मंत्रीमंडल में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए बोले वित्तमंत्री

# यूपी के हर मंडल में बनेगा दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दिव्यांगजनों के लिए एक अहम निर्णय लिया गया।

सरकार ने राज्य के सभी 18 मंडलों में नए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) खोलने को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में प्रदेश के 38 जिलों में ऐसे केंद्र चल रहे हैं, लेकिन कतिपय समस्याओं के कारण कई जगह संचालन प्रभावित हो रहा था। अब सरकार पूरे ढांचे को नए सिरे से संसाधनों से लैस करते हुए संचा. लित करने जा रही है, ताकि दिव्यांगजनों को मिलने वाली सेवाओं में कोई बाधा न आए। कैबिनेट के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नए डीडीआरसी खुलने से प्रदेश में



### अयोध्या में विश्व स्तरीय संग्रहालय बनेगा, जिसके लिए टाटा को जिम्मेदारी सौंपी गई है

दिव्यांगजनों को एक ही जगह पर सर्वे, पहचान, शिविर, सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग फिटमेंट और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी जैसी नैदानिक सेवाएं भी इन केंद्रों पर दी जाएंगी।

यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांग प्रमाणपत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनवाने में भी अब लोगों को ज्यादा चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सरकार का मानना है कि इस फैसले से दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से मिल सकेगा तथा उनके पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया मजबूत होगी। सरकार ने अयोध्या को विश्व स्तर पर एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मंत्रिमंडल ने टाटा सन्स के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित विश्व स्तरीय 'मंदिर संग्रहालय' का दायरा और बघ कर दिया है। खन्ना ने बताया कि टाटा सन्स ने अपने सीएसआर फंड से एक अत्याधुनिक मंदिर संग्रहालय विकसित करने और उसका संचालन करने की इच्छा व्यक्त की है। इसके लिए कम्पनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी एसपीवी बनाया जाएगा, जिसमें भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। परियोजना हेतु भूमि आवंटन के लिए भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा सन्स के बीच त्रिपक्षीय एम्ओयू बीते 3 सितम्बर 2024 को हस्ताक्षरित हो चुका है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पूर्व में प्रदेश सरकार ने अयोध्या के मांझा जमथरा गांव में 25 एकड़ नजूल भूमि टाटा सन्स को 90 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी, लेकिन टाटा संस ने संग्रहालय की भव्यता के दृष्टिगत अधिक भूमि की अपेक्षा की थी।

### बरेली और कानपुर में दो बड़ी पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी

**लखनऊ।** योगी मंत्रिमंडल ने शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अटल नवीकरण एवं शहरी रूपांतरण मिशन-अमृत 2-0 के तहत बरेली और कानपुर नगर निगम क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुधारने और नेटवर्क विस्तार के लिए कुल 582.74 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दोनों योजनाएं शहरों की बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी। बरेली नगर निगम में पेयजल प्रणाली को नए सिरे से विक. सित करने के लिए फेज-1 पुनर्गठन परियोजना को व्यय वित्त समिति से 26,595.46 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 8,530.96 लाख, राज्य सरकार का 14,504.95 लाख और नगर निगम का अंश 2,559.55 लाख रुपये शामिल है।

# बीजेपी जाए, तो निजता बच पाएः अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने संचार साथी ऐप को पर जारी किए गए केंद्र सरकार के निर्देशों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। सपा मुखिया ने भारतीय जनता पार्टी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश यादव ने लिखा कि बीजेपी जाए , तो निजता बच पाए। कन्नौज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद अखिलेश ने लिखा कि जिनका इतिहास ही मुखबिरी का रहा हो, वो जासूसी करना कैसे छोड़ सकते हैं। भाजपा सरकार में अभिव्यक्ति की आजादी तो पहले ही छीनी जा रही थी, अब घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, मित्रता-कारोबार की आपसी बात. चीत पर भी भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की गिद्ध निगाह लग जाएगी। अब जनता ने फैसला कर लिया है भाजपा सरकार नहीं चाहिए, तो नहीं चाहिए. भाजपा जाए तो निजता बच पाए!

### घोसी उपचुनाव में सुजीत सिंह होंगे सपा प्रत्याशी

**मऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश स्थित जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने मऊ स्थित घोसी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को सुधाकर सिंह के कर्म में मऊ पहुंचे शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि स्व. सुधाकर सिंह के बेटे सुजीत सिंह ही उम्मीदवार होंगे। शिवपाल ने कहा कि हम लोगों को पूरा सहयोग और आशीर्वाद सुजीत को है। हम लोग यहां आकर इनकी मदद करेंगे।



सेंसेक्स 85138.27
निफ्टी 26032.20



सोना रु. 126720
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)


## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 173340
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स लुढ़का



मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 503.63 अंक (0.59 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,138.27 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 143.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत टूटकर 26,032.20 अंक पर बंद हुआ। औद्योगिक उत्पादन के अक्टूबर के आंकड़े कमजोर रहने के बाद मंगलवार को बाजार में शुरू से ही बिकवाली हावी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही। एनएसई के सूचकांकों में फार्मा को छोड़कर सभी में गिरावट रही। निजी बैंकों, वित्तीय सेवाओं, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और धातु समूहों में ज्यादा गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और बीईएल के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूटे। एशियन पेंट्स में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, हिदुस्तान यूनीलि. वर और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

### लक्जरी हॉस्पिटैलिटी और ग्रीन प्रोजेक्ट्स में रूचि दिखा रहे हैं सिंगापुर के निवेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से चल रही अंतर्राष्ट्रीय पहल के अंतर्गत, इन्वेस्ट यूपी के सिंगापुर डेस्क ने सोमवार को पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी और संबद्ध क्षेत्रों में निवेश संभावनाओं को लेकर निवेशकों के साथ कई महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठकें कीं। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि इस रणनीति के अनुरूप, इन्वेस्ट यूपी के सिंगापुर डेस्क का नेतृत्व करते हुए इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने सिंगापुर में ग्रीनफील्ड वेंचर्स के मुख्य संच. ालन अधिकारी अमृतांशु रॉय के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान, इन्वेस्ट यूपी टीम ने अयोध्या, वाराणसी, मथुरा सहित उत्तर प्रदेश के अन्य उच्च-संभावना वाले पर्यटन क्षेत्रों में स्थित पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया।

# सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** मंगलवार की सुबह ट्रेडर्स ने पिछले सेशन की तेज रैली के बाद मुनाफा वसूली की। यही वजह रही कि एमसीएक्स पर दोनों धातुएं नीचे खुलीं। दोपहर 3. 40 बजे तक सोना 0.47 प्रतिशत गिरकर 1,26,720 प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं चांदी 2.73 प्रतिशत फिसलकर 1,73,340 प्रति किलो पर आ गई।

इससे ठीक पहले सोमवार को सोना छह हफ्तों के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया था, क्योंकि बाजार को फेड की संभावित दर कटौती की उम्मीदें सपोर्ट दे रही थीं। कमजोर रुपया ने भी घरेलू कीमतों को ऊपर धकेला है, जो हाल ही में डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड लो पर गया। चांदी की कीमतों में मुनाफावसूली से पहले की हालिया उछाल की सबसे बड़ी वजह 'सिल्वर स्क्वीज' है। चीन के अक्टूबर में चांदी के निर्यात 660 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। वहीं इन्वेंट्री दस साल के निचले स्तर पर चली गई। यह सप्लाई टाइटनेस लंदन तक रैली दिख रही है। 2025 चांदी बाजार के लिए लगातार पांचवां डेफिसिट वाला साल होगा। इस कमी के चलते लिक्विडिटी पर दबाव पड़ा, लीज़ रेट्स बढ़े और अमेरिकी सीएमई वॉल्ट्स में डिलिवरी भी बढ़ी। इतना ही नहीं अमेरिका ने चांदी को 2025 की 'क्रिटिकल मिनरल' लिस्ट में शामिल किया है। इससे इसकी रणनीतिक अहमियत और बढ़ गई है। च्वाइस ब्रोकिंग के अमीर मकड़ा ने कहा कि चांदी मजबूत अपट्रेंड में है और इसका मोमेंटम अभी भी कायम है। उनके मुताबिक चांदी के लिए अहम सपोर्ट 1,42,285 और 1,21,437 पर है।

# सतत विकास की आधारशिला है पारदर्शिताः सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण ने मंगलवार को पारदर्शिता को सतत विकास की आधारशिला बताते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देकर लोगों का सहयोग हासिल किया है और अर्थव्यवस्था को गति दी है।

श्रीमती सीतारमण ने यहां ग्लोबल फोरम की 18वीं आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लिए कर मामलों में पारदर्शिता सदैव प्रशासनिक सुधारों से कहीं अधिक रही है। यह उस गहरे सिद्धांत से जुड़ा है कि आर्थिक शासन की नींव निष्पक्षता और उत्तरदायित्व पर आधारित होनी चाहिए। जब आम लोग और कंपनियां अपना उचित कर अदा करती हैं और कर चोरी को प्रभावी रूप से रोका जाता है, तब समाज अधिक सशक्त और समानतापूर्ण बनता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता को केवल अनुपालन के उपकरण के रूप में नहीं, बल्कि सतत विकास और राजकोषीय सुदृढ़ता की आधारशिला के रूप में देखना आवश्यक है। भारत का अनुभव इस समझ को और मजबूत करता है। मौजूदा सरकार के अनुभवों को साझा करते हुए



वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले दशक में सरकार ने स्वैच्छिक अनुपालन में स्पष्ट वृद्धि देखी है। नागरिक तब अधिक सहयोग देते हैं जब उन्हें विश्वास होता है कि प्रणाली ईमानदारी को प्रोत्साहित करती है और कर चोरी के खिलाफ दृढ़तापूर्वक कार्रवाई करती है। यह केवल प्रवर्तन से नहीं बल्कि स्पष्टता, सरलीकरण और करदाताओं के साथ विश्वास निर्माण के निरंतर प्रयासों से भी संभव हुआ है।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता करदाताओं की नैतिकता को बढ़ाती है। जब लोगों को भरोसा होता है कि प्रणाली निष्पक्ष है और नियम निरंतर रूप से लागू होते हैं, तो स्वैच्छिक अनुपालन मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि जो दुनिया कभी गोपनीयता और सीमित जानकारी तक सिमटी थी, वह अब बदलकर ऐसी हो गई है, जहां पारदर्शिता को निष्पक्षता, अनुपालन और उत्तरदाई शासन के लिए अत्यंत आवश्यक माना जाने लगा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उप्र में विकास...** बिताए गए समय को 'ड्यूटी' (कर्तव्यार्थ व्यतीत अवधि) माना जाएगा। कैबिनेट की बैठक में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के चैनेज सं0 45 980 किमी पर स्थित घाघरा पुल के क्षतिग्रस्त भाग के स्थायी सुरक्षात्मक कार्य कराए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। इसके अलावा अटल नवीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन-2.0 (अमृत-2. 0) योजनान्तर्गत कानपुर नगर में पेयजल पाइप लाइन विस्तार से संबंधित प्रायोजना के लिए 316.78 करोड़ की अनुमोदित लागत के व्यय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट की बैठक में अमृत-2.0 योजनान्तर्गत बरेली में पेयजल पुनर्गठन योजना फेज-1 से संबंधित प्रायोजना के लिए 265.95 करोड़ रुपये की अनुमोदित लागत के व्यय के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया। इसके अलावा अवस्थापना एवं औद्योगिक निवेश नीति-2012 और औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के अन्तर्गत गठित इम्पावर्ड कमेटी की 15 मई, 2025 को हुई बैठकों में की गई संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में डा. सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा वाराणसी के संचालन और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा उपलब्ध कराए गए एमओयू के संबंध में फैसला लिया गया है।

**क्या रोहिंग्या...** का विरोध कर रहा है, लेकिन डिपोर्टेशन कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां मामला हिरासत से गायब होने का है। सरकार ने स्वयं डिपोर्टेशन की प्रक्रिया तय की है, जिसका पालन होना चाहिए। उन्हें चुपचाप कहीं भेज देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी हानिकारक है और ऐसा नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रोहिंग्या मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में है और उन्हीं याचिकाओं के साथ इस अर्जी को सुना जाएगा। सीजेआई ने इस दौरान टिप्पणी में कहा कि अगर उन्हें भारत में रहने का कानूनी अधिकार नहीं है और वे घुसपैठिए हैं, उत्तर भारत की सीमा बहुत संवेदनशील है और ऐसे में अगर कोई घुसपैठिया आता है, तो क्या हम उसे रेड कॉर्पेट (लाल कालीन) बिछाकर स्वागत करें और सारी सुविधाएं दें? सीजेआई ने पूछा कि उन्हें वापस भेजने में समस्या क्या है? वकील ने कहा कि उन्हें वापस भेजा जाना चाहिए, परंतु कानून के अनुसार। इसके बाद चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि पहले आप (रोहिंग्या) अवैध रूप से सीमा पार करते हैं। सुरंग खोदकर या बाड़ लांघकर भारत में घुसते हैं। फिर कहते हैं कि अब चूंकि आ गए हैं इसलिए देश की सारी कानून-व्यवस्था उन पर लागू हो और वो भोजन, आश्रय, बच्चों की शिक्षा सबका हकदार हों। क्या हम कानून को इतना खींचना चाहते हैं? याचिकाकर्ता की वकील ने कहा कि वह कानून को खींचने की मांग नहीं कर रही हैं, बल्कि सिर्फ इतना चाहती हैं कि निर्वासन की वर्तमान विधिक प्रक्रिया लागू की जाए। उन्होंने 2020 के सलीमुल्लाह मामले का उल्लेख किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि रोहिंग्याओं का निर्वासन केवल प्रक्रिया के अनुसार ही किया जा सकता है। सीजेआई ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां बहुत से गरीब लोग हैं, और हमें उन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं। क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं? क्यों न उन पर ध्यान दें? वकील ने स्पष्ट किया कि वह किसी पुनर्वापसी की मांग नहीं कर रही हैं। याचिकाकर्ता पक्ष ने कहा कि उसकी सीमित प्रार्थना यह है कि डिपोर्टेशन का आदेश सरकार के नियम के अनुसार किया जाए। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह याचिका एक पीआईएल याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई है, किसी प्रभावित व्यक्ति द्वारा नहीं।

# यूपी में बदलेगी डीएल अप्रूवल की प्रक्रिया

## तेजी से बनेंगे लाइसेंस, नई एजेंसियों ने संभाला कामकाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रोसेस में बदलाव दिख सकता है। हाल ही में डीएल से जुड़े सारे कामकाज नई एजेंसी को सौंपा गए हैं। कंपनी ने हार्डवेयर इंस्टालेशन का काम भी पूरा कर लिया है। अब डीएल बनाने का काम नई कंपनी के कर्मचारी करेंगे। बता दें कि नई कंपनी को काम स्थानांतरण के चलते 25 से 29 नवंबर तक नए ड्राइविंग लाइसेंस बनाने संबंधी कामों पर रोक लगी थी।

प्रदेश में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की जिम्मेदारी 3 एजेंसियों को दी गई है। लखनऊ में सिल्वर टच को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। फोकाम नेट व रोजमार्टा के पास अन्य जिलों का काम है। अब तक स्मार्ट चिप नाम की कंपनी के पास डीएल संबंधित कामकाज



की जिम्मेदारी थी, यहां तकरीबन 300 कर्मचारी इस काम में लगे थे। डीएल संबंधी हार्डवेयर इंस्टालेशन के चलते कुछ दिनों तक ड्राइविंग लाइसेंस अप्रूवल का काम बंद था। इस दौरान आवेदकों को काफी असुविधा भी हुई, लेकिन अब नई कंपनियों के काम संभालने के बाद यह काम फिर से शुरू हो गया है। एजेंसी के अंतर्गत काम करने वाले कर्मचारियों को ट्रांसफर नई कंपनियों में ट्रांसफर कर दिया गया है। स्मार्ट चिप कंपनी के पास जब डीएल अप्रूवल का काम था, तो कभी चिप की कमी और कभी तकनीक में गड़बड़ी से हजारों डीएल महीनों बाद तक नहीं पहुंचाए जा सके थे। 2023 में एक समय तीन लाख ड्राइविंग लाइसेंस लंबित हो गए थे। ऐसे में सरकार ने दूसरी कंपनियों को इसका काम सौंपने का निर्णय लिया। पिछले हफ्ते नए सिस्टम इंस्टालेशन के कारण 3-4 दिनों तक डीएल अप्रूवल बंद रहा, जिससे हजारों आवेदन अटक गए थे। नई व्यवस्था से ये दिक्कतें दूर होंगी, प्रोसेसिंग में तेजी आएगी। इसके अलावा पहले आधार कार्ड में पिता के नाम की अनिवार्यता से डीएल प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। इससे तकनीकी दिक्कतें भी आ रही थीं। उम्मीद जताई जा रही है डीएल संबंधित ये सभी परेशानियां अब दूर हो जाएंगी। इसके अलावा अब ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर (एडीटीसी) पर ड्राइविंग टेस्ट की शुरुआत भी हो रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कफ-सिरप तस्करी कांड में फरार सिपाही आलोक सिंह लखनऊ से गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोडीन मिश्रित कफ-सिरप की अवैध तस्करी के उ प्रकरण में महीनों से फरार चल रहा बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह आखिरकार लखनऊ में पकड़ लिया गया। स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने उसे सोमवार देर शाम गोमतीनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

आलोक सिंह की गिरफ्तारी इस पूरे नेटवर्क को समझने में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि वह सिर्फ एक भागा हुआ आरोपी नहीं, बल्कि जांच में सामने आए पूरे सिडिकेट का अंदरुनी सूत्र और सक्रिय कड़ी बताया जा रहा है। गिरफ्तार आलोक सिंह की कई संदिग्ध तस्वीरें भी सामने आई थीं, जिनमें वह बाहुबली नेता धनंजय सिंह के ऊसाथ दिखाई देता है। इससे पहले उस पर आरोप था कि वह कफ-सिरप रैकेट के सरगना और उसके साझेदार के साथ दुबई भागने की तैयारी में था। एसटीएफ को कई दिनों से उसके उत्तर प्रदेश से बाहर जाने की कोशिशों के इनपुट मिल चुके थे, जिस पर निगरानी बढ़ाई गई और अंततः उसे लखनऊ में ही दबोचा गया। इस गिरफ्तारी ने यह भी संकेत दिया है कि कफ-सिरप तस्करी केवल बाहरी नेटवर्क भर नहीं, बल्कि पुलिस तंत्र के भीतर तक फैली संगठित मिलीभगत का रूप ले चुकी थी। आलोक सिंह लंबे समय तक जांच से बचता रहा और विभागीय सेवा समाप्त होने के बाद भी रैकेट से जुड़े लोगों के संपर्क में सक्रिय पाया गया। एसटीएफ के अनुसार वह नेटवर्क की आंतरिक सुरक्षा और संवेदनशील सूचनाओं की हेरफेर में अहम भूमिका निभाता था। पिछले वर्ष प्रदेश में कोडीन आधारित कफ-सिरप की बढ़ती अवैध बिक्री व नशे के दुरुपयोग को लेकर जब स्थिति गंभीर हुई, तब फरवरी दो हजार चौबीस में राज्य सरकार ने इस पूरे मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी थी। जांच की शुरुआत में ही टीम को कई फर्जी मेडिकल फर्में, फर्जी लाइसेंस, कागजी गोदाम, और अवैध बिलिग श्रृंखलाएं मिलीं, जिनके जरिये सिरप की खेप उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, बंगाल, असम सहित कई राज्यों और वहां से आगे विदेशी मार्गों तक भेजी जाती थी। एसटीएफ अब तक इस प्रकरण में कई प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। लखनऊ से मुख्य सप्लायर अमित कुमार सिंह उर्फ अमित टाटा की गिरफ्तारी के बाद रैकेट की जड़ें सात राज्यों तक फैलती मिली थीं। उसके बाद फर्जी फर्मों के संचालक, गोदाम प्रबंधक, अवैध डिस्ट्रिब्यूटर और कई मेडिकल लाइसेंसधारकों पर एफआईआर दर्ज की गई। प्रदेश के विभिन्न जिलों में तीस से अधिक स्थलों पर छापेमारी हो चुकी है और लगभग सौ के करीब मुकदमे दर्ज हैं। जांच में यह भी सामने आया कि इस अवैध कारोबार का सालाना मूल्य एक सौ करोड़ रुपये से अधिक था। कई खेपें सीमा पार भेजी जा रही थीं और रैकेट के सरगना शुभम जॉयसवाल व उसके पिता भोलाराम जायसवाल के दुबई भागने की आशंका जताई गई है। उनके खिलाफ रेड अलर्ट की कार्रवाई प्रगति पर है।

हालांकि एस टी एफ को अभी भी रैकेट के शीर्ष संचालकों की तलाश है, परंतु आलोक सिंह की गिरफ्तारी को एक टह्नग पाइंट बताया जा रहा है। उससे मिली जानकारी इस नेटवर्क के भीतर के तंत्र, संरक्षण, फर्जी दस्तावेज़ों के निर्माण, और खेपों की आवाजाही के रास्तों पर कई महत्वपूर्ण खुलासे कर सकती है। एस टी एफ का कहना है कि जांच का अगला चरण सिडिकेट के मुख्य वित्तीय आधार को खोज निकालना होगा।

## सपा ने मतदाता गणना प्रपत्रों में गड़बड़ी की जांच की मांग की

**लखनऊ-शाह टाइम्स ब्यूरो।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को ज्ञापन देकर बाराबंकी, प्रयागराज, भदोही, मिर्जापुर, रायबरेली और बुलन्दशहर जिलों में गणना प्रपत्रों से जुड़ी अनियमितताओं की तत्काल जांच की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बाराबंकी जनपद की सभी विधानसभाओं में बी.एल.ओ. द्वारा अधिक. ांश मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को गलत रूप से थर्ड आप्शन में सबमिट कर दिया गया है, जबकि मतदाताओं ने दो हजार तीन की मतदाता सूची से संबंधित संपूर्ण विवरण सही ढंग से प्रपत्र में भरकर जमा किया था। पार्टी ने मांग की है कि बी.एल.ओ. ऐप में उपलब्ध एडिट विकल्प के माध्यम से सभी प्रपत्रों को मानक के अनुसार फर्स्ट या सेकण्ड आप्शन में संशोधित कर सबमिट कराया जाए। प्रयागराज की इलाहाबाद पश्चिमी विधानसभा में मतदेय स्थल संख्या दो सौ ग्यारह पर दो हजार तीन की सूची के अनुसार पन्द्रह सौ एक मतदाता दर्ज थे, जबकि बाद में अपलोड सूची में केवल छह सौ छियानबे मतदाता ही हैं। आठ सौ पांच मतदाताओं का नाम गायब होने से क्षेत्र में भारी असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इसी तरह भदोही विधानसभा में मतदेय स्थल संख्या बाइस और तेईस पर मतदाताओं द्वारा जमा कराए गए एक सौ चौवन गणना प्रपत्र न तो अपलोड किए गए और न ही ई.आर.ओ. कार्यालय में उपलब्ध मिले हैं, जिसकी तत्काल जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। मिर्जापुर विधानसभा क्षेत्र के कई मतदेय स्थलों पर बी.एल.ओ. द्वारा समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध न कराए जाने और उन्हें लापता श्रेणी में भेज दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। रायबरेली के ऊंचाहार क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या तीन सौ उन्तीस से तीन सौ अड़तीस तक मतदाताओं को प्रपत्र की रिसीविंग न दिए जाने से मतदाता अपने प्रपत्र की स्थिति को लेकर भ्रमित हैं। बुलन्दशहर विधानसभा में मतदेय स्थल संख्या दो और छह पर बी.एल. ओ. द्वारा समाजवादी समर्थक मतदाताओं के प्रपत्र सबमिट न करने और उन्हें भाजपा नेता को सौंपने का गंभीर आरोप भी ज्ञापन में शामिल है। ज्ञापन सौंपने वाले के.के. श्रीवास्तव एवं राधेश्याम सिंह ने सभी मामलों में त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई की मांग की है। मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि आयोग को इन शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर एसआईआर प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुचारु बनाना चाहिए।

## कैरियर मेले में छात्रों को किया गया जागरूक

**सीतापुर।** महोली क्षेत्र के राजकीय कन्या इंटर कालेज नेरी मे एक दिवसीय कैरियर मेले का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस मेले में छात्राओं ने अपने स्टाल लगाए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक जंग बहादुर पाण्डेय और विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक जंग बहादुर पाण्डेय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने सपनों को साकार करने के लिए सही दिशा, अनुशासन, आत्मविश्वास और नियमित अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पढ़ाई के साथ-साथ अपना कैरियर भी बनाया जा सकता है। आरक्षी सुषमा शर्मा व आरक्षी पूजा शर्मा ने भी छात्राओं को कैरियर संबंधी जानकारी के बारे मे बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा श्रीवास्तव ने छात्राओं को आईएएस, पीसीएस, डाक्टर, वकील, इंजीनियर और अन्य व्यवसायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पंख पोर्टल की नोडल अधिकारी रचना वर्मा ने भी बच्चों के साथ करियर से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि आज लड़कियां घर-परिवार संभालने के बावजूद ऊंचाइयों को छू रही हैं, बस हमें मेहनत, ईमानदारी और लगन के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

## झूठी एफआईआर लिखाने पर युवती के पिता पर केस दर्ज

**सीतापुर।** तालगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जनकपुरवा मदनापुर गढ़ी निवासी राम लखन की 16 वर्षीय पुत्री की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। इस संबंध में राम लखन ने तालगांव थाने में गुमशुदी की तहरीर दी थी। इसके बाद गांव के बाहर गाने के खेत में राम लखन की पुत्री का शव मिला था। शब मिलने के बाद राम लखन ने गांव के ही सर्वेश पुत्र बृजलाल और दीपू पुत्र महेश के खिलाफ तालगांव थाने में तहरीर दी। घटना को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि जांच में जुटी पुलिस को परिवार के बयानों में विरोधाभास नजर आया। संदेह घर आने पर पुलिस ने गंभीरता से जांच की। इस दौरान पता चला कि मृतका एवं उसकी बडी बहन के बीच किसी आपसी बात को लेकर पारिवा. रिक मतभेद हो गया था। जिस पर मृतका के पिता द्वारा दोनों को समझाया बुझाया एवं डांटा गया।

# यूपी में बस-ट्रक की भीषण टक्कर से आग का तांडव, तीन की मौत, 24 यात्री झुलसे

- समृद्धि बस सोनौली से दिल्ली जा रही थी

शाह टाइम्स ब्यूरो




**बलरामपुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में फुलवरिया चौराहे से आगे सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब दो बजे तीस मिनट पर सोनौली से दिल्ली जा रही समृद्धि ट्रैवल्स की बस (और तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक (नंबर)आप प्रदान करें) की आमने-सामने भीषण टक्कर में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चौबीस यात्री गंभीर रूप से झुलस गए।

हादसा इतना भयावह था कि बस टक्कर के बाद लगभग सौ मीटर तक घिसटती चली गई और बिजली के खंभे से जा टकराई। खंभा टूटने से हाई-टेंशन लाइन के तार बस पर गिरे और उसी क्षण आग भड़क उठी, जिसने कुछ ही मिनटों में बस को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धड़ाधड़ आग लगने के कारण कई यात्री खिड़कियों के शीशे तोड़कर अपनी जान बचाने के लिए नीचे कूदे। कुछ लोग गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़े। बस के अगले हिस्से में फंसे यात्रियों को बाहर निकलने का अवसर तक नहीं मिला। दूसरी ओर दुर्घटना के बाद ट्रक पलट गया और उसके नीचे दबकर एक व्यक्ति जलकर मर गया। जब दमकल दल ने आग पर काबू पाया और ट्रक को सीधा किया, तब उसके नीचे से यह शव बरामद हुआ। ट्रक में सदियों के गर्म कपड़े लदे थे जो आग की चपेट में आकर धू-धू कर जल उठे, जिससे लपटें और तेजी से फैल गईं और दोनों वाहन आग का गोला बन गए। बस में फंसे दो अन्य यात्रियों के शव पूरी तरह जलकर कंकाल मात्र रह गए, जिनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। बस के भीतर से निकाले गए घायलों में कई के हाथ-पैर, पीठ और सिर पर गंभीर जलन है। झुलसे हुए यात्री बलरामपुर और बहराइच के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराए गए हैं। यात्रियों ने बताया कि समृद्धि की यह बस सोनौली से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी और रात का सफर तेज रफ्तार में जारी था। फुलवरिया चौराहे से आगे जैसे ही मोड़ समाप्त हुआ, तेज गति में आया ट्रक अचानक बस के बीच हिस्से से टकरा गया, जिससे बस का संतुलन बिगड़ा और वह दूर तक घिसटती हुई बिजली के खंभे से जा भिड़ी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड ने काफी प्रयासों के बाद आग को नियंत्रित किया। प्रशासन ने मृतकों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बस में आग लगने का प्रमुख कारण हाई-टेंशन लाइन के तारों का गिरना और ट्रक में लदे ऊनी कपड़ों का तुरंत जल उठना रहा, जिससे आग बहुत तेजी से फैली। प्रदेश में हाल के महीनों में बसों में हुए अग्निकांडों की श्रृंखला को देखते हुए यह हादसा फिर से सवाल खड़ा करता है कि लंबी दूरी की बसों में अग्निशमन की व्यवस्था कितनी कारगर है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी बसों में आटो फायर सप्रेशन सिस्टम, आपातकालीन हैमर, बाहर निकलने के वैकल्पिक रास्ते और पूरी तरह सक्रिय अग्निशमन यंत्र अनिवार्य किए जाने चाहिए। यात्रियों का मानना है कि जान बचाने का भरोसा केवल फायर ब्रिगेड पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए, क्योंकि हादसों में आग कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लेती है। बलरामपुर प्रशासन ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट से चलती बसों की सुरक्षा व्यवस्था और उनकी तकनीकी फिटनेस पर और भी कड़े मानकों की आवश्यकता सामने आ रही है, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाएं भविष्य में किसी और परिवार को उजाड़ने का कारण न बनें।

## सड़क हादसे में एक की मौत

**सीतापुर-शाह टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की देर रात एक बोलेरो सवार लोग लखनऊ के बक्सी तालाब से एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते मे जिस वक्त वाहन टेड़ई नहर पुल के पास पहुंचा, तभी सड़क पर अचानक एक सांड आ गया। चालक ने सांड को बचाने के लिए गाड़ी मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा और तेज रफ्तार के चलते वाहन बेकाबू हो गया और पुल के किनारे स्थित गहरी खाई में पलट गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने में जुट गए। इस हादसे में बिहारीपुरवा मजरा खरवलिया निवासी 50 वर्षीय शिवबचन पुत्र जगन्नाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उनकी हालत बिगड़ गई और डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुए इस हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हादसे में वाहन में सवार खेरवा निवासी उमेश पुत्र राधेश्याम, खरवलिया निवासी 70 वर्षीय श्याम पुत्र मुल्लू, हरीश 35 वर्ष, रमेश वर्ष 40 तथा वाहन चालक प्रदीप यादव पुत्र रामखेलावन घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा है। जबकि दो व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर रवाना कर दिया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सभी 18 मंडलों में खुलेंगे जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी विवरण के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन में सम्पन्न मंत्रिमण्डलीय बैठक में प्रदेश के सभी अठारह मण्डल मुख्यालयों पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। अभी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से प्रदेश के केवल सैंतीस जनपदों में ऐसे केन्द्र संचालित हैं, जिनमें ग्यारह ही मण्डल मुख्यालयों पर स्थित हैं।

कैबिनेट के इस फैसले के बाद प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में दिव्यांग. जनों को समान और नजदीकी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सम्मान, सुरक्षा और समग्र सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उनके अनुसार तेरह अक्टूबर दो हज़ार पच्चीस को मुख्यमंत्री द्वारा विभागीय कार्ययोजना को अनुमोदन देते हुए सभी मण्डल मुख्यालयों पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे। कश्यप ने कहा कि कैबिनेट की स्वीकृति के बाद अब यह व्यवस्था अधिक पारदर्शी, सुगम, समयबद्ध और प्रभावी रूप से लागू हो सकेगी। सूचना विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी में बताया गया है कि इन केन्द्रों के माध्यम से दिव्यांगजन सर्वेक्षण और चिह्नांकन, दिव्यांग शि. विरों का आयोजन, सहायक उपकरणों की मरम्मत, कृत्रिम अंगों का निर्माण व फिटमेंट, चाल और उपयोग प्रशिक्षण, उपकरण वितरण, दिव्यांगता की रोकथाम संबंधी जागरूकता, प्रारम्भिक पहचान और सक्रिय हस्तक्षेप जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं एक ही स्थान पर मिल सकेंगी

## पशु आरोग्य शिविर में 327 पशुओं की स्वास्थ्य जांच की गई

**सीतापुर।** पिसावां के ग्राम कारी पाकर में खंड स्तरीय पशु आरोग्य शिविर आयोजन किया गया। इस शिविर में पशुओं से संबंधित बीमारियों को लेकर पशुपालकों को जागरूक किया गया। इस पशु आरोग्य शिविर में खुरपका, मुंहपका बीमारी का टीकाकरण, बांझपन व अन्य बीमा. रियों से ग्रसित 327 पशुओं के लिए दवा वितरित की गई।

## मां बनेगी पहली गुरु: उप्र में मदर ओरिएंटेशन कार्यक्रम को मिली राज्यव्यापी गति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में बालवाटिका शिक्षा को परिवार की सक्रिय भागीदारी से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जब बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व में मदर ओरिएंटेशन कार्यक्रम को गति देने हेतु राज्यव्यापी आनलाइन उन्मुखीकरण आयोजित किया गया।

सूचना के अनुसार विशेष यूट्यूब सत्र में नोडल एसआरजी, नोडल शिक्षक संकुल, प्रधानाध्यापक, बालवाटिका नोडल अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की पर्यवेक्षकों ने सहभागिता की। इस उन्मुखीकरण का मुख्य संदेश यह रहा कि बच्चे की पहली सीख घर से और मां की आवाज़ से प्रारम्भ होती है। इसी सोच के अनुरूप प्रदेश के सभी सह-स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों में तीन से छह वर्ष के बच्चों की शुरुआती सीख, भाषा-विकास, पोषण, व्यवहारिक आदतों तथा घर-आधारित गतिविधियों को परिवार की भागीदारी से व्यवस्थित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मासिक मदर ओरिएंटेशन कार्यक्रमों का उद्देश्य घर और विद्यालय के बीच समन्वय मजबूत करना है ताकि बच्चा भाषा, समझ, जिज्ञासा और आत्मविश्वास के साथ समान गति में विकसित हो सके। फाउंडेशनल स्टेज में सीखने की असमानताओं को कम करने और बच्चों को 'विद्यालय तैयार' बनाने में परिवार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी गई। राज्यव्यापी उन्मुखीकरण की भावना यह रही कि प्रारंभिक शिक्षा केवल कक्षाकक्ष तक सीमित न रहे, बल्कि घर और परिवार को भी सीख की यात्रा का सहभागी बनाया जाए। उम्मीद है कि इस पहल से आने वाले महीनों में बालवाटिका स्तर पर सीखने का वातावरण और अधिक सहभागी, समृद्ध और प्रभावी बनेगा। सत्र में प्रतिभागियों को बताया गया कि मासिक ओरिएंटेशन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चे की सीखने की प्रक्रिया में मां की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। मातृभाषा में संवाद, सरल कहानी-कथन, बातचीत, खेल-आधारित गतिविधियां और घर पर बिताया गया गुणवत्तापूर्ण समय, बच्चे की प्रारम्भिक सीख की सबसे मजबूत नींव मानी गई। इसके साथ ही प्रतिभागियों को कार्यक्रम की गतिविधियों, उनके चरणबद्ध संचालन और अभिभावकों तक इन्हें प्रभावी रूप में पहुंचाने के उपायों के बारे में विस्तृत निर्देश दिए गए। जुलाई दो हज़ार पच्चीस से मार्च दो हज़ार छब्बीस तक प्रदेश के सभी सह-स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों में मदर ओरिएंटेशन कार्यक्रम प्रतिमाह आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए नोडल एसआरजी, नोडल शिक्षक संकुल, प्री-प्राइमरी नोडल शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा विभागीय पर्यवेक्षकों को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि गतिविधियां बच्चों और अभिभावकों तक सही रूप में पहुंच सकें। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि मदर ओरिएंटेशन कार्यक्रम प्रारम्भिक शिक्षा की गुणवत्ता को परिवार की सहभागिता से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। बच्चे की शुरुआती सीख, पोषण और व्यवहार को दिशा देने में माँ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और यह पहल पूरे प्रदेश में अभिभावक विद्यालय साझेदारी को नई मजबूती प्रदान करेगी। महानिद. ेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि राज्यव्यापी उन्मुखीकरण मदर ओरिएंटेशन कार्यक्रम को प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल माता-बच्चा संवाद, घर-आधारित सीख और बालवाटिका गतिविधियों को और मजबूत करेगी।

## नवोदय विद्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**सीतापुर-शाह टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधकारी ने निरीक्षण के दौरान विद्यालय की लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, बच्चों की लैब आदि को देखा। इस दौरान 539 बच्चें उपस्थित पाये गये। साथ ही उन्होंने अध्यापकों की संख्या, भोजन, पानी, खेलकूद व्यवस्था, सीसीटीवी, मनोरंजन, योग, शौचालय, स्नानागार, बच्चों को प्रतिदिन दिये जाने वाले भोजन के मैन्यू की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि स्कूल की निरन्तर सही ढंग से साफ-सफाई कराते रहें, कहीं पर भी गंदगी न दिखायी दे। खेलकूद मैदान में गंदगी व अन्य समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये जिलाधिकारी ने उपप्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह पर अनुशासनिक कार्यवाही एवं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। किचन में गंदगी एवं भोजन की खराब गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुये किचेन व्यवस्था प्रभारी मनीष शुक्ला पर अनुशासनिक कार्यवाही के साथ-साथ ठेकेदार पर 10 प्रतिशत की कटौती करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय के सुधार हेतु 15 दिनों को समय दिया। जिलाधिकारी आरओ के पानी की गुणवत्ता को परखते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि आरओ प्रथम व द्वितीय तल पर जरूर लगाया जाये ताकि बच्चों को पानी की समस्या न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। रात्रि के समय बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बच्चों के साथ पाठशाला लगाकर जिलाधिकारी ने वार्ता करते हुये उनकी समस्याओं को सुना एवं अश्वासन दिया कि 15 दिन के अन्दर सभी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मेरा सीयूजी नम्बर सभी कक्षा कक्ष के बाहर अंकित किया जाये, जिससे बच्चों को आवश्यक होने पर मुझसे सम्पर्क स्थापित कर सकें। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि शौचालय व स्नानागार जो भी कमियां हैं, उन्हें जल्द से जल्द दूर किया जाये तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाये। बच्चों को 02 साल से यूनीफार्म न मिलने, बेडशीट आदि न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये शासन को रिपोर्ट जारी करने के लिये कहा। हिन्दी अध्यापक एसके श्रीवास्तव के बेहतर शिक्षा के लिये जिलाधिकारी ने प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन करते हुये कहा कि सभी रजिस्टर अद्यतन रखे जायें।

## शिवरतनगंज थाने में दर्ज हुआ दबंगों के खिलाफ मुकदमा

**अमेठी।** जिले के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत पूरे लाल शाह गांव मजरे ठोकरपुर में सोमवार को रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मार-पीट हो गई थी जिसमें एक पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ शिवरतनगंज थाने पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शिवरतनगंज थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र अन्तर्गत पूरे लाल शाह मजरे ठोकरपुर गांव के माधव पुत्र मिश्री गौतम ने थाने पर लिखित तहरीर देकर यह आरोप लगाया था कि उन्हीं के गांव के राम दत्त, सीताराम, सुनील, रामजीत, इंद्रजीत, रंजीत, जगदीश, अमरजीत आदि ने सरहंगी पूर्वक उनका छप्पर गिरा दिया और बोलने पर सभी लोगों ने एक राय होकर सभी ने गाली गलौज करते हुए मारा-पीटा मामले में बीच वचाव करने आई उनकी पत्नी रमपता को भी लात-घूंसे से मार-पीटा गया पुलिस ने माधव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिया है एस ओ दयाशंकर मिश्रा ने कहा कि कानून हाथ में लेने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

## 30 ग्राम स्मैक सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

**जायस अमेठी।** कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को तीस ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। थाना जायस पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त कमलेश पुत्र रामानन्द निवासी नया का पुरवा मजरे कासिमपुर थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 50 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सीएम ने 14 जिला अस्पतालों के आधुनिकीकरण को दी मंजूरी

## बागपत को मिलेंगे 28.55 लाख, सबसे ज्यादा बलरामपुर को 1.56 करोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चौदह जिला अस्पतालों के आधु. निकीकरण के लिए नौ करोड़ अस्सी लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह पहल विशेष रूप से उन जिलों के लिए की गई है, जहां आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और उन्नत डायग्नोस्टिक सुविधाओं का अभाव है।

इससे ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही सस्ता, त्वरित और बेहतर इलाज उपलब्ध होगा तथा महानगरों के बड़े अस्पतालों पर मरीजों का दबाव भी कम होगा। सरकार द्वारा स्वीकृत राशि में से दो करोड़ सत्तर लाख रुपये रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय साढ़ामऊ बीकेटी को, एक करोड़ बावन लाख रुपये जिला महिला चिकित्सालय बलरामपुर को, एक करोड़ छप्पन लाख रुपये जिला चिकित्सालय रायबरेली को, एक करोड़ सोलह लाख रुपये जिला संयुक्त चिकित्सालय महारा. जगंज को आवंटित किये गये हैं। इसके अलावा जिला संयुक्त चिकित्सालय बागपत को अठाइस लाख पंचपन हजार, हमीरपुर स्थित दीवान शत्रुघ्न सिंह संयुक्त चिकित्सालय को तीन लाख पैंतीस हजार, बस्ती के महिला चिकित्सालय हरैया को आठ लाख अड़सठ हजार तथा इटावा के डा. भीमराव आंबेडकर संयुक्त जिला चिकित्सालय को अड़तीस लाख छियानबे हजार रुपये स्वीकृत हुए हैं। यह धनराशि अत्याधुनिक जांच मशीनों, आधु. निक चिकित्सा उपकरणों और जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन पर खर्च की जाएगी।



अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरण लगने से जांच प्रक्रिया तेज होगी और रोगों का प्रारम्भिक एवं सटीक निदान संभव होगा। सीटी स्कैन, उन्नत एक्स-रे और अन्य आधुनिक मशीनों के माध्यम से कैंसर तथा हृदय रोग जैसे गंभीर मामलों की पहचान स्थानीय स्तर पर हो सकेगी, जिससे अनावश्यक रेफरल कम होंगे और दूर-दराज के मरीजों को बड़े शहरों की दौड़ से राहत मिलेगी। यह कदम डब्ल्यूएचओ के मानकों के अनुरूप जिला अस्पतालों की क्षमताओं को मजबूत करेगा। राज्य सरकार का यह निर्णय विकसित यूपी दो हजार सैंतालीस के व्यापक स्वास्थ्य विजन का हिस्सा है, जिसके तहत प्रत्येक जिले में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक से लैस जिला अस्पताल न सिर्फ ग्रामीण जनता को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराएंगे, बल्कि प्रदेश की संपूर्ण स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक सक्षम, संवेदनशील और प्रभावी बनाएंगे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शिक्षक विधायक चुनाव के लिए कमर कसें: ढिल्लो

## शिक्षकों के वोट बनवाने को जुटें भाजपाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि अगले वर्ष शिक्षक विधायक का चुनाव होना है। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें। उन्होने एमएलसी चुनाव को देखते हुए वोट बनाने की प्रक्रिया की समीक्षा की गई।

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर शिक्षक एमएलसी चुनाव 2026 एवं एसआईआर से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लों ने बताया कि 2026 में शिक्षक चुनाव की मतदाता सूची जल प्रकाशित की हो जायेगी। उस सूची का भली-भांति अवलोकन कर ले। कही कोई शिक्षक मतदाता छूटा तो नहीं है। यदि छूटा है तो समय पर उसकी आपत्ति दावा निर्वाचन कार्यालय को दर्ज करा दें। यह दौरान सभी कार्यकर्ताओं से एसआईआर में सहयोग करने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि एसआईआर की तारीख 11 दिसंबर हो चुकी है। छूटे हुए मतदाताओं का शीघ्र ही पूर्ण निरीक्षण कर ले। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष



राजेश कुमार सिंघल, भूप सिंह बेनीवाल, प्रमोद अग्रवाल, डॉक्टर सत्यपाल सिंह, शुभम चौधरी, डॉक्टर हरपाल सिंह चौहान, शरद कुमार गर्ग, सत्येंद्र कुमार त्यागी, मदन गुर्जर, धर्मेंद्र चौहान, राम. निवास गुर्जर, मूलचंद सिंह गिल, धर्मवीर सिंह, मलखान सिंह गुर्जर, अजय चौहान आदि मौजूद थे।

# एसपी ने विवेचकों से मांगा स्पष्टीकरण

## लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने थाना हसनपुर परिसर में हसनपुर सर्किल के सभी थानोंख्रहसनपुर, सैदनगली, आदमपुर व रहरा के विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित कर लंबित विवेचनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विवेचना में अनावश्यक विलंब पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित विवेचकों से स्पष्टीकरण मांगा और समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश दिये।

अर्दली रूम के दौरान एसपी ने ऑपरेशन कन्विक्शन, साइबर सेल, साइबर सुरक्षा जागरूकता,अपराध नियंत्रण तथा मिशन शक्ति केंद्र से जुड़े कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभी विवेचकों को



जनशिकायतों की तत्काल सुनवाई, त्वरित जांच और विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। एसपी ने अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने, हिस्ट्रीशीटर, वांछित एवं गैंगस्टर अपराधियों की गिरफ्तारी तेज करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने महिला संबंधित अपराधों में त्वरित कार्रवाई, मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों की सक्रिय समीक्षा और शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए भी निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भूमि विवादों के समाधान में राजस्व विभाग से समन्वय बनाए रखने, थाना दिवस पर लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने, चोरी-लूट तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन कराने, अवैध शराब व अवैध शस्त्र रखने/बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिये।पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद में लंबित विवेचनाओं के निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# मोरछड़ी का झाडा व भजनों की धुन पर झूमे उठे भक्त



## खाटू श्याम की 315वीं पवित्र ज्योति प्रज्जवलित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के श्री नवदुर्गा शिव मंदिर, टीचर कॉलोनी में सोमवार रात भक्ति और श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिला। श्री खाटू श्याम मित्र मंडल मंडी धनौरा द्वारा मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की मोक्षदा एकादशी पर श्याम सरकार का विशेष श्रृंगार किया गया और 315वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित की गई। देर रात तक चले भजन-संध्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और मंदिर परिसर श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत भजन गायकों की मनभावन प्रस्तुतियों से हुई। दीपक शर्मा ने मेरे श्याम तेरे दर की तो बात निराली है भजन सुनाकर वातावरण भक्ति रंग में रंग दिया। अर्पित कौशिक की प्रस्तुति मैं जग से गया हूँ हार ओ खाटू वाले पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मीनू शर्मा ने श्याम तेरे दर्शन को ये दुनिया तरसती है और गोलू सांवरिया ने देता हरदम सांवरे तू हारे का साथ जैसे भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान श्याम बाबा के सेवादार दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा लगाकर बाबा की स्तुति की। द्वादशी के अवसर पर खीर, चूरमे, केले, पेड़े, बिस्कुट और हलवे का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों ने लखदातार के दरबार में अपनी-अपनी मन्नतें भी मांगीं। इस अवसर पर कृष, सचिन अग्रवाल, नरेंद्र, सर्वेश शर्मा, सुमन, राजकुमार, मोहित, नीरज रस्तोगी, विशाल, एशी, राखी, नूतन अग्रवाल, नमन समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। देर रात तक भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

# छात्र-छात्राओं की डिजिटल अटेंडेंस की जाये

## डीएम ने शिक्षा विभाग की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मंगलवार को बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पीएम सूर्य घर योजना के तहत जनपद के समस्त अध्यापकों को पीएम सूर्य घर योजना का लाभ उठाने के लिए निर्देशित किया गया। परिषदीय विद्यालयों में खेल सामग्री का सत्यापन एसएमसी के माध्यम से किया जायेगा। पीएम पोषण योजना के के तहत तिथि भोजन में जनपद अमरोहा प्रदेश में नवंबर माह में प्रथम स्थान पर है। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा विभाग की सराहना की गई। उन्होंने जनपद के समस्त विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने टीएलएम ग्रांट का शत प्रतिशत उपयोग किया जाये। छात्र-छात्राओं की डिजिटल अटेंडेंस 100% की जाये। छात्र-छात्राओं



की ड्रेस स्वेटर जूते क्रय कर लिए जाये। जिससे बच्चे पूर्ण ड्रेस में आये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ मोनिका, जिला कार्यक्रम अधिकारी, वित्त एवं लेखा अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक व लेखाकार तथा बेसिक विभाग से सभी सम्मानित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सचिवों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

## ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ग्राम पंचायत अधिकारीख्रग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर पंचायत सचिवों का विरोध मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। सचिवों ने काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य करते हुए ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था, बढ़ते पोर्टल कार्यों और गैर-विभागीय जिम्मेदारियों के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। सचिवों का कहना है कि लगातार बढ़ रही तकनीकी व अतिरिक्त जिम्मेदारियों से पंचायत स्तर पर मूल विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, वहीं कर्मचारियों पर मानसिक और कार्यगत दबाव भी बढ़ता जा रहा है। सचिव संदीप चौधरी ने बताया कि समस्याओं को कई बार शासन-प्रशासन के संज्ञान में लाए जाने के बावजूद समाधान न मिलने पर मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति जस की तस रही, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। सचिवों ने चरणबद्ध रणनीति की जानकारी देते हुए बताया कि 5 दिसंबर को ब्लॉक मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा और ज्ञापन भेजा जाएगा, साथ ही सभी सचिव सरकारी व्हाट्सएप समूहों से सामूहिक रूप से बाहर हो जाएंगे। 10 दिसंबर से निजी वाहनों का उपयोग पूर्णत: बंद कर दिया जाएगा, जबकि 15 दिसंबर से डोंगल ब्लॉक कर ऑनलाइन कार्य प्रणाली ठप कर दी जाएगी। कार्यक्रम में आरती कुमारी, महेश कुमार, बंटी सिंह, संदीप सिंह, सुमित कुमार, रोहित चौधरी, राज. कुमार सैनी, अशोक कुमार, राज. कुमार सिंह, सुदेश कुमार, महेश सिंह समेत अनेक सचिव उपस्थित रहे।



# पालिका ने बिजनौर रोड से हटवाया अतिक्रमण

## दुकानदारों से हुई नोकझोंक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** नगर पालिका ने यातायात पुलिस के साथ संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। मंगलवार को पालि. का की टीम ने यातायात पुलिस के सहयोग से शहर के टीपीनगर चौराहे से बिजनौर रोड पर अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान दुकानों से बाहर रखे सामान को हटाया गया। कई दुकानदारों से टीम की नोकझोंक भी हुई। ठेला पटरी के अलावा दुकानों के आगे रखे सामान हटवाया। पालिका कर्मियों ने अतिक्रमण करने वाले दुक. ानदारों को चेताया कि अगर उन्होने आगे ऐसा किया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जबकि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। कुछ दुकानदारों ने टीम के साथ सहयोग किया तथा उनके वहां पहुंचने से पहले ही उन्होंने अतिक्रमण वहां से हटा लिया। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश से यह अभियान चलाया जा रहा है। जो लगातार जारी रहेगा।

# नसबंदी शिविर का लाभ लें लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पुरूष नसबंदी के लिए जनमानस को जागरूक करने के लिए चिकित्साधीक्षक डॉ.योगेन्द्र सिंह ने तीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों के माध्यम से जनमानस को परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया जाएगा। मंगलवार को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से प्रचार वाहन रवाना करते हुए चिकित्साधीक्षक डॉ. योगेन्द्र सिंह ने बताया कि 04 दिसम्बर तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा चलेगा, इसमें भाग लें और नसबंदी कराएं। इससे स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। इस मौके पर डॉ. सौरभ त्यागी, डॉ. पल्लवी गंगवार, बीपीएम मनोज सैनी, अनीता, मयंक वर्मा, चतरपाल, नवनीत बादल आदि मौजूद रहे।

# बहन का हत्यारोपी भाई गिरफ्तार

## सम्पत्ति में हिस्सा मांगने पर भाई ने कर दी थी बहन की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया है। वहीं, आरोपी श्योराज को हिरासत में लेकर पुलिस अभी उससे विवाद और घटनाक्रम को लेकर पूछताछ कर रही है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा अलियारपुर में रहने वाले स्व. भगवान दास के इकलौते बेटे श्योराज सिंह ने सोमवार दोपहर में अपनी छोटी बहन संयोगता की हत्या कर दी थी। इसका कारण दोनों के बीच चल रहा संपत्ति का विवाद था। दरअसल, संयोगता मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स और वहीं एक युवक के साथ लिव इन में रहती थी। बीती 16 अक्तूबर को पिता भगवानदास की मृत्यु के बाद वह घर आकर रहने लगी थी और भाई श्योराज से 35 बीघा जमीन में से अपना छह बीघा हिस्सा मांग रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। वहीं, घटना को अंजाम देकर श्योराज फरार हो गया था। मामले में मां हुकुम देवी ने बेटे श्योराज के खिलाफ बेटी संयोगता की हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद एसपी अमित कुमार आनंद ने हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीम गठित की थी। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया था। मंगलवार को संयोगिता के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक धारदार हथियार से वार करने से पहले श्योराज ने संयोगता का गला घोंटा था। इसके बाद गुस्से में माथे और कनपटी पर किसी भारी वस्तु, नुकीले या धारदार हथियार से हमला किया था। माथे पर हुए वार में संयोगता के सिर की हड्डी टूट गई थी। गर्दन पर भी नाखूनों की खरोंचों के निशान मिले है, जिससे साफ है कि संयोगता ने अपनी जान बचाने के लिए भी जद्दोजहद की थी। दो गहरे घाव के अलावा उसके सिर व चेहरे पर चार जख्म मिले हैं। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मंगलवार को तिगरी घाट पर मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया है।वहीं, मंगलवार शाम को देहात थाना पुलिस ने हत्यारोपी श्योराज को हिरासत में ले लिया है। जिससे फिलहाल अभी पूछताछ की जा रही है।

**■ पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने किया शव का अन्तिम संस्कार**

## विश्व शांति संदेश यात्रा का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** विश्व में शान्ति स्थापित करने के लिए एवं महाबोधि महाविहार बौद्धगमा मुक्ति के आज काशीपुर उत्तराखंड गोविशाम टीला से 25 अलीपुर रोड महामानव बाबा साहिब के महापरिनिर्वाण स्थल तक विश्व शान्ति संदेश यात्रा का आयोजन समय 4 बजे कस्बा जोया बाजार में आगमन शुरू किया गया, जो इकौदा रोड से होते हुए ग्राम सरकारी अजीज में श्री अजीत कुमार संस्थापक सदस्य के संरक्षण में अंबेडकर पार्क सरकड़ी अजीज पर रात्रि विश्राम के करेगी जबकि अगलने दिन गढ़मुक्तेश्वर हेतु प्रस्थान किया जाएगा।

## लावारिस बच्चों को माता-पिता से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने बिछड़े हुए बच्चे को उसके माता-पिता से मिलवा दिया। बच्चे को सकुशल देखकर माता-पिता का चेहरा खुशी से खिल उठा। कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बीझलपुर में सोमवार को एक 7 वर्षीय लावारिस बच्चा ग्रामीणों को मिला था। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई तो वह बच्चे को कोतवाली ले आयी। पुलिस ने बच्चों को उसके परिजनों से मिलवाने के लिए अभियान छेड़ दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरो को खंगालना शुरू कर दिया था। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पड़ोसी गांव पहाड़पुर निवासी माता-पिता को बच्चे को सौंप दिया गया। बच्चे के बिछड़ जाने के कारण माता-पिता काफी परेशान थे। खोये हुए बच्चे को पाकर माता-पिता खुशी के मारे झूम उठे। माता-पिता ने पुलिस को बच्चा उनसे मिलवाने पर उनका आभार किया है।

## ब्रजघाट चौकी का हुआ जीर्णोद्धार

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने जीर्णोद्धार के बाद ब्रजघाट पुलिस चौकी का फीता काटकर उद्घाटन किया। एसपी अमित कुमार आनन्द ने बताया कि ब्रजघाट धार्मिक व पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहां रोजना बड़ी संख्या में श्रद्धालु व यात्री आते हैं। ऐसी स्थिति में क्षेत्र त्वरित पुलिस उपलब्धता व शांति बनाये रखने के लिए नई चौकी की आवश्यकता थी। उन्होंने उम्मीद जतायी कि जीर्णोद्धार से नवनिर्मित चौकी क्षेत्र में गश्त व निगरानी में और तेजी आयेगी। इस अवसर पर एएसपी अखिलेश भदौरिया व सीओ धनौरा भी मौजूद रहे।



# विद्यार्थियों ने किया बाल कल्याण समिति का शैक्षिणक भम्रण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विधि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के एक समूह ने विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित न्याय पीठ बाल कल्याण समिति बिजनौर का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान ने शैक्षिणक भ्रमण हेतू समूह को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने विद्यार्थियों को अवगत कराया की वर्तमान समय मे मोबाइल फोन का उपयोग सही एवं गलत दोनों प्रकार के कार्यो को करने मे किया जा सकता है। विद्यार्थियों को चाहिये की वे मोबाईल फोन का सदुपयोग करें न की दुरूप्रयोग। समिति की सदस्या डॉ. शालिनी सिंह ने विद्यार्थियों को समिति की कार्य प्रणाली से अवगत कराया एवं विस्तार पूर्वक पोक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी प्रदान की।

समिति के सदस्य मौहम्मद मो. हसिन ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने आस पास एवं अपने छोटे भाई-बहनों जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो उनको जागरूक करे और उन्हें विभिन्न प्रकार के व्यभिचारों एवं बुरी सगतों से बचाए। इस अवसर पर समिति की अन्य सदस्या श्रीमति सविता शर्मा व सुषमा शर्मा भी उपस्थित रही।

# भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (ए.राजनी. तिक) की मासिक बैठक संगठन के पदाधिकारियों और भारी संख्या में पहुंचे किसानों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी ने की। इस दौरान किसानों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई और समस्याओं के समाधान हेतु तहस. ीलदार धामपुर को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

संगठन ने ज्ञापन में कहा कि अंश निर्धारण में गड़बड़ियां लगातार सामने आ रही हैं, जिनका दुरुस्तीकरण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे किसानों को राजस्व संबंधित कार्यों में परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। इसी प्रकार मौजा रानी नांगल की बंद खतौनी अब तक नहीं खोली गई है, जिसके चलते ग्रामीणों को भू-लेख संबंधी कार्यों में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में यह भी बताया गया कि आवारा पशु किसानों की फसलों को चौपट कर रहे हैं और सड़कों पर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद इन्हें नियंत्रित करने के कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे। ग्रामीण किसानों का कहना है कि यदि स्थिति ऐसी ही रही तो रबी फसल भी पूरी तरह प्रभावित होगी। इसके अतिरिक्त गुलदार, जंगली हाथी एवं अन्य जंगली जानवरों द्वारा खेतों में नुकसान तेजी से बढ़ रहा है। किसानों ने मांग की कि वन विभाग जंगली जानवरों को जंगल की ओर मोड़ने के लिए उचित संसाधन और सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराए।

बिजली व्यवस्था को लेकर ब्लॉक स्योहारा के ग्राम जाट नगला में घरेलू उपभोक्ताओं को मात्र 10 किलोवाट के ट्रांसफार्मर से 20 कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे ट्रांसफार्मर लगातार ओवरलोड रहता है। किसानों ने मांग की कि इसे तत्काल 10 केवीए ट्रांसफार्मर से बदला जाए तथा एलटी केबल लगाकर सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।


**कार्यालय नगर पंचायत जोया, जनपद अमरोहा**

पत्रांक: 401/न.प.जोया/2025 दिनांक: 28.11.2025

**अति अल्पकालीन कुटेशन सूचना**

राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊ के निर्देशानुसार एंव जिलाधिकारी महोदय अमरोहा के कार्यालय के पत्र 642/ जि.आ.प्र. प्रा. / शीत लहर-2025-26 दिनांक 27 नवम्बर 2025 द्वारा आगामी शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए असहाय एंव निराश्रित व्यक्तियों को रैन बसेरों में एंव अलाव जलाने की व्यवस्था की जानी है इच्छुक ठेकेदार /आपूर्तिकर्ता से सोखता लकड़ी की आपूर्ति हेतु दिनांक 06.12. 2025 को प्रात: 11:30 बजे तक कुटेशन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि व समय पर अपनी कुटेशन कार्यालय में दे सकते है, अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को कुटेशन स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार होगा, अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी अध्यक्ष

# कमिश्नर एवं डीएम ने मृत बीएलओ के बच्चों को दिए 10 लाख

■ हार्टअटैक से निधन के बाद पांच-पांच लाख रुपये का चेक प्रदान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर भूपेन्द्र एस0 चौधरी और डीएम अविनाश सिंह ने दिवंगत सहायक अध्यापक एवं बीएलओ सर्वेश कुमार गंगवार के बच्चों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहायता राशि प्राथमिक विद्यालय परधौली, भोजीपुरा में आयोजित एक कार्यक्रम में दी गई। सर्वेश कुमार गंगवार का हाल ही में हार्टअटैक से निधन हो गया था।

मृतक सर्वेश कुमार गंगवार के दोनों बच्चों, अहाना गंगवार और अयांश गंगवार, को 5-5 लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए। यह धनराशि प्रशासनिक अधिकारियों के एक दिन के वेतन को एकत्र करके जुटाई गई थी।

इस अवसर पर कमिश्नर और डीएम ने बताया कि सर्वेश कुमार गंगवार का बीएलओ के रूप में कार्य सराहनीय था, उन्होंने 46 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया था।

अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि यह धनराशि बच्चों के नाम पर एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) कराई जाएगी।

डीएम अविनाश सिंह ने यह भी घोषणा की कि सर्वेश कुमार गंगवार के छोटे भाई को सभी आवश्यक औपचारिकताओं के बाद संविदा के आधार पर जल्द ही नौकरी प्रदान की जाएगी।

# 3.15 करोड़ राइस मिल घोटाला: सपा विधायक के बहनोई-बहन फंसे

■ बरेली कॉलेज के रिटायर्ड प्रोफेसर बहनोई और बहन का नाम विवेचना में आया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** करोड़ों रुपये के राइस मिल सौदा घोटाले की जांच अब नए मोड़ पर पहुंच गई है। नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन हाजी जमील अहमद के बेटे सलीम अख्तर से 3.15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने सपा विधायक अताउर्रहमान की बहन फरजाना और बहनोई नसीम अख्तर का नाम भी शामिल किया है। नसीम अख्तर बरेली कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं।

सलीम अख्तर ने 16 अक्टूबर 2023 को इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि मोहम्मदपुर रोड स्थित एचके इंडस्ट्री राइस मिल पर नैनीताल बैंक का भारी कर्ज था। मिल डिफॉल्टर होने के कारण इसके 10 साझीदारों ने 2 नवंबर 2020 को 3.15 करोड़ रुपये में मिल का सौदा किया था। सलीम अख्तर के अनुसार, सौदे के तहत 1.20 करोड़ रुपये बैंक में चेक के माध्यम से जमा किए गए, जबकि शेष राशि साझेदारों को नकद दी गई थी। उसी दिन इकरारनामा भी तैयार हुआ था, जिसमें सौदे का पूरा विवरण दर्ज था।

इकरारनामे में उसी दिन मिल का कब्जा देने की शर्त भी शामिल थी, लेकिन साझेदार लगातार कब्जा देने में टालमटोल करते रहे। जब सलीम को यह जानकारी मिली कि सभी साझेदार राइस मिल का सौदा किसी अन्य व्यक्ति से कर रहे हैं, तो उन्होंने तुरंत मामला दर्ज कराया। पहले इस मामले में हाजी कमरुद्दीन, बदरुद्दीन, नूरुद्दीन, मोइनुद्दीन उर्फ भूरा, नसरुद्दीन, जहीरुद्दीन समस्त निवासीगण मोहल्ला मोहम्मदपुर, मुख्तियार अहमद और अफसाना निवासी टांडा पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

सीओ बहेड़ी अरुण कुमार ने बताया कि विवेचना के दौरान मिल की साझेदारी और वित्तीय लेनदेन संबंधी साक्ष्य खंगाले गए। इसमें पता चला कि मिल के 30 प्रतिशत हिस्सेदार फरजाना और नसीम अख्तर भी हैं।

नसीम अख्तर ग्रीन पार्क, बरेली के निवासी हैं और बरेली कॉलेज से प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वित्तीय साक्ष्यों के आधार पर विवेचक धर्मेंद्र सिंह ने दोनों के नाम केस में विस्तारित कर दिए हैं।

सीओ अरुण कुमार ने बताया कि दोनों पर आरोप से जुड़े साक्ष्य मिले हैं और आगे भी विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में नाम आने पर सपा विधायक अताउर्रहमान ने सफाई देते हुए कहा है कि इस प्रकरण से उनका कोई लेना-देना नहीं है। शिकायतकर्ता और जिन रिश्तेदारों का जिक्र किया जा रहा है, वे खुद आपस में चाचा भतीजे हैं। यह पूरी तरह दोनों पक्षों का व्यक्तिगत विवाद है।

## एक नजर

# एसआईआर साजिश है दलित पिछड़े अल्पसंख्यक वोटों को काटने की: अताउर्रहमान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर से सटे गांव रिछौला किफायतुल्ला में एक जरी कारोबारी के कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे बहेड़ी विधायक और सपा के प्रदेश महासचिव अताउर्रहमान ने सरकार के एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह एक साजिश है दलित पिछड़े अल्पसंख्यक के वोट काटने की। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कई बार इसकी समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग की, लेकिन उसपर कोई ध्यान नहीं दिया गया। समय कम होने की वजह से बीएलओ पर भारी दबाव है, जिसके कारण कई बीएलओ आत्महत्या तक कर चुके हैं।

विधायक ने आरोप लगाया कि सरकार बिना पर्याप्त तैयारी और संसाधन उपलब्ध कराए कर्मचारियों व आम जनता दोनों पर अनावश्यक दबाव डाल रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया लोगों को मानसिक तनाव में धकेल रही है और तुरंत सुधार की जरूरत है। उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, भदपुरा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार, नगर पंचायत सेंथल के चेयरमैन कंबर एजाज शानू, राइस मिल एसोशिएशन के पूर्व अध्यक्ष हाजी शफी हुसैन उर्फ शफफन मियां, वरिष्ठ अधिवक्ता शारिक खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

विधायक ने एसआईआर प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाने की मांग की, ताकि लोगों को दस्तावेजों के सत्यापन में राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जनहित को देखते हुए शासन को इस मुद्दे पर संवेदनशीलता से विचार करना चाहिए। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से इसमें जुटने का आवाहन करते हुए कहा कि किसी का भी वोट बनने से न रह जाए।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** मंगलवार सबह अपने घर के सामने झाड़ू लगाकर सड़क पार कर रही 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग महिला को परिजन इलाज को बहेड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां इलाज के दौरान महिला की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पी एम को भेज दिया।

थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका ऊषा देवी 70 वर्ष पत्नी भोलेनाथ निवासी मानपुर का शीशगढ़ बहेड़ी मार्ग पर टीवीएस बाइक एजेंसी के सामने घर है। बुजुर्ग महिला मंगलवार सुबह अपने घर के सामने पड़े पत्तों को झाड़ू लगाकर सड़क के दूसरी तरफ डाल रही थी। इसी बीच बचे पत्तों को लेकर वह सड़क पार कर रही थीं कि शीशगढ़ की तरफ से एक अज्ञात कार तेजी से आई और महिला को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज लगी कि बुजुर्ग महिला लगभग 20 फिट उछलकर आगे गिरी। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। घायल वृद्धा को परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहेड़ी ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# जांच कमेटी ने की मंडी पहुंचकर धान खरीद केन्द्र की जांच

■ टीम को सही तरह से जवाब नहीं दे पाया किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** जिलाधिकारी द्वारा गठित की गई टीम ने कृषि उत्पादन मंडी समिति पहुंचकर धान खरीद केंद्र की जाँच की। एंटी करप्शन से शिकायत करने वाले किसान के धान की मात्रा और सत्यापित पंजीकरण की मात्रा का मिलान करने के बाद टीम ने किसान से कई सवाल किये जिसका वह सही तरह से जवाब नहीं दे पाया। प्रशासन को यह भी पता चला है कि जिस व्यापारी के साथ मिलकर किसान धान खरीद का धंधा कर रहा है, उसपर पूर्व में फायरिंग करने के मामले में मुकदमा दर्ज हो चुका है।

मंगलवार को तहसीलदार भानू प्रताप, एडीसीओ और मंडी समिति सचिव ने मंडी समिति पहुंचकर मंडी यार्ड में पड़े सुनील कुमार के धान की जांच की। जांच में सत्यापित पंजीकरण में दो कुंतल 98 किलो धान खरीद होने की मात्रा पाई गई, जबकि मौके पर तकरीबन 100 कुंटल धान पड़ा मिला। टीम के सामने किसान ने एक बारघ बयान दिया कि उसके खेत का धान है, जबकि 100 कुंटल धान के मुकाबले उसके खेत का रकवा बेहद कम है।

अब टीम उसके गांव जाकर राजस्व की टीम के साथ मुआयना करेगी। टीम अब सुनील कुमार के पीछे धान खरीद का काम करने वाले उसके गांव के पास के व्यापारी का पता निकाल चुकी है। टीम ने बताया कि इस प्रकरण में जांच चल रही है अगर किसान धान खरीद के मामले में दोषी हुआ तो किसान के साथ-साथ उसके साथ काम करने वाले व्यापारी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

यहां यह बता दें कि पिछले सप्ताह बहेड़ी मंडी में सहायक विपणन निरीक्षक को एंटी करप्शन ने रिश्वत लेने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भिजवा दिया था। जिस किसान ने सहायक विपरण निरीक्षक पर आरोप लगाया था वही किसान आज खामोशी से अपना धान कट्टों में भरकर मंडी से उठा ले जा रहा था। इसकी सूचना जैसे ही उच्च अधिकारियों को मिली तभी अधिकारी बहेड़ी मंडी पहुंचकर एडीसीओ सहकारिता और तहसीलदार बहेड़ी द्वारा धान की ढेरी का मुआयना कराया गया, और बहेड़ी मंडी सचिव द्वारा जांच पूरी न होने तक उसे ढेरी को उठाने से मना कर दिया गया।

साथ-साथ किसान के भी बयान लिखित में दर्ज किए गए हैं।

# सेंथल में एसआइआर का कार्य पूर्णता की ओर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** चुनाव आयोग ने विशेष गहन निरीक्षण (एसआइआर) के लिए भले ही सात दिन बड़ा दिए गये हों, लेकिन सेंथल नगर में बड़ी मात्रा में कार्य अपनी पूर्णतया की ओर है।

बीएलओ के सहमित्र बनकर नगर के युवाओं ने व भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर वितरण किये फार्मों को जमा कराया व नगर में अनुपस्थित लोगों की जानकारी जुटा कर कार्य को पूर्णतया की। बड़ी संख्या में मृत लोगों के, शादी हो चुकी बालिकाओं के डबल वोट व नगर से बाहर शिफ्ट हो चुके मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिये गये हैं।

मंडल महामंत्री उमाकांत जोशी व विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष देवल, सेवाराम मौर्य ने विभिन्न वार्डों में घूम-घूम कर लोगों को जागरूक किया, व एसआइआर के बारे में विस्तार से समझाया। लेखपाल वसीम व लेखपाल जीशान, अकरम खान आदि ने बीएलओ के साथ मिलकर रह गये लोगों की समस्या का समाधान किया। मंडल अध्यक्ष ब्रह्मदत्त अवस्थी, राहुल गुप्ता, अंकित गुप्ता, अनुभव शर्मा, याकूब अली जैदी, अली शहीर जैदी, जामिन अजहर नकवी, मुक्तजा जैदी, हरिशंकर मौर्य, डॉ. लेखराज मौर्य आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण होने पर एसडीएम ने बीएलओ को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एसआईआर को लेकर जहां बीएलओ भारी दबाव के चलते आत्म हत्या कर रहे हैं, वहीं आज एसडीएम उदित पवार ने क्षेत्र के डेढ़ दर्जन बीएलओ को उनका कार्य शत प्रतिशत पूर्ण होने पर उन्हें सम्मानित किया।

तहसील सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में एसडीएम उदित पवार ने क्षेत्र के बसन्त कुमार, सुमन कुमारी, प्रमोद कुमार, लक्ष्मी, अनिल कुमारी, आविद हुसैन, नरेन्द्र गंगवार, वसीम अहमद, विजय पाल, अब्दुल हकीम, विजय पाल, कपिल देव, भूपेंद्र सिंह, अरुण भारद्वाज, विकास कुमार, सुमित मिश्रा, वेदरानी सहित कई बीएलओ का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण होने पर उन्हें सम्मानित किया।

इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य, वीआरसी मोहित मिश्रा मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी उदित पवार ने क्षेत्र के अन्य बीएलओ से अपना कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ से प्रेरणा लेकर अपना कार्य भी समय से पूरा करने को कहा है।

# बिजली का बिल जमा करने के नाम पर दोस्त ने कर डाली 40 हजार की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पिछले कई दिनों से रिपोर्ट लिखाने को चक्कर काट रहे युवक की तहरीर पर पुलिस ने दोस्त के खिलाफ 40 हजार रुपए हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्षेत्र के गांव मुड़िया तेली के रहने वाले ताहिर हुसैन के पुत्र गालिब हुसैन की कस्बे के नगर पालिका मार्केट में दुकान है, जिसपर जनपद पीलीभीत के थाना जहानाबाद के ग्राम वार नवादा के रहने वाले उसके दोस्त अमित कुमार का आना जाना था। उससे बातचीत करने पर गालिब हुसैन ने कहा कि उसके एक रिश्तेदार का बिजली का बिल काफी अधिक आ गया है, दोस्त के पूछने पर गालिब ने बताया कि बिल 51 हजार का है, जिसपर उसके दोस्त अमित ने कहा कि उसकी बिजली विभाग में अच्छी जान पहचान है वह उसका बिल ठीक करा देगा।

अपने दोस्त की बातों में आकर गालिब ने 24 फरवरी से लेकर अप्रैल के बीच 40,600 रुपये ऑनलाइन कर दिए, और जल्द रसीद देने की बात कही। जब उसका बिल जमा नहीं हुआ तो गालिब ने अपने दोस्त से बिल जमा न होने की बात कही, जिसपर उसने कहा जमा हो जाएगा।

जब बिल जमा नहीं हुआ तो गालिब ने दिए गए अपने रुपये वापस मांगे तो वह ताल मटोल करने लगा। कई बार कहने के बाद भी उसने रुपए वापस नहीं किए तो उसने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिस पर हलका दरोगा ने उसे बुलाया और जमकर हड़काया, जिसपर उसने पैसे लौटाने का लिखित वायदा किया था, लेकिन इस वायदे पर भी उसने रुपए नहीं लौटाए।

जब उसने उसे फोन किया तो वह बौखला गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। घटना की तहरीर गालिब हुसैन ने पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने उसके दोस्त अमित कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कमिश्नर एवं डीएम ने एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ व सुपरवाइजर को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर भूपेन्द्र एस0 चौधरी एवं डीएम अविनाश सिंह द्वारा मंगलवार भारत निर्वाचन आयोग 01.01.2026 के आधार पर हो रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ व सुपरवाइजर को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि आप सभी लोकतंत्र प्रहरियों को देखकर मुझे यह आश्वासन मिला है कि वास्तव में आप द्वारा मतदाता सूची का पूरी तरह से शुद्धीकरण कर दिया गया है। एक स्वस्थ और पारदर्शी लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची का त्रुटि रहित होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के अनुभवों से पता चलता है कि जिन लोगों ने बीएलओ रजिस्टर भली प्रकार से बनाया है उन्हें कार्य करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं आ रही है। आप सभी द्वारा अच्छा कार्य किया गया है इस बात की प्रसन्नता है, लेकिन दुख इस बात का है कि एक साथी अब हमारे बीच नहीं रहा। इस अवसर पर डीएम द्वारा बीएलओ को लोकतंत्र के प्रहरी के रुप में संबोधित करते हुए समस्त बीएलओ व सुपरवाइजर की उन्मुक्त कंठ से भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समस्त बीएलओ व सुपरवाइजरगण द्वारा बहुत मेहनत और लगन के साथ कार्य किया गया है। आज भी निरीक्षण के दौरान बालजती विद्यालय में पाया गया कि एएसडी वोटर्स का भली प्रकार रजिस्टरों में अंकन कर कारण लिखे गए हैं। आज प्रत्येक विधानसभा से उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ व सुपरवाइजर को सम्मानित किया जा रहा है। उक्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा जो उनकी व्यक्तिगत पत्रावली में भी संरक्षित कराया जायेगा।

अपर जिलाधिकारी(वि/रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि फाउंडेशन लिस्ट 2003 के आधार पर आपके द्वारा मतदाता सूची को त्रुटि रहित करने की दिशा में बहुत मेहनत से कार्य समस्त बीएलओ द्वारा किया जा रहा है, तथा बहुत से बीएलओ द्वारा कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। आज समस्त विधानसभा से उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ व सुपरवाइजर को सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर बीएलओ ने अपने-अपने अनुभव भी साझा किए। सम्मानित होने वाले बीएलओ में विधानसभा बहेड़ी, मीरगंज, भोजीपुरा, नवाबगंज, फरीदपुर, बिथरी चैनपुर, बरेली शहर, बरेली कैण्ट, आंवला के बीएलओ शामिल हैं। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम नगर सौरभ दुबे, एडीएम न्यायिक देश दीपक, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, एसडीएम सदर, नवाबगंज, मीरगंज, आंवला, एसीएम प्रथम/द्वितीय, आदि उपस्थित रहे।

# मासूम चेहरों पर मुस्कान लौटा रही योगी सरकार

## बरेली में टास्क फोर्स की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 255 बच्चे कराये अवमुक्त

■ 2027 से पहले यूपी बाल श्रम मुक्त: सहायक श्रमायुक्त ने कहा कि प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम मिला तो होगी सीधी कार्रवाई

■ बरेली श्रम विभाग का ऑपरेशन क्लीन: 173 से ज्यादा प्रतिष्ठानों में छापे, खतरनाक श्रम में मिले चार नाबालिग

■ सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में बाल श्रम उन्मूलन व पुनर्वास में प्रदेश के सभी जिलों को पीछे छोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**(मो० इरफान मुनीम)**



**बरेली।** योगी सरकार ने वर्ष 2027 तक पूरे उत्तर प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसी क्रम में श्रम विभाग ने प्रदेश भर के प्रतिष्ठान स्वामियों और नियोजकों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी रूप में बाल या किशोर श्रमिकों को नियोजित न किया जाए, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बाल श्रमिकों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने के विशेष अभियान के तहत बरेली को बाल श्रम मुक्त जिला बनाने की दिशा में तेज और सतत अभियान चलाया जा रहा है। सहायक श्रमायुक्त बरेली बाल गोविंद ने बताया कि टास्क फोर्स ने अप्रैल 2025 से नवंबर 2025 तक 173 से ज्यादा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया, जिनसे 245 बाल एवं किशोर श्रमिकों को मुक्त कराया गया। इनमें 4 बच्चे 14 वर्ष से कम आयु के थे, जिनमें से एक का शैक्षिक पुनर्वास बीएसए के माध्यम से कराया गया है। एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक बरेली में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान में सोमवार को पहले दिन दस बच्चों को अवमुक्त कराया गया। अप्रैल 2025 से एक नवंबर 2025 तक वर्तमान में बाल श्रम से जुड़े 249 मामलों में कार्यवाही की जा रही है। इसमें 56 केस न्यायालय में विचाराधीन हैं। 23 मामलों में कोर्ट का निर्णय आ चुका है। इनमें 60,000 का जुर्माना लगाया गया है। शेष मामलों में जांच और कार्रवाई जारी है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में डीएम अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में बरेली में श्रम विभाग ने जन-जागरूकता यात्रा, हस्ताक्षर अभियान, संगोष्ठी व व्यापारियों के संवाद कार्यक्रम आयोजित किये हैं। इसका उद्देश्य बाल श्रम को सामाजिक अपराध के रूप में चिन्हित करना, प्रतिष्ठान स्वामियों को जागरूक करना, मुक्त कराए गए बच्चों का शैक्षिक और आर्थिक पुनर्वासन कराना है। सहायक श्रम आयुक्त बाल गोविंद ने बताया कि 1-15 दिसंबर तक विशेष अभियान चल रहा है। इसी क्रम में 1 दिसंबर को 10 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। उन्होंने कहा किसी भी प्रतिष्ठान में बाल या किशोर श्रमिक पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई तय है।

### प्रतिष्ठानों को निर्देश, बाल श्रमिक न रखें, अन्यथा कार्रवाई होगी

श्रम विभाग ने दोहराया कि बाल श्रमिकों का नियोजन पूरी तरह प्रतिबंधित है। सभी प्रतिष्ठान स्वामियों से अपील है कि कम आयु-वर्ग के बाल श्रमिक को न रखें, किशोर श्रमिकों का रोजगार कानून सम्मत न होने पर भारी दंड का सामना करना पड़ेगा, शिकायत मिलने पर तत्काल टास्क फोर्स कार्रवाई करेगी।

### प्रदेश में बरेली श्रम विभाग का अव्वल प्रदर्शन, शीर्ष रैंकिंग में

सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में बरेली श्रम विभाग प्रदेश के शीर्ष जिलों में शामिल है। बढ़िया निरीक्षण, त्वरित नियमन और पुनर्वासन कार्यों ने जिले को पूरे प्रदेश में अग्रणी बनाया है। सहायक श्रम आयुक्त बाल गोविंद के ने बताया कि बरेली में 521000 श्रमिक उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड में पंजीकृत हैं। 180000 श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि बरेली श्रम विभाग श्रमिक कल्याण, बाल श्रम उन्मूलन और पुनर्वासन में प्रदेश का लीडर बनकर उभरा है।

# एडवांस योग वेलनेस सेंटर का भव्य शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** एडवांस हेल्थ केयर के अंतर्गत एडवांस योग वेलनेस सेंटर का शुभारंभ शहर में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एम.एस. त्रिपाठी (प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज ने दीप प्रज्वलित कर सेंटर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में योग मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग को अपनाकर न सिर्फ रोगों से दूरी बनाई जा सकती है, बल्कि व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मकता और आनंद भी बढ़ा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है, जो व्यक्ति को अंदर से मजबूत बनाती है। महिला अध्यक्ष अनिता गुप्ता एवं अन्य अतिथियों ने भी योग के महत्व पर अपने विचार साझा किए। योग प्रशिक्षक राजेश कुमार शर्मा एवं योगाचार्य अर्पित वशिष्ठ ने लोगों को योग के विभिन्न आयामों और इसके वैज्ञानिक लाभों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन नितेश मोहन अग्रवाल ने किया। संस्थान द्वारा यह बताया गया कि सेंटर में नियमित योग सत्र, चिकित्सीय योग, मेडिटेशन और वेलनेस काउंसलिंग जैसी सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन जी सकें।

एडवांस हेल्थकेयर ने एडवांस योग व वेलनेस सेंटर के माध्यम से विभिन्न रोगों का योग द्वारा उपचार करने के लिए नि:शुल्क कैंप लगाया। इस कैंप में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, थायरॉयड, बच्चों की जाँच, फिजियोथेरैपी आदि की जांचें और ओपीडी निशुल्क की गईं। इस कार्यक्रम की जानकारी सेंटर इन्चार्ज संचित गौतम ने दी।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# जेल रोड पर पुलिस वर्दी टेलर की दुकान में लगी भीषण आग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र जिला कारागार के पास स्थित पुलिस वर्दी टेलर की दुकान में मंगलवार अचानक भीषण आग लग गई। दुकान से उठते धुआँ और आग की लपटें देखकर इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी।जानकारी के अनुसार, यह दुकान बारादरी निवासी मुबारक अली की है, जो कई वर्षों से पुलिस वर्दी सिलाई का काम करते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दुकान से अचानक तेज धुआँ निकलने लगा, जिसके बाद आग ने देखते-देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की आशंका जताई जा रही है।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी तेज थी कि दुकान में रखे तैयार कपड़े, मशीनें, कपड़े के रोल, फर्नीचर और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर खाक हो गई।दुकान मालिक मुबारक अली के अनुसार, आग से 10 से 11 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। वहीं आसपास मौजूद लोगों ने भी बताया कि आग की लपटें इतनी भयंकर थीं कि आस-पास की दुकानों में भी फैलने का खतरा पैदा हो गया था। समय पर दमकलकर्मियों के पहुंच जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। आग की यह घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के जेल रोड की है। पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

अधिकारियों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह लग रही है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।फिलहाल आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया है, लेकिन घटना के बाद से स्थानीय लोगों में दहशत और दुकानदारों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

# बीएलओ सर्वेश सिंह को न्याय दिलाने की मांग को लेकर शिव सैनिकों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में बीएलओ पर बढ़ते दबाव और लगातार हो रही आत्महत्या की घटनाओं के मद्देनजर शिवसेना सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। इसी क्रम में शिवसेना की ओर से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजकर एसआईआर की सीमा अवधि बढ़ाने, तथा मुरादाबाद जनपद के दिवंगत बीएलओ सर्वेश सिंह के परिवार को आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी दिलाने की मांग उठाई गई है।ज्ञापन में कहा गया है कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे देश में एसआईआर के तहत वोटरों के सत्यापन, मतदान सूची अद्यतन और अभिलेखों में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस प्रक्रिया में बीएलओ और संबंधित कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव डाला जा रहा है, जिसके चलते उत्तर प्रदेश में अब तक सात बीएलओ की जान जा चुकी है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक तंत्र की गंभीर खामियों को उजागर करती है बल्कि कर्मचारियों में भय और असुरक्षा का माहौल भी पैदा कर रही है।मुरादाबाद के बीएलओ सर्वेश सिंह द्वारा हाल ही में आत्महत्या किए जाने का मामला पूरे प्रदेश में तूल पकड़ रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उनके बयान और वीडियो ने जनता में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ कई संगठनों ने प्रशासनिक दबाव और उत्पीड़न को इस घटना का कारण बताया है।शिवसेना ने दिए गए ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की है कि एसआईआर की सीमा अवधि को तुरंत बढ़ाया जाए, ताकि बीएलओ पर अनावश्यक दबाव न पड़े।बीएलओ सर्वेश सिंह के परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देकर भविष्य को सुरक्षित किया जाए।शिवसेना का कहना है कि बीएलओ निचले स्तर पर लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत रखने वाले सबसे महत्वपूर्ण कर्मियों में से एक हैं, और उनके सुरक्षा, सम्मान तथा मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।



## एक नजर

### एसआईआर को लेकर शिक्षक न ले तनाव, संघ आपके साथ: गौरव यादव

**कांठ (शाह टाइम्स)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई छजलैट मुरादाबाद के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य कर रहे शिक्षको से अपील करते हुए कहा कि वह अपने कार्य को बिना किसी तनाव के समय से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या आ रही है तो अपने अन्य बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइजर और तहसील कर्मचारियों से संपर्क करे। अपनी समस्या को जरूर एक दूसरे से साझा करें।किसी भी बीएलओ को किसी भी प्रकार का तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए शिक्षक साथी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट टीम द्वारा किसी भी समय संपर्क कर सकते है।हमारी टीम के प्रत्येक सदस्य द्वारा पूर्ण निदान कराया जाएगा।कोई भी साथी कार्य के दबाव में स्वयं के विरुद्ध आत्मघाती कदम, जैसा नकारात्मक विचार मन में भी नहीं आने देना है।पहले स्वयं व परिवार का ध्यान रखिये।संगठन आपके अधिकार और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन हर परिस्थिति में सभी शिक्षकों के साथ खड़ा है।



### स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री को पत्र भेज कर उठाई झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**कांठ (शाह टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी में महिला मोर्चे की पूर्व जिला उपाध्यक्ष फहमीदा सुल्तान ने उप मुख्यमंत्री चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण को पत्र लिखा और क्षेत्र में चल रहे झोलाछाप चिकित्सको के चिकित्सा व्यवसाय की जांच कराए जाने की मांग की उन्होंने कहा कि मुरादाबाद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर झोलाछाप चिकित्सक भोली भाली जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं इनके खिलाफ पूर्व में कार्रवाई हो चुकी है लेकिन इसके बावजूद भी इन्होंने नाम बदलकर अपना चिकित्सा व्यवसाय शुरू कर दिया है। जिससे आए दिन लोगों को स्वास्थ्य लाभ की जगह नुकसान उठाना पड़ रहा है पत्र में बताया कि अमृत क्लिनिक सिटी क्लिनिक डॉक्टर मोहन और केजीएन क्लिनिक आलिया क्लिनिक मेडिकेयर अर्पित क्लिनिक लाइफ केयर क्लीनिक एन के क्लीनिक आर्य क्लिनिक नवयुग क्लिनिक आदि के खिलाफ सन 2024 और 2025 में संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई की गई लेकिन इसके बाद इनमें से ज्यादातर ने नाम बदलकर पुन: चिकित्सा व्यवसाय शुरू कर दिया इससे भोली भाली जनता के स्वास्थ्य के साथ निरंतर खिलवाड़ हो रहा है उन्होंने इन चिकित्सालय की जांच करा कर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

### बीएलओ की बैठक बुलाकर कराया दिशा निर्देशों से अवगत



**कांठ (शाह टाइम्स)** एसडीएम ने बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक बुलाकर चुनाव आयोग से मिले नए दिशा निर्देशों से अवगत कराया दोपहर को बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक का आयोजन तहसील सभागार में किया गया जिसमें उन्होंने अपना कार्य पूर्ण कर चुके एवं अधूरे कार्य वाले बीएलओ को समय रहते काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा अब इस दौरान की गई गलती में सुधार का विकल्प भी दिया गया है जिसे ऑनलाइन कोई भी मतदाता उसका उपयोग कर एडिट कर सकता है इसके अलावा आयोग से आए हुए नए नियमों और निर्देशों से उन्हें अवगत कराया गया कहा गया कि राजनीतिक दलों से बनाए गए बीएलए से संपर्क कर इस कार्य को समय रहते पूर्ण कराए।

### पेड़ काटने के बारे में जानकारी करने पर डिप्टी रेंजर को मिली धमकी, मामला दर्ज

**कांठ (शाह टाइम्स)** उमरी कस्बे में नहर के पास तीन आम के पेड़ों का अवैध कटान हुआ था जिसकी जानकारी करने डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह हमराही राजेंद्र सिंह व अमरजीत सिंह के साथ मौके पर पहुंचे खेत मालिक नसीम द्वारा बताया गया कि उक्त पेड़ सलाउद्दीन उर्फ पिद्दी द्वारा काटे गए हैं डिप्टी रेंजर क्षेत्र में थे तभी उनके मोबाइल पर फोन आया और उसने अपना नाम पिद्दी बताते हुए गालियां देनी शुरू कर दी और कहा कि तुम मुझे पेड़ काटने से रोकोगे मैं तुम्हें नौकरी करना सिखा दूंगा और महिला से एफआईआर कराकर कर तेरी जिंदगी भी बर्बाद कर दूंगा आरोप है कि इसके बाद उनके मोबाइल पर कई कॉल आई एक बार कॉल रिसीव की तो महिला ने धमकाना शुरू कर दिया डिप्टी रेंजर थाने पहुंचे और उन्होंने पिद्दी और महिला के खिलाफ तहरीर देकर उनसे जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### टिमिट में उद्यमिता का सफल आयोजन

**मुरादाबाद।** टिमिट, टीएमयू दिल्ली रोड, मुरादाबाद के द्वारा 'उद्यमिता 2025' नामक एक विशेष बिजनेस मॉडल विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने नवाचारपूर्ण व्यावसायिक विचारों और मॉडल्स को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में उद्यमिता कौशल, नवोन्मेषी सोच और व्यावहारिक व्यवसायिक समझ विकसित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) के माननीय वाइस चांसलर प्रोफेसर वी.के. जैन ने शिरकत की। उन्होंने छात्रों के उत्साह, सृजनशीलता और प्रस्तुति कौशल की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही भविष्य के उद्योगों की आधारशिला है। ऐसे कार्यक्रम उन्हें वास्तविक दुनिया के लिए तैयार करते हैं।



समापन सत्र में विजेता टीमों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। जिसमें फर्सट प्राइस नेवर ब्रो को रहा बीबीए फर्स्ट सेमेस्टर, सेकंड प्राइस टेनजी टेल्स को मिला बीकॉम ऑनर्स फर्स्ट सेमेस्टर, थर्ड प्राइस अर्थी टच को मिला एमबीए तृतीय सेमेस्टर, चौथा प्राइस स्पिरिचुअल स्प्रे को मिला बीबीए फर्स्ट सेमेस्टर बाकी कंसोलेशन प्राइसेज भी दिए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों की भूमिका प्रशंसनीय रही।

# गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं स्वच्छ वायु के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु एक जागरूकता रैली निकाली गई।कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करने से हुई।

छात्राओं ने "स्वच्छ वायुख्रस्वस्थ जीवन", "पर्यावरण बचाओख्रभविष्य बचाओ", "प्रदूषण मुक्त शहरख्रहमारी जिम्मेदारी, ष्जल जंगल जमीन बचाएं, प्रदूषण को दूर भगाएंष जैसे प्रभावशाली नारे लगाते हुए स्थानीय क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता फैलाई। प्राचार्या प्रो. चारू मेहरोत्रा ने बताया कि रैली के माध्यम से छात्राओं ने लोगों को वायु प्रदूषण के बढ़ते खतरों, ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों तथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण के महत्व की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा स्वच्छ पर्यावरण प्राप्त करना केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। युवा पीढ़ी यदि जागरूक हो जाए तो प्रदूषण मुक्त राष्ट्र का निर्माण अवश्य संभव है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हमारा जीवन भी सुरक्षित रहेगा।कार्यक्रम का संयोजन समिति की संयोजिका प्रोफेसर किरन त्रिपाठी तथा सह संयोजिका प्रोफेसर एकता भाटिया द्वारा किया गया। पर्यावरण संरक्षण समिति की सदस्याओं डॉ. इंदु सिंह राजपूत, डॉ. सीमा मलिक, डॉ. प्रेमलता कश्यप, डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. सीमा रानी, श्रीमती शिवानी गुप्ता का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य अनुशासिका प्रोफेसर किरन साहू, प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा, प्रोफेसर अनुराधा सिंह, प्रोफेसर अपर्णा जोशी ,प्रोफेसर करुणा आनंद, प्रोफेसर सुदेश , प्रोफेसर प्रवीण सैनी, डॉक्टर मोनिका सिंह, डॉ रितु निर्वाल एवं महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रही। रैली में लगभग 30 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# आदतों से ही जीवन और भविष्य की दिशा तय: डॉ. नंदितेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** देश के प्रख्यात विचारक, लेखक, स्तंभकार एवम् मानव मूल्यों, नेतृत्व और नैतिकता पर अपनीप्रभावशाली सोच के लिए विख्यात डॉ. नंदितेश निलय ने कहा, उद्देश्य कोई संयोग नहीं होता, बल्कि यह निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मूल्यों से विकसित होता है। उन्होंने स्टुडेंट्य को समझाते हुए कहा, हमारी आदतें ही हमारे जीवन और भविष्य की दिशा तय करती हैं। डॉ. निलय ने विश्वास, संवेदनशीलता और साहस को उद्देश्यपूर्ण जीवन के मूल स्तंभ बताते हुए कहा, जब व्यक्ति अपने वचनों पर खरा उतरता है तो विश्वास का निर्माण होता है। विश्वास से संवेदना जन्म लेती है और संवेदना अंततः साहस का रूप लेती है। उन्होंने स्टुडेंट्स को आत्म-नेतृत्व का संदेश देते हुए कहा, सच्चा नेतृत्व दूसरों को निर्देश देने से पहले स्वयं को समझने और नियंत्रित करने से शुरू होता है। पेशेवर जीवन में वास्तविक उद्देश्य बाहरी दबावों से नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, व्यक्तिगत मूल्यों और आंतरिक स्पष्टता से प्राप्त होता है। डॉ. नंदितेश निलय ने टीएमयू के चांसलर सुरेश जैन से शिष्टाचार भेंट भी की। डॉ. नंदितेश तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ओर से लीडरशिप टॉक सीरीज के 17वें एनलाइटनिंग सेशन में पेशेवर जीवन में उद्देश्य की खोज कैसे करें पर बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य वक्ता डॉ. नंदितेश निलय के संग-संग कुलपति प्रो. वीके जैन, बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ. करुणा जैन, नर्सिंग संकाय की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. निशीथ कुमार मिश्रा, एसोसिएट डीन एकेडमिक्स प्रो. अमित कंसल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके टॉक सीरीज सेशन-17 का शुभारम्भ किया। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया।



अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। प्रश्नोत्तरी सत्र में स्टुडेंट्स ने जीवन, करियर, आत्मअनुशासन और साहस से जुड़े प्रश्न के जवाब में डॉ. निलय ने छात्रों को आत्ममंथन और नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कुलपति प्रो. वीके जैन ने आत्मबोध को करियर और जीवन की दिशा तय करने का मूल आधार बताते हुए कहा, व्यक्ति को अपनी क्षमताओं, रुचियों और मूल्यों की पहचान करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निरंतर प्रयास, नैतिक आचरण और सतत लर्निंग की आवश्यकता पर बल देते हुए स्टुडेंट्स को ईमानदारी, उद्देश्य और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रो. अमित कंसल ने स्वागत भाषण, जबकि प्रो. एसपी सुभाषिनी ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। टाक सीरीज में चीफ लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन, रविन्द्र जैन, डॉ. वरुण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन सहायक निदेशक-एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनन्द ने किया।

# मृतकों और घायलों के परिजनों को प्रदान की सहायता राशि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** दो दिन पूर्व ऑटो और रोडवेज बस की टक्कर में कुंदरकी विधानसभा के अब्दुल्लापुर निवासी मृतक संजू, सीमा पत्नी करन सिंह, आरती पुत्री मुरारी, अभय पुत्र ओमवीर, सुमन पत्नी हरदीप, अनन्या पुत्री करन सिंह और घायलों अनुष्का पुत्री दिनेश, झलक पुत्री ओमवीर सिंह, रानी पुत्री मुरारी, करन सिंह पुत्र सुकन सिंह, अंशु पुत्री ओमवीर सिंह के परिजनों को आज कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने प्रशासन के माध्यम से उपलब्ध चेक प्रदान किए। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख के चेक और घायलों के परिजनों को पचास पचास हजार के चेक दिए गए।

कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में इस समय संवेदनशील सरकार है। हमारे मुख्यमंत्री जनता के दर्द को समझते है। पीड़ित परिवारों की और भी जिस भी योजना के माध्यम से मदद होगी में उसको कराऊंगा।

पूरी विधानसभा का एक एक नागरिक मेरा परिवार है, परिवार पर विपत्ति आती है तो सभी को कष्ट होता है। एआरएम रोडवेज प्रेम सिंह, एडीएम फाइनेंस, एसडीएम बिलारी विनय सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बबलू जाटव आदि अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बीएलओ-शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव न बनाए जाने की मांग को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**कांठ (शाह टाइम्स)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की आपात बैठक शिक्षक भवन दांग परिसर में सम्पन्न हुई।

बैठक में विकास क्षेत्र भगतपुर के कम्पोजिट विद्यालय जाहिदपुर में कार्यरत सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार द्वारा एस आई आर कार्य की अधिकता के कारण व अधिकारीयों के द्वारा अत्यधिक दवाब डाले जाने के कारण आत्मघाती कदम उठाकर आत्महत्या करने पर शोक प्रकट किया गया। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मृतक शिक्षक के परिवार को निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिक की भांति उचित आर्थिक सहयोग प्रदान करने, आश्रित को अविलम्ब अनुकंपा नियुक्ति, बी एल ओ (एस आई आर) कार्य में लगे शिक्षकों पर विभागीय और प्रशासनिक दबाव न बनाए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया गया।



बैठक में धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ कपिल सिरोही, प्रदीप शर्मा, चंचल सरोज, उपेंद्र सिंह, मुकेश आनंद, सुमित सिंह,हिमांशु वशिष्ट,आलोक मलिक, सुख स्वरूप गुप्ता, कुलवीर, ऐकांश, अनुपम नाथ, डॉ हरनंदन, गंगा सरन, चन्द्र किरण आदि शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा व संचालन जिला मंत्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

# अवैध मंगल बाजार को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट से मिले व्यापारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उ0प्र0 के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जॉनी) और प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट विनय पांडेय से मुलाकात की। उन्होंने अवैध मंगलवार बाजार को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की और इसे बंद करने की मांग की।

व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम की टीम जब बाजार में पहुंचती है, तो फड़ वाले अपना सामान लेकर हट जाते हैं, लेकिन टीम के हटने पर फिर से अवैध मंगलवार का बाजार लग जाता है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट से इस समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया।

सिटी मजिस्ट्रेट ने तुरंत अपर नगर आयुक्त से बात कर अवैध मंगलवार बाजार को जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जॉनी), प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, टोनी सहगल, सुनील अग्रवाल, राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# उपश्रमायुक्त ने किया आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को ड्रेस का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** श्रम विभाग के उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा वर्ष 2015 से वित्त पोषित एवं वर्तमान में समाजशास्त्र विभाग ,लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा संचालित विहान बालक- बालिका आवासीय विद्यालय आशियाना कॉलोनी मुरादाबाद में आज दिनांक 2 दिसंबर 2025 को मुरादाबाद के लेबर कमिश्नर/उप श्रमायुक्त श्री दीप्तिमान भट्ट जी के द्वारा विहान बालक /बालिका आवासीय विद्यालय (निर्माण श्रमिक) मुरादाबाद में समस्त अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शीतकालीन ड्रेस वितरित की गई। मुख्य अतिथि भट्ट जी के द्वारा बच्चों को ड्रेस, गर्म स्वेटर,जूते मौजे आदि का वितरण करते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की सीख दी साथ ही बच्चों से प्रार्थना, कविता आदि को सुना।

आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं में यूनिफार्म पाकर खुशी का माहौल था। ड्रेस वितरण का कार्यक्रम दोनों विद्यालयों का संयुक्त रूप बालिका विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। इस दौरान बालक विद्यालय के वार्डन असद खान, बालिका विद्यालय प्रभारी वार्डेन मधुरिमा, बालिका विद्यालय के लेखाकार मोहसिन अहमद खान,हिंदी शिक्षिका प्राची वर्मा,अंग्रेजी शिक्षिका जैबुन्निशा, ऊर्दू शिक्षिका नईम फातिमा,शारीरिक शिक्षिका रिंकी चौधरी , कला शिक्षिका आकांक्षी शर्मा, सरन देवी, चंद्रवती और एवं बालक विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक राम सुन्दर सेठ,हिन्दी शिक्षक नरेन्द्र कुमार ,उर्दू शिक्षक मो. ताहिर ,शारीरिक शिक्षक अनुज कुमार, कला शिक्षिका राखी सिंह, धर्मवीर, सीमा, आदि उपस्थित रहे।






# वारंटी पकड़ने गयी पुलिस को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

## दारोगा व कांस्टेबिल घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोर्ट आदेश पर वारंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर दबंगों ने लाठी डंडों सरियों वो धारदार हथियार से हमला कर दिया। दरोगा व कांस्टेबल को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने महिलाओं समेत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव हरियाना में दरोगा सतेंद्र नागर सिपा. हियों के साथ दरोगा अभियुक्त राजू पुत्र फकीरचंद को न्यायालय के कुर्की विक्रय द्वारा भरण पोषण धनराशि वसूल कराने के लिए निर्गत वारंट को पढ़कर सुना रहे थे। इस दौरान अभियुक्त राजू पुत्र फकीरचंद, वह उसके परिजन सोनू पुत्र फकीरचंद उर्फ फकीरा, फकीरा उर्फ फकीरचंद पुत्र नारायण, शांति उर्फ संतोष देवी पत्नी फकीरचंद, भूरी पुत्री फकीर चंद, हरवती पुत्री फकीरचंद ने न्यायालय के आदेश का विरोध करते हुए पुलिस बल के साथ धक्का मुक्की कर गाली गलौज कर लाठी डंडों एवं धारदार हथियार से हमला बोलकर मारपीट शुरू कर दी। कोर्ट द्वारा निर्गत भरण पोषण वारंट को भी फाड़ दिया। पुलिस वाले आरोपियों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी उन्होंने सरकारी कार्य में बांधा डालते हुए दरोगा सतेंद्र नागर व कांस्टेबिल सुमित त्यागी रोहित कुमार को पीटना दिया। दबंग आरोपियों ने पुलिस कर्मियों को पीटकर चोटिल कर दिया। दबंग आरोपियों ने पुलिस कर्मियों की वर्दियों को भी फाड़ दिया। आरोपी दबंगों द्वारा पुलिस कर्मियों को दौड़ा दौड़ा कर पीटे जाने से आसपास में भगदड़ मच गई। पुलिस ने तीनों महिलाओं समेत आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में भूरी, शांति एवं फकीरा उर्फ फकीरचंद को अरेस्ट करने के बाद उनका चालान कर दिया।



# कब्रिस्तान में सफाई को लेकर विवाद

## दो युवकों को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कब्रिस्तान में सफाई कराने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। सात लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से दो युवकों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में धनौरा बस अड्डे के पास स्थित एक कब्रिस्तान की है। मोहल्ला लकड़ा निवासी फैज आलम बीती 30 नवंबर की शाम करीब चार बजे अपने बुजुर्गों की कब्रों की सफाई कराने के लिए कब्रिस्तान गया था। आरोप है कि उसी दौरान मोहल्ला लकड़ा के रहने वाले नवेद, जहांगीर, फाजिल, अहमद अली, रिजवान, सलीम व आशिक लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर वहां आ गए और सभी कब्रिस्तान में सफाई कराने का विरोध करने लगे। घिरने पर फाजिल ने अपने दोस्त अजहान को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि आरोपियों ने कब्रिस्तान पर कब्जा करने की बात कहते हुए दोनों पर हमला कर दिया। हमले में फैज आलम और अजहान लहूलुहान हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में सातों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायलों का मेडिकल कराया गया है, आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार करते हुए चालान किया जाएगा।

# ससुरालियों पर विवाहिता की हत्या का आरोप

## परिजनों ने एसपी से की जांच की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शहर से संदिग्ध हालत में 10 दिन पहले लापता हुई विवाहिता की हत्या की आशंका जताई गई है। मायके वालों का आरोप है ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी है और चुपचाप शव को दफना दिया है। परिजनों ने मामले में एसपी से जांच व कार्रवाई की मांग की है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव सिरसा खुमार निवासी शाहिद हुसैन मंगलवार को परिजनों और ग्रामीणों को साथ लेकर पुलिस कार्यालय पहुंचे। एसपी अमित कुमार आनंद को शिकायती पत्र सौंपते हुए अवगत कराया कि उन्होंने अपनी बहन नसरीन की शादी करीब नौ साल पहले शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अहमदनगर के रहने वाले अजीम के साथ में की थी। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा नसरीन को प्रताड़ित किया जाता था। नसरीन जब भी घर आती थी तो वह अपने साथ ससुराल में होने वाली जुल्म-ज्यादती का जिक्र किया करती थी। इसी बीच बीती 22 नवंबर की सुबह 11 बजे नसरीन अचानक घर से लापता हो गई। ससुराल वालों ने न तो तलाश किया और न ही कोतवाली में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज नहीं कराई। मायके वालों ने नसरीन की हत्या का शव दफनाने की आशंका जताई है। मामले में एसपी ने शहर कोतवाली पुलिस को गहनता से पूरे मामले की जांच करते गए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है।

## मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**हसनपुर**। मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक गंगेश्वरी के बैनर तले एक शोक सभा का आयोजन मौहल्ला मनापुर टीचर्स कालोनी में ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह के प्रतिष्ठान पर किया गया। शोकसभा में प्राथमिक शिक्षक संघ अमरोहा के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और ब्लॉक हसनपुर के प्राथमिक विद्यालय फैय्याजनगर में कार्यरत प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख प्रकट किया गया। दोनों इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, संयुक्त मंत्री महताबउद्दीन,संजय सिंह ,विनोद कुमार गौतम, जयवीर सिंह, कमल सिंह, संजीव कुमार, करणवीर सिंह, संदीप कुमार, जसवंत सिंह, सुरेश मौजूद रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

## जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में मंगलवार दोपहर 24 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत से गांव में सनसनी फैल गई। परिजन उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतका प्रियांशी अग्रवाल की शादी छह वर्ष पूर्व शुभम अग्रवाल से हुई थी। दंपती के चार साल के जुड़वा बेटे विकास और वैभव हैं। परिवार के अनुसार घटना के समय शुभम फैक्ट्री में ड्यूटी पर था, जबकि घर पर प्रियांशी अपनी सास के साथ मौजूद थी। दोपहर के दौरान जब सास ने उसे कमरे में देखा तो वह अचेत अवस्था में पड़ी मिली। परिजनों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन



चिकित्सकों ने उसे बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और परिस्थितियों की जानकारी ली। थोड़ी देर बाद मृतका के मायके पक्ष के लोग भी गांव पहुंच गए। थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में बातचीत के बाद आपसी सहमति बन गई है। परि. जनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है, इसलिए फिलहाल किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही तय की जाएगी।

# नशा मुक्ति केन्द्र की छत से कूदा युवक

## गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली कोतवाली के कस्बा जोया के इकौंदा रोड स्थित नशा मुक्ति केंद्र में रह रहे युवक ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। गंभी रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अमरोहा नगर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला तकिया हुसैनशाह कांठ रोड निवासी मतलूब के 18 वर्षीय बेटे शाहरुख को स्वजन ने 15 दिन पहले इस केंद्र में भर्ती कराया था। इसका संचालन रोहित कुमार नाम का युवक करता है। लगभग एक सप्ताह रहने के दौरान शाहरुख की तबियत खराब हुई तो स्वजन उसे घर ले गए थे। परंतु वह फिर से नशा करने लगा तो तीन दिन पहले यानि शनिवार शाम को फिर से भर्ती करा दिया था। मंगलवार दोपहर शाहरुख धूप सेकने का बहाना कर दूसरी मंजिल पर पहुंच गया तथा वहां से छलांग लगा दी। हादसे के बाद केंद्र संचालक रोहि. हत उसे तुरंत एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने शाहरूख की गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों तक पहुंचते ही कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विज्ञान प्रतियोगिता में लविश रहे प्रथम

## जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ए.के.के. इंटर कॉलेज में सोमवार को जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 58 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने कुल 118 विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और जागरूकता पैदा करती हैं। उन्होंने छात्रों को नियमित रूप से ऐसे आयोजनों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में लविश कुमार प्रथम, साजन द्वितीय, अदिति सिंह तृतीय स्थान पर रहे। जबकि सांत्वना पुरस्कार वाशुदेव व वंशिका को मिला। इसके अलावा 10 प्रतिभागी पनेरु, हिंशांत चौधरी, सुशांत कुमार, मोहम्मद अलसैफ, उरूज, मोहम्मद हुमाम, हनु दिवाकर, एजाज उल हक, राज बहादुर और नौवय वर्मा मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए। डीआईओएस डॉ. प्रवेश कुमार ने कहा कि विज्ञान की जिज्ञासा ही आगे चलकर वैज्ञानिक विचारों



को जन्म देती है और यही विद्यार्थी भविष्य के वैज्ञानिक बनते हैं। प्रधानाचार्य आदिल अब्बासी ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने से ही जीवन में प्रगति संभव है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. जी.पी. सिंह, स्नेह लता, प्रतिभा यादव, सी.पी. सिंह, चारु शर्मा, सतपाल सिंह, कोषाध्यक्ष हुसैन मोहम्मद, राकेश कुमार, ममता यादव, फकीर गजाली, अरशद फारुकी, आदि मौजूद रहे।

# गलत बिलिंग पर फंसा विद्युत विभाग

## उपभोक्ता फोरम ने लगाया 25 हजार का जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मीटर में स्टोर रीडिंग का हवाला देकर भेजा गया लगभग 30 हजार का बिल उपभोक्ता फोरम ने निरस्त कर दिया। साथ ही बिजली विभाग के एमडी, एक्सईएन व एसडीओ पर मानसिक क्षतिपूर्ति के रूप में 15 हजार तो वहीं परिवाद व्यय के रूप में दस हजार रुपये 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। उपभोक्ता को जुर्माना धनरा. शि एक महीने के भीतर अदा करने का आदेश दिया।

यह मामला शहर के मोहल्ला कोट से जुड़ा था। यहां पर शरद कुमार शर्मा का परिवार रहता है। फरवरी माह में बिजली विभाग की टीम ने चेकिंग के दौरान पुराना मीटर बदलकर उनके घर के बाहर नया मीटर स्थापित किया था। पुराना मीटर टीम अपने साथ ले गई थी। इसके बाद विभाग द्वारा उनके पुराने मीटर में गलत रीडिंग दर्शाकर एरियर के लगभग 30 हजार रुपये जोड़कर बिल जारी कर दिया गया। जबकि, उपभोक्ता द्वारा नियमित रूप से हर महीने रीडर द्वारा निकाले जाने वाले बिल का भुगतान किया जा रहा था। मामले में शरद कुमार शर्मा के बेटे अधिवक्ता मनु शर्मा ने इस बिल को उपभोक्ता फोरम में चुनौती दी थी। केस की सुनवाई के दौरान फोरम ने दोनों पक्षों द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों एवं प्रपत्रों का गहनता से अवलोकन किया। इसके बाद निष्कर्ष में उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह एवं महिला सदस्या अंजू रानी दीक्षित ने बिजली विभाग द्वारा भेजा गया लगभग 30 हजार का बिल निरस्त कर दिया। उपभोक्ता द्वारा पूर्व में जमा की गई धनराशि को भविष्य के देयकों में समायोजित करने का आदेश दिया। साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों को मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति के 15 हजार रुपये और परिवाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए धनराशि एक महीने के भीतर अदा करने का आदेश दिया।

# बूथ के बीएलओ अपनी जिम्मेदारी निभायें

## प्रभारी मौलाना आब्दी ने सपाईयों की ली बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिले के एसआईआर प्रभारी मौलाना जावेद आब्दी ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर नियुक्त बीएलओ का दायित्व है कि वे अपने-अपने बूथ क्षेत्र में मतदाता प्रपत्रों को सही ढंग से भरवाकर समय पर जमा कराएं।

दानिशमंदान स्थित कैम्प कार्यालय पर बैठक में बोलते उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे मतदाता संशोधन अभियान को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर पर सक्रियता बेहद जरूरी है। सामाजिक पार्टी द्वारा भी बूथ स्तर पर बीएलओ नियुक्त किए गए हैं, जो घर-घर जाकर मतदाता गणना प्रपत्र भरवाने और मतदाता प्रपत्र प्राप्त कराने में सहयोग करेंगे, ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए। लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि यह एसआईआर का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। अगर कार्यकर्ताओं ने इसे पूरी जिम्मेदारी से निभाया तो 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। इसलिए इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही न बरतें। बैठक में पूर्व एमएलसी परवेज अली, जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव, चंद्रपाल सैनी, वहाब सैफी, शशिकांत गोयल, मुस्तकार नकवी, वीरमान सिंह यादव, नासिर सिद्दकी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गैर विभागीय कार्यो में ड्यूटी का विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। अपनी लंबित मांगों को लेकर ग्राम पंचायत सचिवों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। डिडौली ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर मंगलवार को सचिवों ने ब्लॉक मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति एफआरएस सिस्टम लागू करने व गैर-विभागीय कार्यों के बोझ का कड़ा विरोध जताते हुए सरकार से न्यायपूर्ण व्यवस्था की मांग उठाई। सुबह से ही ब्लॉक परिसर में ग्राम पंचायत सचिवों का जमावड़ा शुरू हो गया। हाथों में बैनर और काली पट्टी बांधे सचिवों ने नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि सम्मानजनक कार्य वातावरण और तर्कसंगत व्यवस्थाओं के बिना आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में नेपाल सिंह, ब्रजेंद्र त्यागी, अमरजीत सिंह, नीरज चौधरी, ब्रजेश कुमार, आलोक कुमार यादव, इमामुद्दीन, सत्यम वंसल, इरफान खां, परबेन्द्र सिंह, ज्योति, अंजुम, हेमलता चौधरी सहित कई ग्राम पंचायत सचिव शामिल रहे।

## शराब पीकर पत्नी व बच्चों को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। नगर के एमडीए कॉलोनी में एक व्यक्ति ने शराब के नशे में पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला एमडीए कॉलोनी एक महिला द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप है कि उसके पति ने शराब के नशे में धुत होकर मारपीट की। पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर पति पर जान का खतरा जताया है।

# व्यवसायिक कौशल केन्द्र का शुभारंभ


**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के हाइवे किनारे जुबिलेंट व्यवसायिक कौशल केन्द्र का शुभारंभ किया गया। यहां पर विधवा पेंशन, आय प्रमाण पत्र आदि के साथ साथ सिलाई और कम्प्यूटर की ट्रेनिंग

**■ सिलाई और कम्प्यूटर की ट्रेनिंग भी दी जाएगी**

दी जाएगी।

मुख्य अतिथि सीईओ दीपक जैन की पत्नी नेहा जैन, एचआर प्रमुख विनीता कौल, दीपक सैनी, राजीव बाली, अमित जोशी, सुनील दीक्षित, विवेक



प्रकाश ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव, डॉ. सुजिंदर फोगाट, नवनीत सिंह, बूंदी सिंह, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

# केक काटकर मनाया जुबिलेंट का 43 वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड का 43 वां स्थापना दिवस केक काटकर मनाया गया। कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने जुबिलेंट को सफलता की बुलंदियों तक ले जाने के लिए टीम की प्रशंसा की। विभिन्न विभागों की टीम के साथ ही कंपनी में 10, 15, 20, 25, 30 एवं 35 वर्ष से सेवाएं दे रहे 120 कार्मिकों को परिजनों समेत सम्मानित भी किया गया।

मंगलवार को जुबिलेंट इंग्रे. विया लिमिटेड के फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित जुबिलेंट डे का




शुभारंभ कारपोरेट आफिस से आए प्रबंधक निदेशक दीपक जैन, सीओओ विजय श्रीवास्तव, जैकपॉल के सीईओ जगत शर्मा,

**■ कर्मचारियों को भी किया गया सम्मानित**

एचआर हेड विनीता कॉल, अमरीश दीक्षित, अमित जोशी, जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा, जैकपॉल के यूनिट हेड देवेंद्र बंसल एवं निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित आदि ने दीप प्रज्जवलित करके किया। सीईओ दीपक जैन एवं सीओओ विजय श्रीवास्तव ने कहा कि गजरौला यूनिट जुबिलेंट का मदर प्लांट है जो कि कुशल प्रबंधन के चलते शीर्ष स्थान बनाए हुए है। उन्होंने इसके लिए टीम वर्क की प्रशंसा की। जुबिलेंट के साइट हेड विनोद झा एवं जैकपॉल के साइट हेड देवेंद्र बंसल ने कंपनी की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कारपोरेट आफिस से आए शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में विशाल केक भी काटा गया। संच. ालन ऋषिपाल सिंह परमार एवं पुनीत तिवारी ने किया। इस मौके पर प्रतीक माहेश्वरी, प्रताप महापात्रा, नवीन गुप्ता, सुनील ए सिंह, वीरेंद्र सिंह नेगी, दिलीप पांडेय, अनुपम सिंह, आशु वर्मा, कपिल जोशी, सुनील तिवारी, अजय गुप्ता, एनके तोमर, प्रमोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (ए.राजनी. तिक) की मासिक बैठक संगठन के पदाधिकारियों और भारी संख्या में पहुंचे किसानों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी ने की। इस दौरान किसानों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई और समस्याओं के समाधान हेतु तहस. ीलदार धामपुर को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।



## 30 दिन में समाधान नहीं, तो होगा आंदोलन

संगठन ने ज्ञापन में कहा कि अंश निर्धारण में गड़बड़ियां लगातार सामने आ रही हैं, जिनका दुरुस्तीकरण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे किसानों को राजस्व संबंधित कार्यों में परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। इसी प्रकार मौजा रानी नांगल की बंद खतौनी अब तक नहीं खोली गई है, जिसके चलते ग्रामीणों को भू-लेख संबंधी कार्यों में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में यह भी बताया गया कि आवारा पशु किसानों की फसलों को चौपट कर रहे हैं और सड़कों पर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद इन्हें नियंत्रित करने के कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे। ग्रामीण किसानों का कहना है कि यदि स्थिति ऐसी ही रही तो रबी फसल भी पूरी तरह प्रभावित होगी। इसके अतिरिक्त गुलदार, जंगली हाथी एवं अन्य जंगली जानवरों द्वारा खेतों में नुकसान तेजी से बढ़ रहा है। किसानों ने मांग की कि वन विभाग जंगली जानवरों को जंगल की ओर मोड़ने के लिए उचित संसाधन और सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराए।

बिजली व्यवस्था को लेकर ब्लॉक स्योहारा के ग्राम जाट नगला में घरेलू उपभोक्ताओं को मात्र 10 किलोवाट के ट्रांसफार्मर से 20 कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे ट्रांसफार्मर लगातार ओवरलोड रहता है। किसानों ने मांग की कि इसे तत्काल 10 केवीए ट्रांसफार्मर से बदला जाए तथा एलटी केबल लगाकर सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उपरोक्त सभी समस्याओं का समाधान 30 दिनों के भीतर नहीं किया गया तो भाकियू को धरना-प्रदर्शन के लिए विवश होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

बैठक में तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी, ब्लॉक अध्यक्ष धामपुर अजय राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष नेटवर्क तेजवीर सिंह, जिला सचिव लोकेंद्र चौधरी, संगठन मंत्री सुरेश राणा, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, तहसील प्रवक्ता अरविंद राजपूत, भानु प्रताप राणा, मोक्षपाल, दिनेश प्रधान, सुभाष चौहान, बलवंत सिंह, यशवीर सहित अन्य सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# बिलाई मिल के गेट पर प्रस्तावित आंदोलन स्थगित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्दौर।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की आंदोलन चेतावनी का प्रभाव बिलाई चीनी मिल प्रशासन पर स्पष्ट रूप से नजर आया है। संगठन की सख्त भूमिका और किसानों की एकजुटता के चलते बिलाई मिल ने अपने समस्त बकाया गन्ना भुगतान को निपटा दिया है।

बकाया भुगतान के मुद्दे पर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक ग्राम बधावा में जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में विकास उर्फ नूरी ने कहा कि तीन दिसंबर को बिलाई मिल गेट पर प्रस्तावित आंदोलन की घोषणा से मिल प्रशासन बैकफुट पर आ गया था। आंदोलन के दबाव के कारण ही मिल प्रशासन ने दो दिसंबर को शत-प्रतिशत बकाया भुगतान कर दिया।

## मिल ने बकाया गन्ना भुगतान किया

उन्होंने कहा कि यह किसानों की एकता और संगठन की ताकत की जीत है, जिसने मिल प्रशासन को झुकने पर मजबूर किया। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गन्ना भुगतान की लड़ाई यहीं खत्म नहीं होती। संगठन अब वर्तमान पेराई सत्र के गन्ना भुगतान को लेकर संघर्ष तेज करेगा।

विकास उर्फ नूरी ने बताया कि चूंकि बिलाई मिल ने पूरा बकाया भुगतान कर दिया है। इसलिए 3 दिसंबर को मिल के मुख्य द्वार पर प्रस्तावित आंदोलन फिलहाल स्थगित किया जाता है। यदि मिल प्रशासन जल्द ही नए सत्र का भुगतान शुरू नहीं करता, तो संगठन पुनः आंदोलन करने को बाध्य होगा। बैठक में जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, सोनू चौधरी, मुस्तकीम अंसारी, देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, रोहित कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### सभासद शारिक हाशमी की प्रशंसा



**चांदपुर।** मौहल्ला कटकुई से युवा समाजसेवी मौजूदा सभासद शारिक हाशमी ने पिछले 20 दिनों के अंदर अपने वार्ड के समस्त मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरवा कर वार्ड वासियों की हृदय से सेवा कर उनका दिल जीतने का काम किया है। पूरे वार्ड में सभासद शारिक हाशमी की प्रशंसा हो रही है। शारिक हाशमी ने कहा कि मेरे वार्ड की जनता ने मुझे वोट देकर जो जिताने का काम किया है, वो मेरे लिए एक ऐतिहासिक पल रहा है जिसे मैं कभी नही भूल सकता। मैंने चुनाव से पहले जो अपने वार्ड की जनता से वादा किया हुआ है मैं उसे वादे पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने अपने वार्ड की जनता के बीच जाकर समस्त मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म को भरवा कर अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया है। मैं अपने वार्ड की जनता के लिए आगे भी इसी सेवा भाव से सेवा करता रहूंगा। गौरतलब है कि यह वही शारिक हाशमी सभासद हैं, जिन्होंने अपने स्तर से वार्ड की ही नहीं बल्कि शहर की जनता के लिए निःशुल्क एंबुलेंस गाड़ी उपलब्ध कराई हुई है। युवा सभासद एवं समाजसेवी शारिक हाशमी ने कहा है कि मैं अपने वार्ड की जनता के लिए हर समय सेवारत हूँ, मै अपने वार्ड की ही नहीं बल्कि शहर की जनता के नगरपालिका से संबंधित किसी भी कार्य/ समस्या में समाधान हेतु मेरे घर के दरवाजे हर समय खुले हुए है।

### आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पिनेस प्रोग्राम का समापन



**धामपुर।** बड़ी मंडी स्थित सत्संग भवन में 6 दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन 25 नवंबर से 30 नवंबर तक गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन और शिक्षाओं के अनुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुदर्शन क्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। जिसने प्रतिभागियों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में योगदान दिया। इस कार्यक्रम में शिखा गोयल, मयंक गोयल, दीपक अग्रवाल, कृष्ण प्रताप, आराधना, भव्य छाबड़ा, अदिति अग्रवाल और अनुष्का सहित कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिक्षक के रूप में सचिन (अलीगढ़) और सौरभ अग्रवाल मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम का आयोजन लवी अग्रवाल द्वारा किया गया। माधुश्री गुप्ता और नरेंद्र गुप्ता ने भी कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया। प्रतिभागियों ने बताया कि गुरुदेव की शिक्षाओं ने उन्हें आंतरिक शांति, ऊर्जा और सकारात्मक दृष्टिकोण प्राप्त करने में मदद की। इस प्रकार यह 6 दिवसीय कार्यक्रम आनंद, स्वास्थ्य और समृद्धि का अनुभव प्रदान करने में सफल रहा।

### सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। शक्ति नगर कॉलोनी में महेंद्र गोयल के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में विजेंद्र गोयल, महंत राहुल अग्रवाल, सुरेंद्र गोयल, महेंद्र गोयल, प्रदीप गोयल, अतुल गोयल, शिल्पी गोयल, नीरज गोयल, वंदना गोयल, अमन गोयल, शिवांगी गोयल, अनुराग गोयल, नेहा, अविनाश, अर्चना, अमित, साक्षी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, जगदीश अरोड़ा, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, नंदकिशोर रस्तोगी, निखिल अरोड़ा आदि शामिल रहे। अंत में बजरंग. बली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### संगीता जैन को पद से हटाने की मांग

**चांदपुर।** संयुक्त जाट आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन मंत्री को पत्र भेज कर महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन पर आरोप लगायें हैं। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा है कि संगीता जैन जिले में महिलाओं के उत्थान और उनकी समस्याओं पर काम ना करके चिकित्सकों व अन्य व्यवसायियों के उत्पीड़न में लगी हैं। हाल ही में उन्होंने बेहद सरल व समाज के लिए सदैव तत्पर रहने वाले मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकत्साधिकारी डा. सुनील तेवतिया को अवकाश के दिन उनके निज आवास चांदपुर जाकर पुलिस बल के साथ अनर्गल आरोप लगाकर बेइज्जत किया था, जिससे पूरे समाज में आक्रोश है। उनका कहना है कि संगीता जैन ऐसे कृत्यों से राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने का काम कर रही है। बिजनौर से गायब हुई बालिकाओं के परिवार की उन्होंने सुध तक नहीं ली और सामाजिक एवं प्रतिष्ठित लोगों के उत्पीड़न में लगी हैं। उधर किसान मजदूर एकता संघ की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने संगीता जैन की कार्यशैली व व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव सिर पर हैं, लेकिन उससे पहले संगीता जैन के ऐसे कार्य करने से प्रदेश सरकार के प्रति लोगों में रोष बढ़ रहा है। बैठक में बाबू सिंह, चौधरी सतपाल सिंह, राम सिंह, वरुण तोमर, अजय सैनी, गौरव सैनी, रजत,, तुषार प्रजापति, अमित चौधरी, संजय चौहान आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

### राजस्व पेंशनर्स वेलफेयर ने सौंपा ज्ञापन




**धामपुर।** राजस्व पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा भारत सरकार द्वारा गठित आठवें वेतन आयोग 2025 के विरोध स्वरूप ज्ञापन जो की मा. प्रधानमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को दिया गया। जिसमें मांग की गई है पेंशनर के प्रतिनिधिमंडल को आयोग की सभी चर्चाओं में शामिल किया जाए। पेंशन कोष को सुरक्षित रखा जाए। फाइनेंस बिल 2025 की पेंशन से संबंधित विवादित धारा समाप्त की जाएं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश 17 दिसंबर 1983 के अनुसार पेंशनर को समान अधिकार का लाभ प्रदान किया जाए। पेंशन कॉम्यूटेशन अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 12 वर्ष की जाए आदि मांगे रखी गई। ज्ञापन देने वालों में मदनपाल सिंह, रविंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह, रशीद अहमद, मुनेश चंद शर्मा, श्यामलाल, लोकेंद्र चौहान आदि शामिल रहे। राजस्व पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकर्ता एसडीएम कोर्ट पर इकट्ठे होकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और उसके बाद ज्ञापन दिया गया।

# विद्यार्थियों ने किया बाल कल्याण समिति का शैक्षिणक भम्रण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विधि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के एक समूह ने विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित न्याय पीठ बाल कल्याण समिति बिजनौर का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान ने शैक्षिणक भ्रमण हेतू समूह को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने विद्यार्थियों को अवगत कराया की वर्तमान समय मे मोबाइल फोन का उपयोग सही एवं गलत दोनों प्रकार के कार्यो को करने मे किया जा सकता है। विद्यार्थियों को चाहिये की वे मोबाईल फोन का सदुपयोग करें न की दुरूप्रयोग। समिति की सदस्या डॉ. शालिनी सिंह ने विद्यार्थियों को समिति की कार्य प्रणाली से अवगत कराया एवं विस्तार पूर्वक पोक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी प्रदान की।

समिति के सदस्य मौहम्मद मो. हसिन ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने आस पास एवं अपने छोटे भाई-बहनों जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो उनको जागरूक करे और उन्हें विभिन्न प्रकार के व्यभिचारों एवं बुरी सगतों से बचाए। इस अवसर पर समिति की अन्य सदस्या श्रीमति सविता शर्मा व सुषमा शर्मा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के समापन में विभागाध्यक्ष प्रदीप रठौर ने सभी सम्मानित सदस्यगण को धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधि प्रवक्ता डॉ. एम.ए खान, शिव कुमार, विशाल विक्रम सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, दीपिका सिंह, खुशबू रानी एवं मीनू कोठारी आदि का विशेष योगदान रहा।

## शूरसेन जयंती पर कार्यक्रम एवं कैलेंडर विमोचन बीस को

**धामपुर।** राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन की बैठक में आगामी 20 दिसंबर को महाराजा शूरसेन जयंती कार्यक्रम एवं कैलेंडर विमोचन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सैनी समाज के लोगों से संपर्क स्थापित करने तथा अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया। स्टेट बैंक कॉलोनी स्थित संस्था के कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन के संरक्षक राजवीर सिंह सैनी ने सैनी समाज का आह्वान किया कि वह अपने पूर्वजो और महापुरुषों की स्मरणीयता बनाए रखने के लिए युवाओं को उनके गौरवशाली एवं स्वर्णिम इतिहास से परिचित कराएं तथा युवा शक्ति की अधिक से अधिक सहभागिता कार्यक्रमों में बनाने का संकल्प ले। राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी शिवम सैनी ने संस्था की स्थापना से लेकर वर्तमान तक किए गए जन कल्याणकारी एवं रचनात्मक कार्यों की जानकारी दी। प्रथम सैनी कोषाध्यक्ष, धर्मपाल सिंह सैनी शहर कोषाध्यक्ष, प्रशांत सैनी ग्राम कुंडीपुरा शाखा के अध्यक्ष, नागेंद्र कुमार सैनी, आचार्य रामानंद, गौरव सैनी आदि ने भी विचार रखें।

# सर्दी के मौसम में बढ़ती बीमारियों के प्रति रहे सतर्क: डा. मनोज वर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने सर्दी के मौसम में तेजी से बढ़ रही बीमारियों के प्रति लोगों को सतर्क करते हुए महत्वपूर्ण सलाह दी है। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि ठंड बढ़ते ही खांसी-जुकाम से लेकर निमोनिया, अस्थमा व दिल से संबंधित समस्याओं में अचानक वृद्धि होती है जिसे समय रहते सावधानी अपनाकर रोका जा सकता है।

वरिष्ठ चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने कहा कि सर्दी की शुरुआत में ही लोगों को गर्म कपड़ों की परत बढ़ानी चाहिए। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को ठंडी हवा से बचाकर रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि सुबह और शाम तापमान तेजी से गिरता है, इसलिए इस समय गर्म कपड़े, टोपी, मफलर व मोजों का प्रयोग अनिवार्य कर देना चाहिए ताकि शरीर पर ठंड का प्रभाव कम पड़े। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि सर्दियों में वायरस और बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं, इसलिए बार-बार हाथ धोना और साफ-सफाई रखना



## छोटी बीमारी को भी गंभीरता से लेने की अपील

बेहद जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि खांसी जुकाम वाले मरीजों से दूरी बनाए रखें और बाजार व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनना न भूलें। डा. मनोज वर्मा ने चेताया कि सर्दियों में लोग पानी कम पीते हैं, जो गलत है। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए दिन में पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी जरूर पिएं। डा. मनोज वर्मा ने बताया कि ठंड के मौसम में दिल के मरीज, अस्थमा पीड़ित और शुगर-बीपी वाले रोगियों की परेशानी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीज अपनी दवाएं बिल्कुल समय पर लें, ठंडी हवा धूल और धुएं से दूर रहें तथा डॉक्टर से समय-समय पर परामर्श लेते रहें।

डा. मनोज वर्मा ने सलाह दी कि सुबह के समय अत्यधिक ठंड होती है। इसलिए टहलने के लिए धूप निकलने के बाद का समय अधिक सुरक्षित है। वरिष्ठ चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने सर्दियों में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले भोजन पर जोर दिया। उन्होंने अदरक, लहसुन, गुड़, हल्दी, तुलसी, काढ़ा, गर्म सूप, हरी सब्जियां और मौसमी फलों का सेवन बढ़ाने की सलाह दी। डा. मनोज वर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि खांसी-जुकाम, तेज बुखार, सीने में जकड़न, गले में दर्द या सांस फूलने जैसे लक्षणों को बिल्कुल हल्के में न लें। समय पर जांच और उपचार से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है।

डा. मनोज वर्मा ने लोगों से अपील की कि छोटी बीमारी को भी गंभीरता से लें और सुरक्षित रहकर सर्दियों का आनंद उठायें।

## एक नजर

### गन्ना भुगतान होने से किसानों को राहत

**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल ने पेराई सत्र 2024-25 के गन्ना मूल्य का समस्त बकाया भुगतान जारी कर किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। मिल प्रशासन के अनुसार इस सत्र में कुल 104.62 लाख कुंतल गन्ने की खरीद की गई थी, जिसका मूल्य 38199.65 लाख रुपये निर्धारित हुआ था। मंगलवार को पूरी बकाया राशि संबंधित गन्ना समितियों के खातों में भेज दी गई, जिसके बाद क्षेत्र के किसानों में संतोष का माहौल देखा गया। किसानों का कहना है कि समय पर भुगतान मिलने से उन्हें आगामी कृषि कार्यों में काफी सहूलियत मिलेगी। मिल प्रबंधन ने बताया कि किसानों के हितों को सदैव सर्वोपरि रखते हुए बकाया भुगतान को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया गया है। प्रबंधन का दावा है कि भविष्य में भी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास जारी रहेंगे।

### किसान नेता योगेंद्र सिंह का निधन



**बढ़ापुर।** मौहल्ला ठाकुरान निवासी योगेंद्र सिंह प्रजापति उर्फ गुंदर (45 वर्ष) पुत्र शौराज सिंह भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन में नगराध्यक्ष थे। सोमवार की रात हृदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु की सूचना मिलने पर स्वजन में कोहराम मच गया और कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। उधर सूचना मिलने पर संगठन जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान कई कार्यकर्ताओं के साथ मृतक के घर पहुंचे और संवेदना व्यक्त की।

### भाकियू तोमर की बैठक



**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर की बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर 13 दिसंबर को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के कार्यालय का घेराव करने के लिए अधिक से अधिक किसानों से जाने का आह्वान किया गया। नहटौर स्थित झालू रोड पर भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि उत्तराखंड के किसानों की समस्याओं को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के कार्यालय का घेराव करते हुए 24 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर उत्तराखंड सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। किसानों का गन्ना बकाया भुगतान भी नहीं दिया जा रहा है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी, चंदन सिंह, मंडल प्रभारी मुरादाबाद डॉक्टर सुशील शर्मा, जिला अध्यक्ष बिजनौर डॉक्टर सचिन गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष बिजनौर अमरकांत शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिजनौर नीलम गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष जमशेद आलम, जिला सचिव पंकज शर्मा , नगर उपाध्यक्ष धामपुर नसीम सैफी, विधानसभा अध्यक्ष धामपुर तनुज शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष नूरपुर नसीम अहमद, विधानसभा अध्यक्ष नहटौर राकेश आर्य, नगर अध्यक्ष नहटौर अनुज शर्मा, नगर उपाध्यक्ष नहटौर पवन सैनी, नगर उपाध्यक्ष नहटौर सुंदर सैनी, युवा जिला सचिव सोनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सौम्या शर्मा, अमरकली, रीमा जोशी, संगीता जोशी, शशि जोशी, लाली राजपूत, लक्ष्मी, कुमारी संगीता, अर्चना रानी, उमा रानी, किरन देवी आदि मौजूद रहें।

# एसआईआर में समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** नगर पालिका परिषद चांदपुर परिसर में आज एसआईआर फॉर्म भरने में आ रही परेशानी और कुछ महिला बीएलओ द्वारा मतदाताओं को कोई सपोर्ट न करने, फॉर्म न भरने, किसी के घर न जाकर अपने घर बुलवाने आदि सहित कई अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान द्वारा बैठक आयोजित की गई।

पालिका परिसर में पहुंचे एसडीएम नितिन तेवतिया ने लोगों की समस्याओं को सुना और बीएलओ जिनमे गिरीश कुमार सुप. रवाइजर, शहर पटवारी मोहित कुमार को सख्ती के साथ इस कार्य में जनता का सहयोग करने हेतु आदेशित किया। इस मौके एसआईआर से संबंधित बैठक में शेरबाज पठान, एसडीएम चांदपुर सभी सभासद गणो, सभी बीएलओ गिरीश कुमार सुपरवाइजर, शहर पटवारी मोहित कुमार, बीएलओ शमीम अहमद, राशिद हसन, सभासद आजिम अहमद, शारिक हाशमी, बीएलओ शिक्षक शुएब कुरैशी, मास्टर शारिक, पालिका से सलीमुद्दीन सहित समस्त पालिका कर्मी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## एसडीएम व शेरबाज पठान ने समस्याएं सुनी

बैठक में एसडीएम द्वारा बीएलओ व सभासदगणों से संवाद किया और एक दूसरे की परेशानी सुनी गई। चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान एवं एसडीएम ने कहा कि सभी बीएलओ, सभासदों से संपर्क कर जानकारी किए बिना किसी का वोट न काटे।

बैठक में सपा राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी आसिफ असलम भी मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे समय नागरिकों के एसआईआर फॉर्म भरकर समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

बैठक मे चांदपुर नगर के अधिकांश सभासदगण व उनके परिवार के सदस्य व कुछ बीएलओ मौजूद रहे। सभासद शेख रईस अहमद का भी सराहनीय योगदान रहा, जिन्होंने अपने वार्ड में घर-घर जाकर फॉर्म भरवाने और भरने का कार्य किया है।

# साइबर ठगी से बचाव और यातायात नियमों का पालन जरूरी: थाना प्रभारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने नगर व क्षेत्रवासियों से दो बेहद अहम मुद्दों साइबर अपराध से बचाव और यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष अपील जारी की है।



थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि आज के समय में साइबर ठगी तेजी से बढ़ रही है। वहीं सड़क हादसों में भी जान-माल की हानि बढ़ रही है। इसलिए पुलिस द्वारा लगातार जनता को जागरूक किया जा रहा है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि साइबर ठग नई-नई चालें अपनाकर भोले-भाले लोगों को जाल में फंसा लेते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों को सावधान करते हुए कहा किसी भी अनजान लिंक संदेश या कॉल पर भरोसा न करें। बैंक से जुड़ी कोई भी जानकारी जैसे ओटीपी, एटीएम पिन, अकाउंट नंबर, सीवीवी किसी को न बताएं। केवाईसी अपडेट, बिजली बिल कटने, इनाम मिलने या सोशल मीडिया रिकवरी वाले झांसे में न आएं यदि कोई संदिग्ध कॉल या लिंक मिले तो तुरंत थाना स्योहारा या राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस टीम नगर में लगातार साइबर जागरूकता अभियान चला रही है ताकि कोई भी नागरिक ठगी का शिकार न बने। थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि लोग जल्दीबाजी या लापरवाही में ट्रैफिक नियमों को अनदेखा कर देते हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने सभी ड्राइवरों और युवाओं से अपील की दो पहिया वाहन बिना हेलमेट बिल्कुल न चलाएं, चार पहिया वाहन में सफर करते समय सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। नाबालिगों को वाहन न दें, यह कानूनन अपराध है। तेज गति, ओवरलोडिंग, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि नगर व क्षेत्र में साइबर अपराधियों, असामाजिक तत्वों और यातायात नियम तोड़ने वालों पर लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा पुलिस की विशेष निगरानी टीम साइबर ठगों के नंबरों व खातों की जांच कर रही है। पुलिस टीमें सड़कों पर हेलमेट और सीट बेल्ट के नियमों को लेकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। नगर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस सतत प्रयासरत है।

निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि आपकी जागरूकता ही आपकी सुरक्षा है। साइबर अपराध और सड़क हादसों से बचाव के लिए सचेत रहें। नियमों का पालन करें, सतर्क रहें और पुलिस के जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें। पुलिस आपकी सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है।

# गांगन पुल के पास तीन वाहनों की भिड़ंत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** नहटौर-धामपुर मार्ग पर गांगन पुल के पास तीन वाहनों की आपस में भिड़ंत होने पर चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर धामपुर मार्ग पर गांगन पुल के पास ढाबे के सामने एक डीसीएम व शुगर मिल के गन्ना क्रय केंद्र से गन्ने की ढुलाई करने वाले ट्रैक्टर ट्राले की भिड़ंत हो गई। इसी दौरान पीछे से रहा आ रहा एक बाइक सवार ट्रैक्टर के ट्राले की चपेट में आ गया। इसमें बाइक सवार गांव कश्मीरी निवासी सारिक व नाजिम और ट्रैक्टर चालक सेढी निवासी कृपाल सिंह, डीसीएम चालक कांठ निवासी अंजार घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। टक्कर लगने के दौरान बाईक व डीसीएम क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने तीनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। डीसीएम चालक पानीपत से सूत भरकर कांठ जा रहा था। ट्रैक्टर चालक शुगर मिल से गन्ना क्रय केंद्र मुकर्रमपुर पर जा रहा था। बाईक सवार अपने गांव कश्मीरी से नहटौर जा रहे थे। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही हैं।

# सीईओ डा. लोकेश एम ने शहर का किया निरीक्षण

**■ सड़क मरम्मत और सफाई व्यवस्था सुधारने के दिए आदेश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम ने मंगलवार को उद्यान और सिविल विभाग से संबंधित कार्यों का जायजा लेने के लिए नोएडा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अनुरक्षण व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई जगहों पर सड़क पर गड्ढे मिले, सफाई व्यवस्था भी कई जगहों पर सही नहीं मिली। इस विषय पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी व्यवस्थाओं को तत्काल दुरूस्त करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने सफाई की दयनीय स्थिति पर संबंधित सुपरवाईजर का 1 माह का वेतन रोकने का निर्देश वित्त विभाग को दिया।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने सेक्टर-128 गोल-चक्कर, एक्सप्रेस-वे के समानान्तर 45 मीटर चौड़ी रोड, सेक्टर-128 से सेक्टर-150 तक एवं सेक्टर-153 गोल-चक्कर आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने सेक्टर-128 गोलचक्कर पर बनाये जा रहे मैसूर-क्लॉक टावर का निर्माण कार्य 10 दिन में पूरा करते हुए संचालित किये जाने का उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर-132 गोलचक्कर पर पीक आवर्स में ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान करने के लिए गोलचक्कर पर रोटरी की चौड़ाई कम करते हुए तथा सड़क की चौड़ाई बढ़ाने एवं सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ाने के लिए आगणन प्रस्तुत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मार्गों पर विभिन्न स्थानों पर गड्ढे पाये गये, जिनको अगले 24 घंटे में भरवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ को सेक्टर-135 सिंचाई नाले से ग्राम छपरौली, सेक्टर-167 तक सड़क पर सफाई व्यवस्था दयनीय मिली। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित सुपरवाईजर का 1 माह का वेतन रोकने एवं स्वास्थ्य-निरीक्षक का स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही उक्त मार्ग की दो दिनों में पूर्ण सफाई कराते हुए पत्रावली पर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नोएडा प्राधिकरण के उप महाप्रबन्धक (सिविल) विजय रावल, निदेशक (उद्यान) आनन्द मोहन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# आईआईटी जोधपुर के सहायक प्रोफेसर को दुष्कर्म मामले में 10 वर्ष की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के अपर सत्र न्यायाधीश एवं त्वरित न्यायालय द्वितीय की अदालत ने दुष्कर्म के मामले में राजस्थान के कोटा के रहने वाले जोधपुर आईआईटी के एक सहायक प्रोफेसर को दोषी पाते हुए 10 वर्ष की सजा सुनाई है। प्रोफेसर पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

जानकारी के अनुसार यह मामला जून 2019 का है। विवेक विजयवर्गीय कोटा के रहने वाले थे, वह आईआईटी जोधपुर में सहायक प्रोफेसर थे। उनके खिलाफ थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज हुआ था। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि आरोपी विवेक विजयवर्गीय को वह वर्ष 2000 से जानती थी। जब वह उसके गणित के शिक्षक थे। फरवरी-अप्रैल 2011 में उसने आईआईटी जोधपुर में लगभग 3 महीने तक उनके साथ काम किया था। पीड़िता के अनुसार 5 जून वर्ष 2019 की शाम को विवेक ने उसे फोन करके बताया कि वह किसी काम से नोएडा आए हैं। इस दौरान आरोपी ने नौकरी पर चर्चा करने के लिए पीड़िता को एक ऑफिस में मिलने के लिए कहा। महिला के अनुसार 6 जून 2019 के सुबह व नोएडा के एक ऑफिस में पहुंची। आरोपी ने उसे गेस्ट हाउस के रूम नंबर-7 में आने को कहा। पीड़ित ने रिसेप्शन पर एंट्री किया और कमरे में पहुंची। जहां उसने अपने दस्तावेज और रिज्यूम दिखाएं। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता से कहा कि नौकरी की चिंता मत करो। मैं 10 नौकरियां दिला दूंगा, लेकिन पहले यह बताओ कि तुम इसकी कीमत क्या दे सकती हो। पीड़िता ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने जबरदस्ती उसे पकड़ और उसके साथ बलात्कार किया। महिला के अनुसार वह गेस्ट हाउस के कमरे से निकली तथा उसने रिसेप्शन पर घटना की जानकारी दी। पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया तथा उसके खिलाफ 25 सितंबर 2019 को पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।

इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एवं त्वरित न्यायालय द्वितीय की अदालत में चल रही थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों की जिरह सुनने के बाद आरोपी को दोषी माना तथा उसे 10 वर्ष के कारावास और 20 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया। बताया जाता है कि विजय आईआईटी जोधपुर में सहायक प्रोफेसर था। वह नोएडा में ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के एक कार्यक्रम में शामिल होने आया था। पीड़िता गणित से एमएससी की थी। वर्ष 2000 में राजस्थान के एक कोचिंग में पढ़ती थी। इसी कोचिंग में डॉक्टर विजय गणित पढ़ाते थे। मार्च 2010 में वह आईआईटी जोधपुर में तैनात हुए।

# गौतमबुद्ध नगर में अब तक 66 प्रतिशत एसआईआर फार्म जमा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में अपेक्षित प्रगति नहीं दिख रही है। जिले में वितरित गणना प्रपत्रों में से अब तक केवल 66 प्रतिशत ही जमा हो पाए हैं, जबकि अभियान समाप्त होने में नौ दिन शेष हैं। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में प्रपत्र जमा न करने वाले मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकते हैं। अब तक लगभग 1.30 लाख मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा चुके हैं।

जिला प्रशासन मतदाताओं के सत्यापन के लिए लगातार शिविर आयोजित कर रहा है। यह अभियान 4 नवंबर को शुरू हुआ था, जिसका उद्देश्य जिले के 18.65 लाख मतदाताओं का सत्यापन करना है। पहले इसकी अंतिम तिथि 4 दिसंबर थी, जिसे निर्वाचन आयोग ने बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दिया है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में गणना प्रपत्रों का वितरण पूरा हो चुका है और अब इन्हें जमा कराने का चरण चल रहा है।

सोमवार तक जमा हुए 66 प्रतिशत प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा हो गया है, लेकिन शेष 34 प्रतिशत प्रपत्रों को जमा कराना प्रशासन के लिए एक चुनौती बना हुआ है। अधिकारियों ने उन क्षेत्रों की पहचान की है जहां प्रपत्र कम जमा हो रहे हैं। इन क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाकर शत-प्रतिशत प्रपत्र संग्रह का लक्ष्य हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद नाम हटाने की कार्रवाई जारी है।

अभियान के दौरान कॉलेजों में लगाए गए शिविरों में यह सामने आया कि लगभग 80 प्रतिशत छात्र अब दूसरी जगह रह रहे हैं। शारदा विश्वविद्यालय के बूथ पर भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली, जहां बड़ी संख्या में छात्र स्थानांतरित हो चुके हैं।

प्रशासन ने अभियान को गति देने के लिए सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) की निगरानी तेज कर दी है, जिसमें कम प्रदर्शन करने वाले और शीर्ष प्रदर्शन करने वाले दोनों शामिल हैं। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट सहित पूरी टीम बीएलओ की सहायता कर रही है, ताकि निर्धारित समय में एसआईआर अभियान पूरा किया जा सके।

# दो लोगों से 1.28 करोड़ रुपये की ठगी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने दो लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे लगभग एक करोड़ 28 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज का साइबर क्राइम थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। ठगी का शिकार होने वाला ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण में कार्यरत एक अधिकारी है। एक महिला ने अपने जाल में फंसाकर उनसे एक करोड़ 24 लाख 49 हजार 339 रुपए की ठगी की है।

एडीसीपी साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि बृजपाल सिंह पुत्र ईशानंद सिंह निवासी ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण स्टाफ कॉलोनी बीटा-1 वान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करीब 1 वर्ष पूर्व दिव्या शर्मा नामक एक महिला का व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया। जब उन्होंने पूछा कि आप कौन है तो उधर से जवाब आया कि मैंने अपने दोस्त को एक मैसेज भेजा था। गलती से आपको चला गया। कोई बात नहीं। पीड़ित के अनुसार इसी बीच महिला उनसे संपर्क में आ गई, तथा दोनों के बीच बातचीत होने लगी। महिला ने पीड़ित को बताया कि वह मुंबई में एक कंपनी चलाती है। महिला ने बातों-बातों में पीड़ित से कहा कि आप क्या करते हैं। उसने कहा कि मैं एक सरकारी अधिकारी हूं। उसने पूछा कि आपकी क्या इनकम है, तो उन्होंने कहा कि जो एक सरकारी अधिकारी की होती है। महिला ने उनसे कहा कि आप एक वेबसाइट से जुड़ जाए तो आपको कुछ अलग से इनकम हो सकती है। पीड़ित महिला की बातों में आ गया तथा उन्होंने महिला के बताए हुए एक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करवाया। पीड़ित के अनुसार शुरुआती दौर में उन्होंने 40 हजार रुपए लगाया, जो दो दिन बाद 48 हजार रुपए हो गया। पीड़ित को इससे लालच आया तथा उसने 1 फरवरी से लेकर 11 नवंबर तक महिला के बताए हुए ऐप पर इन्वेस्टमेंट किया।

पीड़ित के अनुसार उन्होंने कुल 1 करोड़ 24 लाख 49 हजार 339 रुपया इन्वेस्ट कर दिया। पीड़ित के अनुसार उनकी रकम एप पर काफी बढ़ी हुई दिखाई दे रही थी। जब उन्होंने अपनी रकम निकालने के लिए कहा तो आरोपियों ने उनसे इनकम टैक्स और अन्य मद में और पैसों की डिमांड की। पीड़ित को शक हुआ तथा उन्होंने थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मुकदमा दर्ज कर उन एकाउंट्स का पता लग रही है जिसमें रकम ट्रांसफर हुई है।

## एक नजर

### नीलामी के नतीजे गुरुवार को जारी होंगे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** हल्के वाहनों की नई सीरीज यूपी 16एफजे के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की नीलामी के नतीजे गुरुवार की शाम छह बजे जारी होंगे। वाहन मालिक परिवहन विभाग की वेबसाइट पर नतीजे देख सकेंगे। इसके बाद बचे नंबर पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर वाहन मालिक बुक कर सकेंगे। इसमें जो नंबर सबसे पहले वाहन मालिक बुक कर लेंगे, उन्हें आवंटित कर दिया जाएगा।

### एसआईआर में लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ सहायक समेत दो निलंबित

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) के काम में लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ सहायक और सहायक मैकेनिक कम ऑपरेटर को निलंबित कर दिया। नोएडा प्राधिकरण में विश्राम सिंह सहायक मैकेनिक कम ऑपरेटर के पद पर तैनात हैं, जबकि नीरज देवी कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि इन दोनों ने एसआईआर के काम में लापरवाही और अनुशासनहीनता बरती। इस वजह से कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

इस कार्य के अंतर्गत चार नवंबर से चार दिसंबर तक गणना प्रपत्रों का वितरण और संग्रह किया जाना था। इस काम में विश्राम सिंह को पर्यवेक्षक और नीरज देवी को बीएलओ के रूप में नियुक्त किया गया था। पिछले महीने 26 तारीख तक इन दोनों द्वारा सौंपे गए फॉर्म डिजिटलाइजेशन और पुनरीक्षण कार्य की प्रगति अत्यंत संतोषजनक पाई गई, जिससे शासकीय काम में बाधा उत्पन्न हुई। इसे निर्वाचन आयोग के निर्देशों की सीधे अवहेलना माना गया। ऐसे में दोनों पर निलंबन की कार्रवाई की गई।

### बरौला में करंट लगने से श्रमिक की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में निर्माणाधीन एक मकान में काम कर रहे श्रमिक को बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। वहीं थाना रबूपुरा क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने गृह क्लेश से तंग आकर गले में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस दोनों मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि राजू शाह पुत्र भिखारी शाह बरौला गांव में निर्माणाधीन एक मकान में काम कर रहा थे। उन्होंने बताया कि वह सोमवार की शाम को मकान के छत पर लोहे की सरिया चढ़ा रहा था। इसी बीच वहां से गुजर रही बिजली की तार से लोहे की सरिया छू गया, जिसकी वजह से उसे करंट लग गया। उन्होंने बताया कि अत्यंत गंभीर हालत में राजू शाह को उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर-50 स्थित नियो अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहां पर उपचार के दौरान देर रात को उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वहीं थाना रबूपुरा क्षेत्र के मोहल्ला विलोचन में रहने वाली एक महिला ने गृह क्लेश से तंग आकर गले में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। परिजनों ने बताया कि झगड़े से नाराज होकर महिला ने यह कदम उठाया है। असलम ने बताया कि उसकी पत्नी हिना ने बीती रात को गृह क्लेश के चलते घर के अंदर ही अपने दुपट्टे से गले में फंदा लगाकर जान दे दी। मोहल्ले के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जायेगी।

# हादसों में दो लोगों की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर और सेक्टर ईकोटेक-1 क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों घटनाओं में वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी चालकों की तलाश में जुटी है। साबौता गांव निवासी हेमराज ग्रेटर नोएडा में नौकरी करता था। वह 20 नवंबर को ड्यूटी कर घर लौट रहा था। वह जैसे ही यमुना एक्सप्रेसवे के साबौता कट के पास उतरा तो किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में हेमराज की मौत हो गई। पुलिस ने हेमराज के भाई बलराज सिंह की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस आरोपी चालकों की तलाश में जुटी है। संभल निवासी कमल सिंह 19 अक्तूबर को बाइक पर सवार होकर किसी काम से ग्रेटर नोएडा आए थे।

# नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन, पीएम-सीएम और राज्यपाल के लिए तैयार होंगे 5 हेलीपैड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ इसी महीने होने की संभावना है। ऐसे में इसे लेकर कहा जा रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों से करवाया जा सकता है। पीएम के दौरे को लेकर एयरपोर्ट परिसर में तैयारियां चल रही हैं। सुरक्षा और प्रोटोकॉल को देखते हुए एयरपोर्ट के एप्रन एरिया में कुल 5 हेलीपैड चिह्नित किए जा रहे हैं, जिनमें तीन हेलीपैड प्रधानमंत्री के लिए, जबकि एक-एक यूपी के ब्ड योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के लिए प्रस्तावित है।

पीएम के संभावित आगमन के साथ ही आम जनता, वीआईपी-विवीआईपी और मीडिया के आने वाले रास्ते और आरक्षित रूट को लास्ट रूप देने पर विचार कर रही है। जल्द ही पुलिस, प्रशासन और प्राधिकरण अधिकारी संयुक्त समीक्षा बैठक करेंगे। योजना के अनुसार, पीएम हेलीकॉप्टर से उतरकर सीधे टर्मिनल भवन का निरीक्षण करेंगे, जहां प्रदर्शनी और डिजिटल प्रस्तुति के माध्यम से उन्हें एयरपोर्ट की पूरी संरचना और सुविधाओं से परिचित कराया जाएगा। इसके बाद टर्मिनल के सामने बने मंच से वे जनसभा को संबोधित करेंगे। जर्मन हैंगर के अंदर च्ड के लिए विशेष मंच तैयार किया जा रहा है। सभा के लिए लगभग डेढ़ लाख वर्ग मीटर क्षेत्र को समतल किया जा चुका है।

**राज्यों से पहुंचेगी भीड़:** पीएम की जनसभा में यूपी के अलीगढ़, बुलंदशहर, मथुरा, हापुड़ और गाजियाबाद जिलों के अलावा दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान से भी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभवाना है। भीड़ को देखते हुए रूट प्लान और पार्किंग व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्य रूप से जेवर-बुलंदशहर मार्ग को आम लोगों के लिए प्राथमिक रास्ता माना गया है, जबकि यमुना एक्सप्रेसवे और लिंक एक्सप्रेसवे को ऑप्शनल रास्ते के रूप में तैयार किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर जेवरख्रखुर्जा मार्ग और दयानतपुर क्षेत्र से अस्थायी मार्ग भी खोले जा सकते हैं।

**एनएचएआई और जेपी इंफ्राटेक:** उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए एनएचएआई और जेपी इन्फ्राटेक ने यमुना एक्सप्रेसवे और लिंक एक्सप्रेसवे के सौंदर्यीकरण का काम तेजी से शुरू कर दिया है। एयरपोर्ट के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर एक्सप्रेसवे तक सड़कों पर पेंटिंग, सफाई, लाइटिंग और सफेद पट्टियां लगाने का काम तेजी से चल रहा है। सरकार और प्राधिकरण का लक्ष्य है कि उद्घाटन समारोह से पहले पूरा क्षेत्र पूरी तरह आकर्षक और सुव्यवस्थित रूप में तैयार हो जाए।

# नोएडा सेफ सिटी के तहत लगेंगे हाई रेजोल्यूशन कैमरे

## चौथी बार टेंडर से पहले किए जाएंगे जरूरी बदलाव, 212 करोड़ में 2100 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेफ सिटी परियोजना में देरी होगी। इसकी वजह तीन बार टेंडर जारी होने के बाद भी कंपनी का चयन नहीं होना है। प्राधिकरण चौथी बार कॉल करने से पहले कुछ बदलाव कर सकता है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सेफ सिटी प्रोजेक्ट को देखा जाएगा। आरएफपी में बदलाव किया जा सकता है। इसके संकेत भी मिले है।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने कहा कि ये सुरक्षा से जुड़ा मामला है। उच्च गुणवत्ता के कैमरे, नई टेक्नॉलॉजी बेस्ड काम कराया जाएगा। उसकी कंपनी को लाएंगे जो सभी मानकों को पूरा करती हो। इससे पहले तीन बार टेंडर जारी किए गए थे। लेकिन कंपनियों ने बिड प्रोसेस में रुचि नहीं दिखाई। शहर में सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत 561 लोकेशन पर 2100 सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। यह कैमरे नाइट विजन व फेस डिटेक्शन कैमरे होंगे, जो इंट्रीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइएसटीएमएस) के कैमरों से बिल्कुल अलग होंगे। मानिटरिंग के लिए अलग से कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। इनका वाहनों के चालान से कोई संबंध नहीं होगा, लेकिन सुरक्षा के तहत वाहनों की नंबर प्लेट व उसमें बैठे लोग भी साफ तौर पर कैमरे की नजर से देखा जा सकेगा।

**212 करोड़ का है प्रोजेक्ट:** सेफ सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने में करीब 212 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह पैसा नोएडा प्राधिकरण खर्च करेगा। चुनी जाने वाली कंपनी का काम सीसीटीवी कैमरों को इंस्टॉल करना, आप्टिकल फाइबर लाइन डालना, पोल और उसकी मॉनिटरिंग का प्रशिक्षण देना होगा। इसको 6 से 9 माह में पूरा किया जाएगा। सीईओ ने बताया कि ये बड़ा प्रोजेक्ट है। शहर वासियों की सुरक्षा के लिए ये योजना है। इसलिए उच्च गुणवत्ता और बेहतर टैक्नॉलाजी का यूज किया जाएगा। जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा।

**पुलिस सूची के अनुसार लगेंगे कैमरे:** सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत जिन स्थानों की सूची पुलिस विभाग ने दी। उसमें बाजार, सरकारी निजी स्कूल, ब्लैक स्पाट और भीड़ भाड़ वाले इलाके मेट्रो स्टेशन , बस स्टैंड , माल्स के बाहर स्थान शामिल है। सेफ सिटी परियोजना के तहत गौतमबुद्ध नगर को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहला नोएडा और दूसरा ग्रेटर नोएडा। यानी सीसीटीवी कैमरों का पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर दोनों प्राधिकरण (नोएडा प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण) बनाएंगे। और इसका संचालन पुलिस विभाग की ओर से किया जाएगा।

# बीसीएएस आज दे सकता है डीजीसीए को सुरक्षा रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दिसंबर में उड़ान की तैयारी है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की टीम ने सुरक्षा उपकरणों की जांच पूरी कर रिपोर्ट तैयार कर ली, जिसे आज बकास नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सौंप सकता है। ऐसा होता है तो 4 दिसंबर को डीजीसीए एयरोड्रम लाइसेंस दे सकता है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि बीसीएएस की समिति ने दो दिनों तक एयरपोर्ट पर सुरक्षा उपकरणों की जांच की थी, लेकिन कुछ खामी मिलने पर सोमवार को दोबारा से उपकरणों को परखा गया। टीम ने स्क्रीनिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, प्रवेश-नियंत्रण पॉइंट और बाहरी सुरक्षा घेरा से लेकर आतंकी घटनाओं को रोकने वाले उपकरण जैसे एंटी हाई जैकिंग सिस्टम, बॉम्ब स्क्वायड, थ्रीडी रडार आदि को परखकर अपनी रिपोर्ट तैयार की है।


**लाइसेंस मिलने के एक सप्ताह में उद्घाटन:** ये रिपोर्ट आज डीजीसीए को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, इसी रिपोर्ट के आधार पर डीजीसीए एयरोड्रम लाइसेंस जारी करेगा, इसके लिए चार दिसंबर की तिथि तय की गई है। माना जा रहा है कि एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के एक सप्ताह के अंदर एयरपोर्ट का शुभारंभ कर दिया जाएगा। हालांकि, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अभी तक एयरपोर्ट के शुभारंभ को लेकर कोई तिथि घोषित नहीं की गई है।

# एक्सप्रेस ट्रेन में चेन पुलिंग का आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दादरी रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से गया जा रही अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन में चेन पुलिंग की गई। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर एक दिसंबर की शाम को दिल्ली से गया के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन जा रही थी। जब एक्सप्रेस ट्रेन रेलवे स्टेशन दादरी पर पहुंची तो चेन पुलिंग कर दी गई। चेन पुलिंग करने पर एक्सप्रेस ट्रेन स्टेशन पर रुक गई। रुकने के चलते लुधियाना की जनता नगर कॉलोनी निवासी शक्ति सिंह उतरकर चल दिए। आरपीएफ ने चेन पुलिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जब चेन पुलिंग करने का कारण पूछा तो बताया कि गलत ट्रेन में बैठ गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नियमानुसार चलके पर छोड़ा दिया।

# पर्थला सिग्नेचर ब्रिज के नीचे बनेगा अंडरपास

**■ पीपीटी प्रजेंटेशन तैयार किया जा रहा, 710 मीटर लंबा, चार लेन होंगी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के पर्थला सिग्नेचर ब्रिज के नीचे अंडरपास बनाया जाएगा। इसका पीपीटी प्रजेंटेशन तैयार किया जा रहा है। सीईओ के सामने इसे रखा जाएगा। यह अंडरपास एफएनजी एक्सप्रेसवे पर छिजारसी से सोरखा की तरफ जाने वाले रास्ते पर बनाया जाएगा। डिजाइन के आधार पर इसकी डीपीआर तैयार की जाएगी। जिसके बाद बजट को फाइनल किया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि पर्थला गोलचक्कर पर इस समय सिग्नेचर ब्रिज बनाया हुआ है। यह सेक्टर-71 अंडरपास की तरफ से जाते समय किसान चौक की ओर आने-जाने के लिए बना हुआ है। अब इस सिग्नेचर ब्रिज के नीचे अंडरपास बनाया जाएगा। यह अंडरपास एफएनजी एक्सप्रेसवे (फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद) के रास्ते पर बनाया जाएगा। अभी एफएनजी एक्सप्रेसवे पूरा शुरू नहीं होने के कारण ट्रैफिक कम है, लेकिन इसके पूरी तरह से बन जाने पर यहां सिग्नेचर ब्रिज के नीचे गोलचक्कर पर जाम लगेगा।

**710 मीटर लंबा होगा अंडरपास:** इसको देखते हुए प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने यहां का जायजा लेते हुए अंडरपास बनाने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। अब प्राधिकरण ने अंडरपास बनाने की योजना तैयार कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि यह अंडरपास चार लेन का बनाया जाएगा। इस अंडरपास की लंबाई 710 मीटर की होगी।

**ग्रेटर नोएडा वेस्ट की तरफ आसानी से जा सकेंगे:** अंडरपास के बनने से सिग्नेचर ब्रिज से किसान चौक जाने का रास्ता बेहतर हो जाएगा। अंडरपास से सोरखा की तरफ बिसरख पर बने पुल से होकर ग्रेनो वेस्ट की तरफ जा सकेंगे। मेरठ एक्सप्रेसवे की तरफ जाना आसान होगा। इस अंडरपास से फेज टू, सोरखा की तरफ से आकर छिजारसी के सामने से होकर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे की तरफ आसानी से जा सकेंगे। अभी छिजारसी के सामने थोड़ी जाम की समस्या होती है।

# बाल चिकित्सालय में मिल्क बैंक शुरू होने में बजट की बाधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बाल चिकित्सालय में मिल्क बैंक शुरू करने में बजट रोड़ा बन गया है। दो निजी संस्थाओं ने बजट देने से इनकार कर दिया है। डेढ़ साल पहले दोनों संस्थाओं के साथ बाल चिकित्सालय ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। इसके अनुसार संसाधन संस्थाओं को ही जुटाना था। बाल चिकित्सालय प्रबंधन ने एक सप्ताह पहले दोनों निजी संस्थाओं को पत्र लिखकर अंतिम निर्णय के बारे में पूछा है। अबतक इस संबंध में संस्थाओं का पत्र अस्पताल प्रबंधन को नहीं मिला है। एक महीने पहले दोनों संस्थाओं ने मिल्क बैंक शुरू करने के लिए बजट के अभाव के बारे में बाल चिकित्सालय प्रबंधन को बता चुके हैं।

पिछले तीन साल में दो बार संस्थाओं के साथ मिल्क बैंक शुरू करने को लेकर समझौता हुआ, लेकिन मिल्क बैंक शुरू करने का काम नहीं हुआ। तब से अब तक सिर्फ लैक्टेशन यूनिट ही चल रही है। यूनिट में मां के दूध से बच्चों को होने वाले फायदे, सहित अन्य पहलुओं के बारे में जागरूक करने का काम चल रहा है। बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि दोनों संस्थाओं को पत्र लिखकर मिल्क बैंक शुरू करने को लेकर आखिरी बार पूछा गया है। स्पष्ट जवाब नहीं होने की स्थिति में अगला विकल्प तलाशेंगे। 50 प्रतिशत नवजात को नहीं मिल पाता मां का दूध जिले के 50 प्रतिशत नवजात को जन्म के 24 घंटे के अंदर मां का दूध नहीं मिल पाता। छह महीने की उम्र तक भी लगभग यही स्थिति होती है। ऐसे में मिल्क बैंक शुरू होने से ऐसे नवजात को काफी लाभ मिलता। ताकि उनकी सेहत अच्छी रह सके। मां का दूध नहीं मिलने के कारण बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, जिससे उन्हें संक्रमण सहित अन्य परेशानियां होती हैं। देशभर में 20 से कम मिल्क बैंक हैं। ऐसे में बाल चिकित्सालय में इसकी शुरुआत से आसपास के जिलों को भी फायदा होता।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

### संक्षिप्त खेल समाचार

## खेलो इंडिया पहल से किशोरों को जीवन का उद्देश्य मिला: टॉड

**जयपुर।** भारतीय टेनिस सर्किट में एक जाना-पहचाना नाम बन चुके ऑस्ट्रेलियाई कोच टॉड क्लार्क ने खेलो इंडिया पहल सराहना करते हुए कहा कि इससे किशोरों को जीवन का उद्देश्य मिलता है। 2008 में भारत आने के बाद से क्लार्क ने यहां रहकर देश की संस्कृति को करीब से अपनाया है। वर्तमान में वे ओडिशा स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में टेनिस निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में अपने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। क्लार्क का कहना है कि खेलो इंडिया गेम्स ने देशभर में किशोरों को सही दिशा और उद्देश्य दिया है। क्लार्क साई मीडिया से कहा कि उबाऊ किशोरावस्था से ज्यादा परेशान करने वाली कोई चीज नहीं होती। इन खेलों ने देशभर में युवाओं को खेल अपनाने, उसमें आगे बढ़ने और करियर बनाने का मौका दिया है।खेल चरित्र भी विकसित करते हैं।" 30 से अधिक वर्षों से कोचिंग कर रहे क्लार्क ने भारत सरकार की फिट इंडिया के प्रति प्रतिबद्धता की भी सराहना करते हुए कहा, "वर्तमान केंद्र सरकार फिट इंडिया के विचार को लेकर काफी गंभीर है।ये खेल युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाएंगे और खेल ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। जयपुर में अब तक जो सुविधाएं देखी हैं, वे प्रभावशाली हैं।" भारत आने के बाद क्लार्क पंजाब, गुजरात और हरियाणा में कोचिंग कर चुके हैं।

## बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर जिम्नासिया क्लॉसुरा सेमीफाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** मैनुअल पानारो और फ्रैंको टोरेस ने दोनों हाफ में किए गए गोलों की बदौलत जिम्नासिया ने बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिवीजन क्लॉसुरा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पनारो ने सोमवार को क्वार्टरफाइनल मुक़ाबले के 22वें मिनट में जेरेमियास मेर्लो के दाएं फ़्लैंक से क्रॉस पर पास से गोल करके मेहमान टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद मेलों की जगह दूसरे हॉफ में आए टोरेस ने 93वें मिनट में गोलकीपर मार्सेलो मिनो के पास से एक तेज टर्नओवर का फायदा उठाकर खाली नेट में गेंद डालकर बढ़त को दोगुना कर दी। अब सेमीफाइनल में जिमनेशिया का मुकाबला एस्टुडिएंट्स से होगा। क्लब डी जिम्नासिया वाई एस्ग्रीमा ला प्लाटा के मैनेजर फर्नांडो जानिराटो ने मैच के बाद कहा कि हमने एक मुश्किल टेस्ट पार कर लिया। हमारा एक और भी बड़ा मैच आने वाला है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। दिन के दूसरे क्वार्टरफाइनल में, रेसिंग ने टाइग्रे को पेनल्टी में 4-2 से हराकर बोका जूनियर्स के साथ सेमीफाइनल जगह बनाई।

# सीरीज में अजेय बढ़त के लिए उतरेगा भारत

## दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन मैचों की सीरीज में बराबरी पर आने का अवसर होगा



**रायपुर।** पहले एकदिवसीय में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भारत बुधवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में अजेय बढ़ाने उतरेगा।

वहीं पिछले मैच में संघर्षपूर्ण प्रदर्शन करनी वाली दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन मैचों की सीरीज में बराबरी का अवसर होगा। पहले मैच में विराट कोहली के 135 रन सिर्फ एक आंकड़े से कहीं अधिक थे। यह पारी को गति देने, हालात को समझने और साझेदारी संभालने का एक मास्टरक्लास था। रोहित शर्मा का लगातार योगदान और केएल राहुल की ज़रूरत पड़ने पर तेजी से रन बनाने की काबिलियत भारत की बल्लेबाजी लाइनअप की गहराई और अनुभव को दिखाती है। यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड़ जैसे युवा प्रतिभाशाली शीर्षक्रम और मध्यम क्रम में जोश भरते हैं। यह एक ऐसा फॉर्मूला है जिसे भारत दो. हराना चाहेगा। वहीं गेंदबाजी की बात करें, तो कुलदीप यादव और हर्षित राणा ने कंसिस्टेंसी और स्मार्ट वैरिएशन की अहमियत दिखाई। अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा शुरुआती मूवमेंट का फायदा उठाने के लिए ज़रूरी तेज गेंदबाजी आक्रमण देते हैं, जबकि लाइट्स में पिच धीमी होने पर स्पिनर्स भी मैच जिता सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की बात करें तो उसने रांची के हाई- स्कोरिंग कंडीशंस में मजबूती दिखाई। क्विंटन डी कॉक शीर्षक्रम में खतरा बने हुए हैं, जिनमें पारी की रफ्तार तय करने में काबिल हैं। मैथ्यू ब्रीट्जके, मार्को यानसन और कॉर्बिन बॉश ने दिखाया कि निचले क्रम में साझेदारी कर मैच का पासा पलट सकती हैं, जिससे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट की गहराई और अप्रत्याशित पर दबाव पड़ता है। नंद्रे बर्गर और ओटनील बार्टमैन की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण विविधता और भेदने की क्षमता देता है, जिससे पता चलता है कि पहले मैच में पिछड़ने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका चुपचाप नहीं खेलेगा। पिच की अगर बात की जाए तो शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम की पिच तो यह तेज गेंदबाज शुरुआती मूवमेंट हासिल कर सकते हैं, बल्लेबाजों को अपनी पारी पर ध्यान से आगे बढ़ाना होगा, और जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा, स्पिनर्स खेल में आएंगे। भारत की संभावित टीम: रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, कोहली, रुतुराज गायकवाड़, वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल (कप्तान, विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा। द. अफ्रीका टीम: टेम्बा बावुमा (कप्तान), डी कॉक (विकेट कीपर), एडन मारक्रम, मैथ्यू ब्रीट्जके, टोनी डी जॉर्जी, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को जेनसेन, कॉर्बिन बॉश, प्रेनेलन सुब्रायन, केशव महाराज, नंद्रे बर्गर और ओटनील बार्टमैन।

# असम के खिलाफ आया सरफराज खान का तूफान

**मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते हुएबल्लेबाज ने शानदार शतक जड़ा**

**लखनऊ।** युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने मंगलवार को असम के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते हुए 28 वर्षीय बल्लेबाज ने शानदार शतक जड़ा और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

हालांकि, इस मुकाबले में भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव कुछ खास नहीं कर सके जबकि अजिंक्य रहाणे ने 33 गेंदों में 42 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज ने टी-20 प्रारूप में अपना पहला शतक असम के खिलाफ जड़ा। 47 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के की मदद से 100 रन बनाकर वह नाबाद रहे। इस दौरान उन्होंने 212.76 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उनकी इस पारी की बदौलत मुंबई ने आसाम के सामने 221 रनों का लक्ष्य रखा था। जवाब में रियान पराग की अगुआई वाली टीम 122 रन ही बना सकी और आलआउट हो गई। इस तरह मुंबई ने यह मुक़ाबला 98 रन से जीत लिया। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से खराब फार्म से जूझ रहे हैं। इससे पहले आस्ट्रेलिया दौरे पर खेले पांच मुकाबलों में उन्होंने 39', 1, 24 और 20 रन बनाए थे। प्रशंसकों को उम्मीद है 9 दिसम्बर से द. अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो जा रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज से पहले कप्तान सूर्यकुमार लय हासिल कर लेंगे।

# वेस्टइंडीज का कहर न्यूज़ीलैंड 231/9

**क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)।** केन विलियमसन (52) और माइकल ब्रेसवेल (47) की जुझारू पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को दिन का खेल समाप्त होने के समय नौ विकेट पर 321 रन बना लिए है।

वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज दिन भर जूझते नजर आए। आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केन विलियमसन ने कप्तान टॉम लेथम के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने टॉम लेथम 85 गें. दों में 24 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद न्यूजीलैंड ने महज 25 रन जोड़कर अपने दो और विकेट गंवा दिए। रचिन रविंद्र (तीन) और विल यंग 14 रन बनाकर आउट हुए। 49वें ओवर में जेडेन सील्स ने टॉम ब्लंडल 29 को आउटकर न्यूजीलैंड को छठा झटका दिया। केन विलियमस ने न्यूजीलैंड के 102 गेंदों में छह चौकों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। ओजय शील्ड्स ने 73 गेंदों में छह चौकों की मदद से 47 रन बनाए। नेथन स्मिथ (23) और मैट हेनरी (आठ) रन बनाकर आउट हुए। खराब रोशनी के कारण न्यूजीलैंड ने 70 ओवरों में नौ विकेट पर 231 रन बना लिए है।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज

# हार्दिक पांड्या की वापसी तय, गिल पर संशय



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के अनुभवी आलराउंडर हार्दिक पांड्या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज से वापसी कर सकते हैं, लेकिन टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल पर संशय बरकरार है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को भारतीय चयनकर्ता टीम के चयन के लिए बैठक करेंगे।


इसी दिन भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे मैच खेला जाना है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति जब रायपुर में टीम चयन के लिए बैठक करेगी, तो एजेंडा में शीर्ष पर गिल रहेंगे। अगर गिल टीम में जगह नहीं बना पाते हैं, तो अभिषेक शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन ओपनिंग का विकल्प होंगे। सैमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में पांच में से दो ही मैच खेले थे, जबकि उन्हें एक ही बार बल्लेबाजी का मौका मिला था। सैमसन तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। यशस्वी उस वक्त टीम का हिस्सा नहीं थे। गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दौरान पहली पारी में बल्लेबाजी करते वक्त चोट लगी थी। वह रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे और फिर मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। गिल दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए फिट नहीं हुए और वनडे सीरीज से भी उन्हें बाहर रखा गया। गिल सोमवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वबीसीसीआईक्ष के सेंटर आफ एक्सीलेंस पहुंचे जहां वह रिहैब शुरू करेंगे। चयनकर्ता रियान पराग को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह दे सकते हैं। पराग ने भारत के लिए आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में टी-20 मैच खेला था। वह फिलहाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में असम टीम की कमान संभाल रहे हैं। वहीं, चयनकर्ता और टीम प्रबंधन हार्दिक की वापसी से संतुष्ट है। हार्दिक ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा के लिए खेलते हुए पंजाब के खिलाफ नाबाद 77 रन बनाए। यह उनका पिछले दो महीने से अधिक समय में पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। हार्दिक आस्ट्रेलिया दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत नौ दिसम्बर को कटक में होने वाले पहले मैच से होगी। इसके बाद दोनों टीमें 11 दिसम्बर को न्यू चंडीगढ़, 14 दिसम्बर को धर्मशाला, 17 दिसम्बर को लखनऊ और 19 दिसम्बर को अहमदाबाद में सीरीज के शेष मुकाबले खेलेंगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम फिलहाल टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका पांचवें स्थान पर है।

# पाक के लिए मोईन अली ने भी छोड़ा आईपीएल

## चार दिन पहले फाफ डु प्लेसिस ने पीसीएल में खेलने का किया था फैसला

**कराची।** फाफ डू प्लेसिस के बाद अब इंग्लैंड के पूर्व आलराउंडर मोईन अली ने भी आईपीएल 2026 से हटकर पीसीएल 2026 में खेलने का फैसला किया है। चार दिनों में ऐसा कदम उठाने वाले वे दूसरे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। 29 नवम्बर को आरसीबी के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने भी आईपीएल से नाम वापस लेकर पाकिस्तान सुपर लीग खेलने की घोषणा की थी।

इसी बीच आईपीएल का मिनी आक्शन 16 दिसम्बर को अबू धाबी में होना है। हर टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी- मोईन मोईन अली ने सोशल मीडिया पर बताया कि वे पीसीएल के नए दौर का हिस्सा बनने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने लिखा कि यह लीग दुनिया की टाप टी-20 लीगों में से एक है और हर टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी खेलते हैं। उनके मुताबिक पाकिस्तान में खेलना हमेशा अच्छा अनुभव देता है। वहां क्रिकेट का स्तर ऊंचा है और दर्शकों का उत्साह खिलाड़ियों को पूरा दम लगाने पर मजबूर करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सफर भी यादगार रहेगा।



आईपीएल 2025 के मेगा आक्शन में कोलक. ता नाइट राइडर्स ने मोईन को 2 करोड़ की बेस प्राइस पर खरीदा था। आईपीएल 2026 से पहले उन्हें ने 9 खिलाड़ियों को रिलीज किया, जिनमें मोईन भी शामिल थे। 2025 सीजन में उनका प्रदर्शन साधारण रहा। उन्होंने 6 मैचों में सिर्फ 5 रन बनाए और 6 विकेट हासिल किए। 2018 से आईपीएल का हिस्सा मोईन अली 2018 से आईपीएल खेलते रहे हैं और आरस. बी, सीएसके तथा केकेआर जैसी टीमों का हिस्सा रहे। अब तक वे 73 आईपीएल मैच खेल चुके हैं, जिनमें 1167 रन बनाए और 41 विकेट लिए हैं। वेसीएसके के साथ 2021 और 2023 में दो बार आईपीएल चैंपियन भी बने। फाफ डु प्लेसिस ने भी आईपीएल छोड़ने की घोषणा की थी मोईन अली से पहले साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 29 नवम्बर को घोषणा की थी कि वे आईपीएल 2026 के आक्शन में अपना नाम नहीं डालेंगे। फाफ ने 14 सीजन में 154 मैच खेले हैं और 4,773 रन बनाए (औसत 35.10, स्ट्राइक रेट 135.79)। वे सीएसके, राइजिंग पुणे सुपरजायंट, आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले हैं। 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए उनका प्रदर्शन फिटनेस की वजह से प्रभावित रहा, जिसमें वे 9 मैचों में 202 रन ही बना पाए। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा-14 सीजन के बाद इस बार आक्शन में नाम नहीं डाल रहा। भारत हमेशा मेरे दिल में खास जगह रखेगा, यह अलविदा नहीं है।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ख्वाजा चोटिल, गाबा टेस्ट से हुए बाहर

**गाबा।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज पीठ की चोट के कारण गुरुवार को शुरू होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट से बाहर हो गए है। ख्वाजा की जगह अभी किसी अन्य बल्लेबाज का चयन नहीं किया गया है।

ऐसा माना जा रहा है कि जॉश इंग्लिस और ब्यू वेबस्टर की ऑस्ट्रेलियाई एकादश में वापसी हो सकती है। ख्वाजा ने मंगलवार को थोड़ी देर अभ्यास किया और इस दौरान उन्हें तकलीफ हो रही थी। वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। यह देखना बाकी है कि उनकी जगह कौन ओपनिंग करेगा। मार्नस लाब. ुशेन ने पर्थ टेस्ट की पहली पारी में ओपनिंग की थी, जबकि ट्रैविस हेड ने दूसरी पारी की शुरुआत की थी। पर्थ में चौथी पारी में शानदार



प्रदर्शन के बाद, हेड ने संकेत दिया है कि उन्हें ओपनिंग करने में खुशी होगी। इंग्लिस ने पिछले हफ़्ते इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शानदार शतक लगाया था ऐसे में अगर उनका चयन होता है, तो वह भी एक विकल्प हो सकते हैं। इंग्लिस को लाने से ऑस्ट्रेलिया को हेड को मिडिल-ऑर्डर में बनाए रखने में मदद मिलेगी। अगर वे इसके बजाय वेबस्टर के साथ जाते हैं, तो हेड के ऑर्डर में ऊपर जाने की संभावना है। वेबस्टर ने पिछले साल भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण किया था। इस बीच, इंग्लैंड ने अपनी एकादश में एक बदलाव किया है और चोटिल मार्क वुड की जगह स्पिन-गें. दबाज ऑलराउंडर विल जैक्स को टीम में शामिल किया है। जैक्स, जिन्होंने दूसरे टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र के दौरान लेंथ में गें. दबाजी की थी, उन्हें फ्रंटलाइन स्पिनर शोएब बशीर से आगे रखा गया है। इंग्लैंड एकादश: जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

# ओलंपिक: मिश्रित मार्शल आर्ट्स शामिल करने की कवायद तेज हुई

**एमेच्योर एमएमए के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय बॉडी बनाने की घोषणा**

**जिनेवा।** एशियन मिश्रित मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन (एएमएमए) ने ओलंपिक खेलों में शामिल होने के लिए एमेच्योर एमएमए के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय बॉडी बनाने की घोषणा की है।

एएमएमए के अध्यक्ष गॉर्डन टैंग ने कहा कि एमएमए के दुनिया भर में करोड़ों प्रशंसक हैं। लेकिन वैश्विक ख्याति के बावजूद, एमएमए एक ऐसा खेल है जिसमें एक जैसा अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय नहीं है। मैंने स्वयं देखा है कि जब सभी एक जैसे विजन के पीछे मिलकर काम करते हैं तो क्या हासिल किया जा सकता है।" टैंग और एएमएमए के दूसरे अगुवाकारों ने 27 नवम्बर को फेडरेशन ऑफ अंतर्राष्ट्रीय मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एफआईएमएमए) की स्थापना की पुष्टि के लिए एक ऑनलाइन बैठक की। टैंग ने कहा कि एफआईएमएमए उन कई कॉल्स का जवाब है जो हमें एथलीट्स और राष्ट्रीय और क्षेत्रीय फेडरेशन्स से मिली हैं, जो एक अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन की मांग कर रहे हैं। जो इस खेल को एक अंतर्राष्ट्रीय निकाय के तहत एकजुट करे। हम ऐसे किसी भी संस्था के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं जो एमएमए और उसके एथलीट्स के वैश्विक हितों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के हमारे वादे को साझा करती हैं। टैंग ने इस बात की भी पुष्टि कि संस्था ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी से बात की है और उसका मकसद ओलंपिक पहचान हासिल करना है। एएमएमए के महानिदेशक गैलास्टिन टैन ने कहा कि एफआईएमएमए का मकसद एथलीट्स को सबसे पहले रखना और वास्तव में वैश्विक समर्थन हासिल करना है। हम सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा का मंच तैयार कर रहे हैं जो ऐसी स्पर्धाओं को आसान बनाए और श्रेष्ठ एथलीट्स को एक संस्था के तहत एक साथ लाते हैं।" मिश्रित मार्शल आर्ट्स को 2025 एशियन यूथ गेम्स में शामिल किया गया था और यह 2026 एशियन गेम्स में एक पदक स्पर्धा के तौर पर पदार्पण करेगा।

# आईपीएल की नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और इंग्लैंड के बल्लेबाज मोईन अली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की नीलामी में भाग नहीं लेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैक्सवेल ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये जानकारी साझा की है कि वह आईपीएल 2026 की नीलामी में हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि उन्होंने नीलामी से बाहर होने का कारण नहीं बताया है। मैक्सवेल ने कहा कि आईपीएल में कई अविस्मरणीय सीजन के बाद इस साल नीलामी में मैंने अपना नाम नहीं डालने का फैसला किया है। यह मेरे लिए एक बड़ा निर्णय है और इस लीग ने मुझे जो कुछ भी दिया, उसके लिए मैं बहुत आभार के साथ यह फैसला ले रहा हूं।उन्होंने कहा कि आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर



और इंसान के रूप में गढ़ने में मेरी मदद की है। मैं बेहद सौभाग्यशाली रहा हूं कि मुझे विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेलने और बड़ी फ्रेंचाइजियों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इसके साथ ही उन प्रशंसकों के सामने प्रदर्शन करने का मौका मिला है जिनका जुनून अद्वितीय है। भारत की चुनौती, यादें और ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी। इन वर्षों में आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। उम्मीद है जल्द आपसे मुलाकात होगी। आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था। आईपीएल में मैक्सवेल कुल चार टीमों के लिए खेल चुके हैं। इन टीमों में पंजाब किंग्स, दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शामिल हैं। आईपीएल 2024 के बाद आरस. बी ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था, जिसके बाद बड़ी नीलामी में पीबीकेएस ने उन्हें खरीदा था। मैक्सवेल ने आईपीएल में कुल 141 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 135 पारियों में 23-88 की औसत और 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 2819 रन बनाए हैं। इस दौरान मैक्सवेल ने 18 अर्धशतक भी लगाए हैं। वहीं गेंद के साथ मैक्सवेल ने 8.29 की इकॉनमी से 41 विकेट झटके हैं।

## देवदत्त पड़िक्कल का शतक कर्नाटक ने तमिलनाडु को से हराया

**अहदाबाद।** देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 102) की शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक ने मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में तमिलनाडु को 145 रनों से करारी शिकस्त दी। 246 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तमिलनाडु, कर्नाटक के गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने में विफल रही और पूरी टीम 14.2 ओवर में 100 रन के स्कोर पर सिमट गई। तमिलनाडु के लिए तुषार रहेजा ने सर्वाधिक 29 रनों की पारी खेली। नारायण जगदीशन (21), आर राजकुमार (16) और अमित सात्विक 15 रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। प्रवीण दुबे और श्रेयस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लिए। विजयकुमार वैशक व शुभांग हेगड़े को दो-दो विकेट मिले।

## सम्पादकीय

बुधवार, 3 दिसम्बर 2025

# आंकड़ों में चेतावनी

पिछले छह महीनों के आईआईपी आंकड़े भी ग्रामीण उपभोग में कमजोरी की ओर इंगित करते हैं। लिहाजा, सावधानी भरे आशावाद का समुचित कारण है। लेकिन सितम्बर-तिमाही का उछाल बेहतर-वेतन वाले औपचारिक क्षेत्रों में केंद्रित लगता है, जबकि निम्न-आय वाले, निर्यात-संबंधी व श्रम-प्रधान खंड जूझ रहे हैं। सितम्बर और अक्टूबर के व्यापारिक आंकड़े पहले ही चेतावनी के संकेत दे रहे हैं, जिसे देखते हुए यह निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी हो सकती है कि आर्थिक वृद्धि की यह गति बरकरार रखी जा सकती है। यह बात अलग है कि चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सितम्बर-तिमाही के जीडीपी आंकड़ों ने सभी अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है। यह 8.2 फीसदी रहा, जो वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के 7.8 फीसदी से भी ज्यादा है और एक साल पहले की समान अवधि से काफी ऊपर है। अक्टूबर माह के व्यापार के आंकड़ों में 41.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऐतिहासिक घाटा सामने आया था, जिसका आंशिक कारण सर्राफा आयात तिगुना हो जाना था, जो कि आर्थिक अनिश्चितता का एक संकेत है। इसके चंद दिनों बाद ही, जीडीपी के आंकड़े ने नीति- निर्माताओं को कम -से-कम कुछ समय के लिए आश्वस्त किया है। आर्थिक वृद्धि का नेतृत्व मैन्यूफैक्चरिंग (9.1 फीसदी) और सेवाओं (9.2 फीसदी) ने किया, जिसे निजी उपभोग में सुधार से सहारा मिला। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के 6.4 फीसदी की तुलना में, वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में निजी अंतिम उपभोग व्यय 7.9 फीसदी बढ़ा, जबकि सरकारी खर्च से भी थोड़ा समर्थन मिला। कुल मिलाकर, ये वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद घरेलू गतिविधि में व्यापक आधार वाली वृद्धि का इशारा करते हैं। इसके बावजूद, बाहरी झटके के पूरे असर आगामी तिमाहियों में दिख सकते हैं। अगस्त में भारत पर दो चरणों में अमेरिकी टैरिफ मध्य-तिमाही में लागू हुए। इन टैरिफों के लागू होने से पहले निर्यात आर्डरों के कुछ पेशगी- भुगतान (फ्रंट लोडिंग) से भी दूसरी तिमाही का आउटपुट बढ़ा हो सकता है। एक दूसरे सांख्यिकीय प्रभाव की भी भूमिका है। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति गिरकर 0.25 फीसदी पर आ गई, जो वर्तमान सीपीआई सीरीज में सबसे कम है और इसने जीडीपी अपस्फीतिकारक (डिफ्लेटर) को एक फीसदी से नीचे लाने में योगदान दिया। इतना कम डिफ्लेटर नाममात्र के (नामिनल) जीडीपी की बनिस्बत वास्तविक (रियल) जीडीपी को अपने आप बढ़ा देता है नामिनल जीडीपी (8.7 फीसदी) और रियल जीडीपी (8.2 फीसदी) में बहुत कम अंतर इसे रेखांकित करता है। अगर मुद्रास्फीति बढ़ती है या इनपुट लागत ऊपर जाती है, अगर तेल की कीमत चढ़ती है क्योंकि भारत रूसी कच्चे तेल से इतर विविधीकरण कर रहा है, तो समग्र जीडीपी की वृद्धि नरम पड़ सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आगामी मौद्रिक नीति समिति की बैठकें अनिश्चितता बढ़ाएंगी, क्योंकि कोई भी नीतिगत दर मांग से जुड़े दबावों को आकार देगी। सकल मूल्य संवर्धन को बांटकर देखने से पता चलता है कि निर्माण (कंस्ट्रक्शन) में 7.2 फीसदी की वृद्धि हुई है, और सेवाओं के वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवा उपखंड में 10.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जो इस बात की ओर इशारा करता है कि पूंजी- प्रधान, बुनियादी ढांचे से जुड़े सेक्टर इस रफ्तार के केंद्र में रहे हैं। मासिक औद्योगिक सूचक इस पैटर्न की पुष्टि करते हैं, सितम्बर में आईआईपी 4 फीसदी बढ़ा, जिसमें मुख्य पूंजी-प्रधान श्रेणियों जैसे इस्पात (14.1 फीसदी) और सीमेंट (5.3 फीसदी) ने मजबूत वृद्धि दिखायी। यह इस साल आरबीआई द्वारा तीन रेपो-रेट कटौतियों के असर के अनुरूप है। ये कटौतियां जून में नीतिगत दर को 5.5 फीसदी तक नीचे ले आईं और इससे निवेश गतिविधि को समर्थन मिला हो सकता है।

## सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव



प्रथम पीएम स्व. जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया, नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया, नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी, पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# अब गेहूं खुद अपना उर्वरक बना सकेगा!

आज गेहूं दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण खाद्य फसलों में से एक है, जो विश्व की बड़ी आबादी के भोजन का आधार बनती है। बढ़ती जनसंख्या, सीमित कृषि भूमि, और जलवायु परिवर्तन के बीच यह आवश्यक हो गया है कि गेंहूं जैसी मुख्य फसलों की उपज और पोषण क्षमता में निरंतर सुधार किया जाए। पारंपरिक खेती में नाइट्रोजन उर्वरक का उपयोग गेंहूं की बढ़ोतरी और उत्पादन के लिए आवश्यक माना जाता है, लेकिन इन उर्वरकों का अत्यधिक इस्तेमाल मिट्टी को खराब करता है, पानी को प्रदूषित करता है और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। नाइट्रोजन उर्वरक बनाने की उद्योग दुनिया के कुल ऊर्जा उपयोग का बड़ा हिस्सा लेती है और भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसें उत्पन्न करती है। इन समस्याओं का सबसे टिकाऊ समाधान यह है कि गेंहूं को इस तरह इंजीनियर किया जाए कि वह खुद अपना उर्वरक बना सके, ठीक उसी तरह जैसे कुछ पौधेकृजैसे दालेंकृअपनी जड़ों के माध्यम से नाइट्रोजन स्थिरीकरण करती हैं। इस विचार पर वैज्ञानिकों का शोध तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह कृषि जगत में क्रांति ला सकता है।

प्रकृति में कुछ बैक्टीरिया, विशेष रूप से राइजो. बियम परिवार के, हवा में मौजूद नाइट्रोजन को पौधों के उपयोग योग्य रूप में परिवर्तित करने की क्षमता रखते हैं। यही कारण है कि दालें बिना बाहरी नाइट्रोजन उर्वरकों के भी अच्छी वृद्धि कर लेती हैं। वैज्ञानिकों का उद्देश्य इन बैक्टीरिया या उनकी क्षमता को गेंहूं में लागू करना है ताकि गेंहूं खुद अपनी खाद बना सके। यह लक्ष्य सरल नहीं है, क्योंकि गेंहूं और दालों की जड़ संरचना, आंतरिक जैविक प्रक्रियाएं और रोग प्रतिरोधक प्रणाली अलग होती हैं। लेकिन जीन इंजीनियरिंग और माइक्रोबियल सिंबायोसिस टेक्नोलॉजी में नए विकास ने इसे संभव बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस विचार को लागू करने के तीन प्रमुख वैज्ञानिक मार्गों पर शोध हो रहा है। पहला तरीका यह है कि गेहूं और कुछ लाभकारी बैक्टीरिया के बीच साझेदारी बनाई जाए, यानी गेंहूं की जड़ें उन बैक्टीरिया को पहचानें और उनकी मदद लें जो हवा से नाइट्रोजन को उपयोगी रूप में बदल सकते हों। इसके लिए वैज्ञानिक ऐसे बैक्टीरिया खोज रहे हैं जो प्राकृतिक रूप से गेंहूं की जड़ों में टिककर नाइट्रोजन स्थिरीकरण कर सकें। कुछ प्रयोगों में यह देखा गया है कि यदि बैक्टीरिया को जेनेटिक रूप से संशोधित किया जाए, तो वे गेंहूं की जड़ों में भी नोड्यूल जैसी संरचनाएं बना सकते हैं, जिससे पौधे को नाइट्रोजन लगातार मिलती रहती है। दूसरा तरीका गेहूं के जीनोम में प्रत्यक्ष बदलाव करना है। वैज्ञानिक यह प्रयास कर रहे हैं कि दालों में पाए जाने वाले वे जीन जो नाइट्रोजन स्थिरीकरण बैक्टीरिया को अपनी जड़ों में आकर्षित और नियंत्रित करते हैं, उन्हें गेंहूं में डाला जाए। प्रारंभिक परीक्षणों में कुछ ऐसे जीन क्लस्टर पहचाने गए हैं जो जड़ कोशिकाओं को इस उद्देश्य के लिए तैयार कर सकते हैं। यदि यह तरीका सफल होता है तो गेंहूं धीरे-धीरे बाहरी उर्वरकों पर निर्भर होने के बजाय एक आत्मनिर्भर पौधे में बदल सकता है। तीसरा तरीका अधिक उन्नत सिंथेटिक बायोलॉजी का है जिसमें लक्ष्य नाइट्रोजन स्थिरीकरण की पूरी प्रक्रिया को सीधे गेहूं के अंदर सक्रिय करना है। इसका मतलब है कि गेंहूं स्वयं उन एंजाइमों और प्रोटीनों का निर्माण करे जिनकी मदद से वह वायुमंडलीय नाइट्रोजन को अमोनिया में परिवर्तित कर सके। यह सबसे चुनौतीपूर्ण तरीका है क्योंकि यह प्रक्रिया बहुत ऊर्जा-खपत वाली होती है और पौधे की बाकी जैविक प्रक्रियाओं पर भी असर डाल सकती है। फिर भी वैज्ञानिकों के मॉडल संकेत देते हैं कि सही जीन अनुक्रम और ऊर्जा प्रबंधन तंत्र के संयोजन से यह दीर्घकाल में संभव है। यदि इन में से कोई भी तरीका सफलतापूर्वक बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है तो कृषि क्षेत्र में बेहद बड़ा परिवर्तन आएगा। किसानों को महंगे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उनकी लागत कम होगी और जल प्रदूषण तथा मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार आएगा। गेंहूं का ऐसा रूप पर्यावरण के लिए भी बहुत फायदेमंद होगा क्योंकि नाइट्रोजन उर्वरकों के निर्माण और उपयोग से होने वाला कार्बन उत्सर्जन कम हो जाएगा। इसके अलावा मिट्टी में जैविक सक्रियता बढ़ेगी, जिससे सूक्ष्मजीव संतुलन और मिट्टी की उर्वरता दीर्घकाल के लिए सुरक्षित रहेगी। मौसम की अनिश्चितताओं और जलवायु परिवर्तन की वजह से जो किसान आर्थिक जोखिम झेलते हैं, उनके लिए यह तकनीक एक स्थाई समाधान बन सकती है। भारत जैसे देशों में जहां गेंहूं बड़ी आबादी के भोजन और किसानों की आय दोनों का आधार है, यह शोध विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। भारतीय किसान अक्सर उर्वरकों पर भारी खर्च करते हैं और कई बार समय पर उपलब्ध न होने या नकली उर्वरक मिलने की वजह से नुकसान भी झेलते हैं। यदि भविष्य में गेंहूं के बीज ऐसे उपलब्ध होते हैं जो खुद अपना नाइट्रोजन उर्वरक बना सकें तो छोटे और सीमांत किसानों को सीधा लाभ होगा। इससे कृषि उपज में वृद्धि, आय में स्थिरता, और खेती को सतत एवं सस्ती बनाने में मदद मिलेगी। हालांकि इस



तकनीक के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि जेनेटिक इंजीनियरिंग से उत्पादित बीजों को लेकर लोगों में संदेह और भय रहता है। खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता, और लंबे समय तक स्वास्थ्य पर प्रभावों को समझने के लिए पर्याप्त परीक्षण और समय की आवश्यकता होती है। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करना होगा कि यह तकनीक बड़ी कंपनियों के नियंत्रण में न जाकर किसानों के लिए सुलभ रहे। यदि बीजों के अधिकार या पेटेंट कुछ चुनिंदा कंपनियों के पास होंगे तो किसान फिर से निर्भरता की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसी तकनीकें खुले लाइसेंस, सरकारी संस्थानों, और वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग के तहत विकसित की जाएं ताकि इनका लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंच सके। एक और चुनौती कृषि जैव विविधता की है। यदि एक ही प्रकार के इंजीनियर गेहूं के बीजों का अत्यधिक उपयोग किया गया तो रोगों, कीटों या जलवायु आपदाओं का जोखिम बढ़ सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि पारंपरिक किस्मों और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रजातियों को बनाए रखा जाए और इंजीनियर बीजों का उपयोग विविधता के साथ किया जाए। वैज्ञानिक इस दिशा में भी काम कर रहे हैं कि नाइट्रोजन स्थिरीकरण क्षमता को विभिन्न गेंहूं प्रजातियों में अनुकूल रूप से जोड़कर अनेक विकल्प उपलब्ध कराए जाएं। इस तकनीक की सफलता हमारे कृषि और पर्यावरण के भविष्य के लिए बहुत मायने रखती है। आधुनिक विज्ञान ने यह साबित किया है कि कृषि को केवल उत्पादन बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि ग्रह और लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए भी विकसित किया जाना चाहिए। यदि गेंहूं जैसा प्रमुख खाद्य पौधा स्वयं अपना उर्वरक बनाने में सक्षम हो जाता है तो यह केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का भी प्रतीक होगा। यह भविष्य की ऐसी तस्वीर है जिसमें किसान, पर्यावरण और उपभोक्ता तीनों लाभान्वित होंगे। अंत में यह कहा जा सकता है कि गेंहूं को इस तरह इंजीनियर करने का लक्ष्य कि वह स्वयं अपना उर्वरक बना सके, मानव इतिहास की सबसे परिवर्तनकारी कृषि उपलब्धियों में से एक बन सकता है। यह विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण और खाद्य सुरक्षा के बीच समन्वय का उदाहरण है। हालांकि यह तकनीक अभी विकास के चरण में है, लेकिन तेजी से हो रहे शोध, वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग और टिकाऊ कृषि की बढ़ती आवश्यकता इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है।

आज हो रहा यह काम भविष्य की पीढ़ियों को एक ऐसे कृषि मॉडल की ओर ले जा सकता है जिसमें फसलें पृथ्वी पर बोझ नहीं बल्कि धरती की जीवनदायिनी प्रणाली के साथ सामंजस्य में काम करें। विज्ञान के जरिए जब प्रकृति के सिद्धांतों को समझकर उनसे प्रेरणा ली जाती है तो संभावनाओं का दायरा व्यापक हो जाता है, और गेंहूं को उर्वरक आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हो रहे प्रयास इसी सच का प्रमाण हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल सुधार की जरूरत

**भारतीय संदर्भ में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 2018 में रोगियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों की एक सूची तैयार की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2019 में इस चार्टर का संक्षिप्त रूप और फिर 2021 में एक समग्र चार्टर सभी राज्य सरकारों को भेजा था जिसमें रोगियों के 20 अधिकारों को शामिल किया गया था। अलबत्ता, अब तक इन अधिकारों पर आधिका. रिक स्तर पर कम ही ध्यान दिया गया है। संपूर्ण रोगी अधिकार चार्टर (कुछ अस्पतालों में अपनाया गया कमजोर संस्करण नहीं) को देश की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इससे रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों को अनुकूल वातावरण में स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सकेगा। ऐसा सुरक्षित माहौल बनाने से रोगियों और प्रदाताओं के बीच आवश्यक विश्वास को फिर से स्थापित करने में मदद मिलेगी।**

कोविड-19 महामारी के दौरान इलाज के लिए भटकते लाखों भारतीयों को दर्दनाक अनुभवों का सामना करना पड़ा था। इसने हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र में दो परस्पर संबंधित परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक तो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और दूसरा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नियमन। चूंकि भारत में स्वास्थ्य सेवा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र के नियंत्रण में है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की कोई भी पहल निजी स्वास्थ्य सेवा को शामिल किए बिना पूरी नहीं हो सकती। गौरतलब है कि फोर्ब्स द्वारा 2024 में जारी अरबपतियों की सूची में 200 भारतीय शामिल हैं। विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है और यह संख्या हर साल बढ़ रही है, खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीजों से अनाप-शनाप शुल्क वसूला जाता है।

यह परिदृश्य जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर-सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है। पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं।

अनोखापन यह है कि इनकी दरें आम तौर पर सार्वजनिक डोमेन में पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। ये दरें एक ही प्रक्रिया या उपचार के लिए बहुत अलग-अलग होती हैं-न केवल एक ही क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में बल्कि एक ही अस्पताल के अंदर विभिन्न रोगियों के लिए भी अलग-अलग हो सकती हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम, 2012 के अनुसार सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को अपनी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है और समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक दरों पर शुल्क लेना भी अनिवार्य है, लेकिन यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कानूनी प्रावधानों के अधिनियमित होने के 12 साल बाद भी इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से स्वास्थ्य सेवा दरों को कानून के अनुसार मानकीकृत करने का आदेश दिया है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवा दरों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दरों के मानकीकरण को उचित तरीके से लागू किया जाए।

यह तकनीकी रूप से संभव भी है। चूंकि हजारों निजी अस्पताल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे बड़े सरकारी कार्यक्रमों के तहत सभी सामान्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मानक दरों पर भुगतान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन उपायों को कानूनी रूप से लागू करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम या राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने वाले अधिक बेहतर अधिनियमों को लागू करते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है। बेतुके स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को रोकने के लिए भी मानक प्रोटोकॉल लागू करना अनिवार्य है। वर्तमान में व्यापारिक उद्देश्यों से ऐसे बेतुके हस्तक्षेपों को व्यापक पैमाने पर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में सिजेरियन डिलीवरी का अनुपात निजी अस्पतालों (48 प्रतिशत) में सरकारी अस्पतालों (14 प्रतिशत) की तुलना में तीन गुना अधिक है। चिकित्सकीय रूप से सीजेरियन प्रक्रिया की दर कुल प्रसवों का 10-15 प्रतिशत अनुशंसित है जबकि निजी अस्पतालों में यह कहीं अधिक होते हैं। उपचार पद्धतियों को तर्कसंगत बनाने और जरूरत से ज्यादा चिकित्सीय प्रक्रियाओं पर अंकुश लगाने से न केवल निजी अस्पतालों द्वारा वसूले जाने वाले भारी-भरकम बिलों में कमी आएगी, बल्कि रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा परिणामों में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा।

**रोगियों के अधिकार**

रोगियों और अस्पतालों के बीच जानकारी और शक्ति की भारी असमानता होती है। इसे देखते हुए रोगियों की सुरक्षा के लिए कुछ अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है। इनमें शामिल हैं-प्रत्येक रोगी को अपने स्वास्थ्य की स्थिति और उपचार की बुनियादी जानकारी प्राप्त करने का अधिकारय चिकित्सा की अपेक्षित लागत तथा उसका मदवार बिल प्राप्त करने का अधिकारय दूसरी राय लेने का अधिकारय पूरी जानकारी के आधार पर सहमति देने का अधिकारय गोपनीयता और औषधियां व नैदानिक परीक्षण के लिए प्रदाता चुनने का अधिकारय और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी अस्पताल किसी भी बहाने से रोगी के शव को रोके न रखे।

# गुणों की खान अश्वगंधा सर्दियों में देता है खास लाभ

इन दिनों वैद्य और सेलिब्रिटीज अश्वगंधा का काफी गुणगान कर रहे हैं। यह औषधीय पौधा हजारों वर्षों से पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद में उपयोग किया जाता रहा है और कुछ वैज्ञानिक अध्ययनों ने भी दर्शाया है कि तनाव, चिंता, अनिद्रा तथा समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन में अश्वगंधा उपयोगी है। इन सबके चलते अश्वगंधा में जिज्ञासा स्वाभाविक है। कहना न होगा कि अश्वगंधा सभी समस्याओं का कोई रामबाण इलाज नहीं है। इस बारे में न्यूयॉर्क स्थित प्रेस्बिटेरियन हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिति पारिख के अनुसार इसकी प्रभाविता व्यक्ति के लक्षण, शरीर की संरचना और चिकित्सा इतिहास के आधार पर अलग-अलग हो सकती है। इसके अलावा इसके गलत उपयोग से प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकते हैं। अश्वगंधा जिसे इंडियन जिनसेंग या इंडियन विंटर चेरी के रूप में भी जाना जाता है, एक सदाबहार झाड़ी है जिसका उपयोग सदियों से विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए किया जाता रहा है। पारिख इसे एक संतुलनकारी बताती हैं।

संतुलनकारी या एडाप्टोजेन ऐसे पदार्थ होते हैं जो शरीर को तनाव के अनुकूल होने और संतुलन बहाल करने में मदद करते हैं और साथ ही सूजन (शोथ) को कम करने, ऊर्जा बढ़ाने, चिंता को कम करने और नींद में सुधार करने में उपयोगी होते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह पौधा अपने सक्रिय घटकों (जैसे एल्केलॉइड, लैक्टोन और स्टेरॉइडल यौगिकों) के माध्यम से शरीर में तनाव प्रतिक्रिया को नियमित करने और शोथ को कम करने का काम करता है। नैसर्गिक रूप से पाए जाने वाले स्टेरॉइड यौगिक विदानोलाइड्स को एंटीऑक्सीडेंट और शोथ-रोधी प्रभावों का धनी माना जाता है।

कई अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि विदानोलाइड्स के सांद्र अर्क सबसे प्रभावी होते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के ओशर सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव हेल्थ की मेलिंडा रिंग के अनुसार यह जैव-सक्रिय घटक कोशिका क्रियाओं को निर्देशित करने वाले संकेतक मार्गों को प्रभावित कर सकते हैं लेकिन इनकी सटीक क्रियाविधि को समझने के लिए अभी भी शोध चल रहे हैं। कई छोटे पैमाने के शोध अश्वगंधा के लाभों का समर्थन करते हैं। भारत में 2021 के दौरान 491 वयस्कों पर किए गए सात अध्ययनों की समीक्षा में पाया गया कि जिन प्रतिभागियों ने अश्वगंधा का सेवन किया उनमें प्लेसिबो (औषधि जैसे दिखने वाले गैर-औषधि पदार्थ) लेने वालों की तुलना में तनाव और चिंता का स्तर काफी कम रहा। भारत में ही 372 वयस्कों पर किए गए पांच अध्ययनों की समीक्षा में नींद की अवधि और गुणवत्ता में मामूली लेकिन उल्लेखनीय सुधार देखा गया। यह खासकर अनिद्रा से पीड़ित लोगों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध हुआ।

इसके अलावा अश्वगंधा की पत्तियों में पाया जाने वाला ट्रायएथिलीन ग्लायकॉल संभावित रूप से GABA रिसेप्टर्स को प्रभावित कर नींद को बढ़ावा देता है, जो तनाव या भय से जुड़ी तंत्रिका कोशिका गतिविधि को अवरुद्ध करके मस्तिष्क में एक शांत प्रभाव पैदा करता है। रिंग यह भी बताती हैं कि अश्वगंधा अर्क नींद से जागने पर बिना किसी गंभीर दुष्प्रभाव के मानसिक सतर्कता में सुधार करता है। कुछ अध्ययन गठिया, यौन स्वास्थ्य, पुरुषों में बांझपन, मधुमेह और एकाग्रता अवधि और स्मृति सुधार में अश्वगंधा को प्रभावी बताते हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश मामलों में और अधिक डैटा की आवश्यकता है।

सुरक्षितता के मामले में यू.एस. नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ की विशेषज्ञ बारबरा सी. सॉर्किन का सुझाव है कि अधिकांश लोगों के लिए लगभग तीन महीने तक अश्वगंधा का सेवन सुरक्षित है, लेकिन गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं, प्रोस्टेट कैंसर पीड़ितों और थायराइड हारमोन की दवाओं का सेवन करने वालों को सावधानी बरतनी चाहिए। अश्वगंधा संभवत: यकृत की समस्याएं पैदा कर सकता है, थायरॉइड ग्रंथि के कार्य को प्रभावित कर सकता है तथा थायरॉइड औषधियों व अन्य दवाओं के साथ अंतर्क्रिया भी कर सकता है। यकृत स्वास्थ्य और हारमोन के स्तर पर इसके प्रभाव को देखते हुए डेनमार्क में तो अश्वगंधा पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया है, लेकिन भारत में इसका काफी अधिक उपयोग किया जा रहा है।

चूंकि यूएस में अश्वगंधा जैसे आहार अनुपूरक का नियमन दवाओं की तरह नहीं किया जाता है, इसलिए अनुपूरकों के वास्तविक घटक और गुणवत्ता पता करना मुश्किल होता है। लेकिन कंज्यूमरलैब जैसी स्वतंत्र प्रयोगशाला संस्थाएं उपभोक्ताओं को गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने वाले ब्रांड पहचानने में मदद कर सकती हैं। बहरहाल, विशेषज्ञ अश्वगंधा के सेवन से पहले डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह देते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह आपकी स्वास्थ्य स्थितियों और दवाओं के साथ उपयुक्त है या नहीं।

**(स्रोत फीचर्स)**



## संक्षिप्त समाचार

### 15 देशों का चीन पर मानवाधिकार हनन का आरोप

**न्यूयॉर्क।** 15 देशों के गठबंधन ने 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति के दौरान चीन पर गंभीर और व्यवस्थित मानवाधिकार हनन का आरोप लगाया है। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे राष्ट्रों ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मानवाधिकार रिकार्ड पर गहरी चिंता जताई। फयूल की एक रिपोर्ट के अनुसार इन्होंने अपने बयान में चीन सरकार पर मनमानी हिरासत, जबरन श्रम, अवैध सामूहिक निगरानी, और धार्मिक/सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर महत्वपूर्ण अंकुश लगाने की निंदा की।

### पोलैंड को अमेरिका से अब्राम्स टैंकों की नई खेप हुई प्राप्त

**वारसॉ।** पोलैंड के उप रक्षा मंत्री पावेल बेजदा ने बताया कि सेना को अमेरिका के 32 एम1ए2 अब्राम्स टैंक की खेप मिलने से रक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। बेजदा ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि यह नवीनतम अब्राम्स टैंकों की चौथी खेप है। वर्तमान में, 32 एम1ए2 टैंक पोलिश बंदरगाह पर उतारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये टैंक पोलिश सशस्त्र समूह के संयंत्र में संशोधित किए जाने के बाद सेवा में शामिल किए जाएंगे।

### ताकाइची से ताइवान संबंधी टिप्पणी वापस लेने का आग्रह

**टोक्यो।** जापान के कई विपक्षी दलों के नेताओं ने ताइवान पर प्रधानमंत्री साने ताकाइची की हालिया अनुचित टिप्पणियों की तीखी आलोचना की है और उनसे जापान-चीन संबंधों को और नुकसान से बचाने के लिए अपनी टिप्पणी वापस लेने का आग्रह किया है। जापान की संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी के नीति प्रमुख, सातोशी होंजो ने एक टीवी कार्यक्रम में कहा कि सुताकाइची के बयानों से जापानी कानून के तहत 'अस्तित्व के लिए खतरा' वाली स्थिति की अपर्याप्त समझ का पता चलता है।

### होंडुरास में राष्ट्रपति की दौड़ में कांटे का टक्कर

**टेगुसिंगल्पा।** होंडुरस में राष्ट्रपति पद के लिए मतों की गिनती बराबरी पर बनी हुई है। मतदाताओं ने सोमवार को राष्ट्रपति, राष्ट्रीय कांग्रेस के 128 सदस्यों और संसद के 20 प्रतिनिधियों को चुनने के लिए वोट डाले। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को 57.03 प्रतिशत वोटों की गिनती होने तक, नेशनल पार्टी के उम्मीदवार नसरी असफुरा को 749022 मत मिले, जो वैध मतपत्रों का 39.91 प्रतिशत है। उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी लिबरल पार्टी ऑफ होंडुरास के सल्वाडोर नसरल्ला को 748507 मत मिले और वह असफुरा के पीछे हैं। यह अंतर केवल 515 मतों का है।

# भारत ने इंसानियत के नाते पाक के लिए एयरस्पेस खोला

## मदद लेकर श्रीलंका जाएगा विमान, पहलगाम हमले के समय बंद किया था

**नई दिल्ली।** भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की ओवरफ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई। ओवरफ्लाइट यानी, जब कोई विदेशी विमान किसी देश की सीमा के ऊपर से गुजरता है, लेकिन वहां लैंड नहीं करता, तो उसे ओवरफ्लाइट कहते हैं।



पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी

सरकार की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी। पाकिस्तान ने 1 दिसम्बर को ही ओवरफ्लाइट इजाजत मांगी थी। इसका मकसद श्रीलंका को मानवीय मदद देना बताया गया। इसे देखते हुए भारत ने बहुत तेजी से रिक्वेस्ट प्रोसेस की। इस दौरान सोमवार को 5.30 बजे आधिकारिक चैनलों के जरिए पाकिस्तानी विमान को भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजरने की परमिशन दी गई। इसकी जानकारी पाकिस्तान सरकार को दे दी गई। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया था। इसके कारण पहले पाकिस्तान ने फिर भारत ने अपना एयरस्पेस एक-दूसरे के विमानों के लिए बंद कर दिया। अधिकारियों का यह बयान तब आया जब पाकिस्तानी मीडिया ने कहा कि नई दिल्ली ने ओवरफ्लाइट के लिए अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल करने की इजाजत देने से मना कर दिया है। अधिकारियों ने इन आरोपों को बेबुनियाद और गुमराह करने वाला बताया। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि यह मंजूरी पूरी तरह से मानवीय कदम था। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना एयरस्पेस बंद रखा है इसके बावजूद भारत ने विमान गुजरने की मंजूरी दी। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों में तनाव बढ़ गया था। भारत ने 30 अप्रैल 2025 से पाकिस्तान में रजिस्टर्ड और आपरेट होने वाले विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद करने का निर्देश जारी किया। यह कदम तब उठाया गया, जब दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने 24 अप्रैल 2025 को खुद भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान एयरस्पेस बंद करने से पहले, रोजाना 100/150 भारतीय विमान पाकिस्तानी एयरस्पेस से गुजरते थे। साइक्लोन दितवाह की वजह से श्रीलंका में भारी बाढ़ आई है। श्रीलंका में कम से कम 334 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं। भारत ने साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को 53 टन राहत सामग्री भेजी है। कोलंबो में इंडियन नेवी के दो जहाज से 9.5 टन इमरजेंसी राशन भेजा गया है। इनमें टेंट, तिरपाल, कंबल, हाइजीन किट, रेडी-टू-ईट खाने की चीजें, दवाइयां और सर्जिकल इक्विपमेंट समेत 31.5 टन और राहत सामग्री एयरलिफ्ट करने के लिए इंडियन एयर फोर्स के तीन एयरक्राफ्ट तैनात हैं। साथ ही पांच लोगों की मेडिकल टीम, एनडीआरएफ की 80 लोगों की स्पेशल टीम भी भेजी हैं। इसके अलावा, नई दिल्ली ने इंडियन नेवी के जहाज सुकन्या (त्रिंकोमाली में) पर 12 टन और राहत सामग्री भेजी है, जिससे कुल सामग्री 53 टन हो गई है।



चेन्नई। चक्रवात दित्वा के बाद जलमग्न सड़क पर सब्जी बेचता एक व्यक्ति।

### मलेशिया में तीन जापानी नागरिक गांजे की तस्करी में शामिल

**कुआलालंपुर।** मलेशियाई सीमा शुल्क अधिकारियों ने जापान के तीन लोगों पर 40 किलो से अधिक गांजे की तस्करी के प्रयास के आरोप सोमवार को आरोप लगाए। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों में हिरोशिमा प्रांत के वतारू मात्सुकी (42) और ओसाका प्रांत के रयोता युआसा (32) तथा एक 19 वर्षीय व्यक्ति शामिल हैं। कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क जांच के दौरान तीनों के सूटकेस से गांजे की बरामदगी की गई। इसका कुल मूल्य 16 करोड़ जापानी एन आंका गया था। इन तीनों को गत 18 नवम्बर को बैंकॉक से कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद हिरासत में ले लिया गया था।

# मुश्किल समय में श्रीलंका का सहारा बना भारत

**कोलंबो।** श्रीलंका इन दिनों चक्रवात 'दित्वाह' से हुई भारी तबाही से जूझ रहा है। देश में लगातार हो रही बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों को पूरी तरह काट दिया है। ऐसी भयावह स्थिति में श्रीलंका के लिए भारत का राहत अभियान सबसे बड़ी उम्मीद बनकर उभरा है।

बाढ़ और भूस्खलन से जूझते कई इलाकों में हालात बेहद गंभीर हैं, वहीं भारतीय एनडीआरएफ टीम ने पुत्तलम जिले में मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए नौ महीने की गर्भवती महिला को सुरक्षित बचाकर तत्काल चिकित्सा सहायता पहुंचाई। बता दें कि 'चक्रवात दित्वाह' के चलते श्रीलंका में लगातार हो रही बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों को पूरी तरह काट दिया है। कई स्थानों पर सड़कें टूट गई हैं और राहत पहुंचाना मुश्किल हो गया है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि 16 नवंबर से अब तक 390 लोगों की मौत हो चुकी है और 352 लोग लापता हैं। ऐसे में भारत ने एक अच्छे पड़ोसी होने का परिचय देते हुए मदद का हाथ आगे बढ़ाया और श्रीलंका की मदद के लिए बड़ा राहत अभियान चलाया है, जिसे आपरेशन 'सागर बंधु' नाम दिया गया है।

एनडीआरएफ ने नौ महीने की गर्भवती महिला को दिया नया जीवन

# पाक ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेजी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेज दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलंका में आए साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए पाकिस्तान ने मदद भेजी थी, लेकिन उन फूड पैकेट पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 थी।

बाढ़ राहत के लिए भेजे गए फूड पैकेट की तस्वीर वायरल, इस पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 लिखा हुआ

पाकिस्तान ने पानी, दूध पाउडर और आटे सहित कई पैकेट भेजे थे। पाकिस्तान हाई कमीशन श्रीलंका ने 30 नवम्बर को सोशल मीडिया एक्स पर इससे जुड़ा एक पोस्ट किया था। इसमें राहत सामग्री की तस्वीर भी जारी की गई, जिसमें एक्सपायरी डेट लिखी नजर आ रही है। ये पोस्ट वायरल हो रहा है, कई यूजर्स पाकिस्तान की आलोचना कर रहे हैं। हालांकि अब तक पाकिस्तान का रिएक्शन सामने नहीं आया है। श्रीलंका साइक्लोन दितवाह की वजह से भारी बाढ़ का सामना कर रहा है। इससे 390 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं। बाढ़ के कारण 2 लाख से ज्यादा लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रहने को मजबूर हो गए हैं। बाढ़ के चलते श्रीलंका बिजली कटौती का सामना कर रहा है, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले भी पाकिस्तान रिलीफ मटेरियल को लेकर विवादों में रह चुका है। साल 2022 में तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इस दौरान पाकिस्तान ने तुर्की को उसी का भेजा रिलीफ मटेरियल वापस पैक करके भेज दिया था। दरअसल, साल 2021 में पाकिस्तान में बाढ़ के बाद तुर्की ने मदद भेजी थी। तुर्की ने इस हरकत के लिए पाकिस्तान को फटकार भी लगाई थी। तुर्की और सीरिया में भूकंप से 47 हजार लोगों की मौत हुई थी। भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की फ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दी। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई।

# खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक

## चीन से बांग्लादेश पहुंची डॉक्टरों की विशेष टीम, अस्पताल के बाहर सुरक्षा भी बढ़ाई गई

**ढाका।** बांग्लादेश की तीन बार की प्रधानमंत्री और राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक स्थिति में है। उन्हें इलाज के लिए ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



80 वर्षीय खालिदा जिया को 23 नवम्बर को दिल और फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था

ऐसे में और बिगड़ते हालात को देखते हुए चीन की पांच सदस्यीय विशेषज्ञ टीम सोमवार को ढाका पहुंची और रात में अस्पताल में इलाज की प्रक्रिया में शामिल हो गई। इस टीम ने अस्पताल के चिकित्सा बोर्ड से बैठक की, जिसमें उनके स्वास्थ्य के बारे में चर्चा हुई। अस्पताल के हृदय विशेषज्ञ और बोर्ड के प्रमुख डा शाहाबुद्दिन तालुकदार ने बताया कि खालिदा जिया की हालत स्थिर नहीं है और वह फिलहाल विदेश में इलाज के लिए यात्रा करने योग्य नहीं हैं। बता दें कि 80 वर्षीय खालिदा जिया को 23 नवम्बर को दिल और फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आने के बाद उन्हें चार दिन बाद कोरोनरी केयर यूनिट में शिफ्ट किया गया। रविवार रात से उन्हें वेंटिलेशन पर रखा गया है। दूसरी ओर बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए अस्पताल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने अस्पताल के मुख्य गेट पर बैरिकेड लगाकर मरीजों की आवाजाही और सुरक्षा को नियंत्रित किया है। खालिदा जिया के चारों ओर सभी आसपास के कमरे खाली करवा दिए गए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उन्हें बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति घोषित किया है। इसके बाद स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) के जवान अस्पताल में तैनात किए गए। खालिदा जिया के स्वास्थ्य को लेकर बीएनपी उपाध्यक्ष एडवोकेट अहमद आजम खान ने बताया कि खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक है। उन्होंने कहा कि अब कुछ करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है, बस पूरे देश से दुआ की अपील है।

# पूर्वव्यापी हमले वाले बयान पर भड़का रूस

**मास्को।** रूस ने नाटो के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी द्वारा मास्को पर संभावित पूर्वव्यापी हमले की अनुमति संबंधी टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मास्को ने इसे बेहद गैर-जिम्मेदाराना बयान बताया है और कहा है कि ऐसे वक्तव्य सीधे तौर पर यूरोप और पश्चिमी देशों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।

पश्चिमी देशों को दी चेतावनी, तनाव बढ़ने की आशंका, यूक्रेन संकट समाधान की कोशिशों को नुकसान

रूस के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि ऐसी भाषा न केवल तनाव बढ़ाती है बल्कि यूक्रेन संकट को सुलझाने की मौजूदा कोशिशों को भी कमजोर करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यह प्रतिक्रिया नाटो मिलिट्री कमेटी के चेयर और इटली के एडमिरल ग्यूसेप्पे कैवो ड्रागोने के उस इंटरव्यू पर दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कुछ परिस्थितियों में रूस पर पूर्वव्यापी हमले को डिफेंसिव एक्शन माना जा सकता है। यह इंटरव्यू लंदन की फाइनेंशियल टाइम्स को दिया गया था। जखारोवा ने कहा कि ड्रागोने का बयान पूरी तरह उकसाने वाला है और इसे नाटो की रूस के खिलाफ आक्रामक नीति के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए।

# पाक सरकार ने इमरान समर्थकों के सामने टेके घुटने

## पाकिसतान के पूर्व पीएम की बहन उजमा खातून को जेल में मुलाकात की इजाजत मिली

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार को इमरान खान की बहन को जेल में उनसे मिलने की इजाजत दे दी है। सरकार की ओर से यह फैसला तब लिया गया है जब उनकी सेहत को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बाद रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक जमा हो गए थे। 73 साल के पूर्व क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में हैं।



73 साल के पूर्व क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में हैं

पिछले एक महीने से उनसे किसी को मिलने की इजाजत नहीं दी गई है। लंबे समय से इमरान खान से उनके परिजनों को पाकिस्तान सरकार मिलने नहीं दे रही थी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख से उनके परिवारवालों के लगातार मिलने से मना करने के कारण सोशल मीडिया पर यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह जिंदा हैं या मर गए। हालांकि अदियाला जेल अधिकारियों ने दावा किया कि उनकी सेहत अच्छी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान खान को लगभग एक महीने बाद उनकी बहन डा. उजमा खान से मिलने की इजाजत दी गई है। बताया जा रहा है कि जेल प्रशासन ने डा. उजमा को जेल परिसर के अंदर बुलाया है। जहां वह इमरान खान से मुलाकात करेंगी। अदियाला जेल के बाहर इमरान खान के समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद हैं। बहन से मुलाकात के बाद इमरान खान की सेहत की जानकारी सामने आएगी। वहीं दूसरी ओर पीटीआई ने एक बयान में कहा कि इमरान खान की एक बहन डा. उजमा खान को उनसे मिलने की इजाजत दी गई, लेकिन देखते हैं कि सरकार अपना वादा पूरा करती है या नहीं। इस बीच, पंजाब सरकार ने पीटीआई के विरोध को रोकने के लिए अदियाला रोड पर पूरी रावलपिंडी पुलिस फोर्स तैनात कर दी। सरकार ने पहले ही रावलपिंडी और इस्लामाबाद में धारा 144 लगा दी है। रावलपिंडी के आठ पुलिस स्टेशनों के स्टेशन हाउस आफिसर और सीनियर अधिकारी अदियाला जेल के बाहर मौजूद हैं। पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने बताया, आठ किलोमीटर का इलाका पूरी तरह से सील कर दिया गया है।


### भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा रूस: पेस्कोव

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले उनके प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि भारत के साथ व्यापार असंतुलन के बारे में रूस अवगत है और उनका देश भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा है। पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूस की सरकारी समाचार एजेंसी स्पूतनिक द्वारा यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह भी कहा कि पुतिन सरकार डॉलर से इतर व्यापार के विकल्प के समर्थन में है। उन्होंने रूसी तेल की बिक्री पर अमेरिकी प्रतिबंध को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि इस समय दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 63 अरब डॉलर का है जिसे साल 2030 तक बढ़ाकर 100 अरब डॉलर का करने का लक्ष्य है।

# वेनेजुएला पीएम मादुरो को ट्रम्प की चेतावनी

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने फोन करके कहा: देश छोड़ दें, अमेरिका-वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव एक बार फिर खतरे की रेखा पार करता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से फोन पर बात की और उन्हें तीखा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि वह तुरंत देश नहीं छोड़ते, तो हालात और गंभीर हो जाएंगे।



अमेरिका ने मादुरो उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस और उनके बेटे को सुरक्षित रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था

ट्रम्प की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब कैरेबियन क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ चुकी है और दोनों देशों के रिश्ते पहले से ही बेहद तनावपूर्ण हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, फोन काल के दौरान ट्रम्प ने मादुरो से साफ कहा कि आप खुद को और अपने करीबियों को बचा सकते हैं, लेकिन आपको अभी देश छोड़ना होगा। अमेरिका ने मादुरो, उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस और उनके बेटे को सुरक्षित रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था। यह प्रस्ताव मादुरो के कई शीर्ष सहयोगियों तक भी बढ़ाया गया था। लेकिन मादुरो ने इसे ठुकरा दिया। वेनेजुएला की तरफ से दो मुख्य मांगें रखी गईं। पहली, मादुरो और उनके करीबी सर्कल के लिए वैश्विक माफी और दूसरी, वेनेजुएला की सेना पर पूरा नियंत्रण बनाए रखने का अधिकार। अमेरिका ने इन दोनों मांगों को मंजूर करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद बातचीत पूरी तरह टूट गई। ट्रम्प ने रविवार को स्वीकार किया कि उन्होंने हाल ही में मादुरो से बात की है, लेकिन उन्होंने बातचीत की प्रकृति पर कोई जानकारी देने से मना कर दिया। इसके कुछ ही घंटे बाद उन्होंने दुनिया को चेतावनी दी कि वेनेजुएला का एयरस्पेस पूरी तरह बंद माना जाए। उनकी इस घोषणा के तुरंत बाद अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों ने वेनेजुएला के ऊपर से उड़ान भरना बंद कर दिया। फ्लाइटराडार 24 के मुताबिक, देश के ऊपर एक भी विदेशी विमान नहीं देखा गया। कुछ एयरलाइंस ने वैकल्पिक रास्ते अपनाए, जबकि कई ने सेवाएं रोक दीं। रिपोर्ट के अनुसार, काल 16 नवम्बर को हुई थी। इसमें मादुरो ने दो बड़े आश्वासन मांगे पहला, कि उन्हें और उनकी टीम को किसी भी मौजूदा आरोपों से वैश्विक स्तर पर पूरी तरह माफी मिले। दूसरा, वेनेजुएला की सेना पर उनका नियंत्रण बना रहे, भले ही भविष्य में देश में स्वतंत्र चुनाव हों। अमेरिका ने इन दोनों शर्तों को सख्ती से खारिज कर दिया और कहा कि मादुरो को पद तुरंत छोड़ना होगा। बताया गया कि मादुरो सरकार ने अमेरिकी प्रशासन से दोबारा बातचीत की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति मादुरो और उनकी शासन व्यवस्था पर अब तक का सबसे बड़ा दबाव बना रही है।

